www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:13 सूर्यास्त 5:35

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.06 न्यू | 14.08 अधि |
| धर्मशाला | 7.02 न्यू | 18.02 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72240.26 |
| निफ्टी | 21731.40 |
| सोना | 63970 |
| चांदी | 78600 |

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

# अनंत ज्ञान

2024

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | सोमवार, 1 जनवरी 2024 | 17 पौष, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 14 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए

नए साल का जश्न मनाने लोह की रॉड और डंडों के साथ पहुंचे पर्यटक...पेज 3




शिमला के रिज मैदान पर रविवार को नववर्ष 2024 का जश्न मनाने के लिए हिमाचल समेत पड़ोसी राज्यों से हजारों पर्यटक जुटे। रिज पर पहली बार विंटर कार्निवाल का भी आयोजन हुआ। पर्यटकों के मनोरंजन के लिए प्रशासन ने खास इंतजाम किए थे। डीजे पर लोग जमकर थिरके और पहाड़ी नाटियों का भी दौर चलता रहा। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने भी समां बांधा। लोगों के खाने-पीने के लिए मालरोड व अन्य शहरों के तमाम ढाबे, होटल और रेस्टोरेंट रात भर खुले रहे। फोटो : प्रदीप कुमार

# रामलला के अयोध्या में विराजने पर पांच लाख मंदिरों में होगा आनंदोत्सव

अनंत ज्ञान विशेष



**अयोध्या** में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बसे भारतीयों में भी इस भव्य आयोजन को लेकर भारी उत्साह है।




रामलला के लिए देश-विदेश से भक्त उपहार भेजेंगे। वहीं, कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी अपनी तैयारी तेज कर दी है। पूजित अक्षत गांवों के मंदिरों तक पहुंचा दिए गए हैं।

विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष कामेश्वर चौपाल के अनुसार, देशभर में करीब पांच लाख गांवों के मंदिरों में आनंदोत्सव की तैयारी और शाम को दीपोत्सव के आयोजन के लिए संघ परिवार की समितियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं एक जनवरी से 15 जनवरी तक महासंपर्क अभियान चलेगा। इसके तहत 11 करोड़ परिवारों से संपर्क कर 60 करोड़ लोगों को पूजित अक्षत देकर उन्हें रामलला के दर्शन के लिए आमंत्रित किया जाएगा। दूसरी ओर प्राण-प्रतिष्ठा पर देशभर से उपहार भेजने की सूचना ट्रस्ट को मिली है। इसके अलावा नेपाल के जनकपुर से भी उपहार भेजे जाएंगे।

### रामलला को मिलेगी ये भेंट

**1100** उपहारों से सजे थाल भगवान राम की ससुराल नेपाल के जनकपुर से आएंगे, जिनमें वस्त्र, फल और मेवे होंगे

**51** प्रकार की मिठाइयां, दही, मक्खन और चांदी के बर्तनों के साथ नेपाल से आभूषण, बर्तन, कपड़े आएंगे

**21** किलो का अष्टधातु का घंटा उत्तर प्रदेश के एटा जिले से रामलला के दरबार में आएगा

**3** हजार क्विंटल चावल रामलला के विशेष भोग के लिए ननिहाल छत्तीसगढ़ के जिलों से एकत्र किए।

**9** हवन कुंड और मुख्य मंदिर के सामने 60-60 फुट के दो मंडल बनेंगे।

**108** फुट लंबी अगरबत्ती प्राण प्रतिष्ठा के लिए गुजरात के वडोदरा से आएगी।

- 3500 वजन किलो की इस अगरबत्ती को पंचगव्य और हवन सामग्री के साथ गाय के गोबर से बनाया है। यह लगातार डेढ़ महीने तक चलेगी।
- दो करोड़ की धनराशि और पांच लाख का स्वर्ण जड़ित कोदंड तीर-धनुष महाबीर ट्रस्ट पटना दे रहा।

### नेपाल की 16 नदियों के जल से होगा रामलाल का अभिषेक

**प्रभु** श्रीराम की ससुराल नेपाल से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पवित्र नदियों का जल अयोध्या पहुंच गया है। कारसेवकपुरम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने जल भरे कलश की आरती व पूजा की। नेपाल की बागमती, नारायणी, गंगा सागर, दूधमति, काली, गंडकी, कोशी, कमला सहित 16 नदियों का जल आया है।



## न्यूज शॉर्ट्स

### इंडोनेशिया में भूकंप के झटके, 6.4 रही तीव्रता



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत पापुआ में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भू-भौतिकी एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.4 मापी गई, लेकिन सुनामी आने की कोई संभावना नहीं है।

### पाक के बलूचिस्तान प्रांत में पांच आतंकवादी मार गिराए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के मशकई इलाके में सुरक्षा अभियान चलाकर पांच आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि सुरक्षा बलों के ऑपरेशन में पांच आतंकवादी मारे गए। यह ऑपरेशन खुफिया जानकारी के आधार पर चलाया गया था। हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया है।

### महाराष्ट्र में फैक्टरी में आग लगने से छह लोगों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में वालुज एमआईडीसी में शनिवार देर रात को हैंड ग्लव्स बनाने वाली फैक्टरी में आग लग गई, जिससे छह लोगों की मौत हो गई। फायर ब्रिगेड के जवानों ने रविवार सुबह आग पर काबू पाया। कंपनी में करीब 13 मजदूर काम कर रहे थे। सात मजदूर किसी तरह बाहर निकले, लेकिन छह मजदूर बाहर नहीं निकल पाए।

# क्रिप्टो करंसी मामले में आरोपियों की 20 करोड़ की संपत्ति सीज

## जल्द चार और आरोपियों के खिलाफ शिकंजा कसेगी पुलिस, दो अभी गिरफ्त से बाहर

अरविंद शर्मा, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में क्रिप्टो करंसी ठगी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसआईटी ने आरोपियों की 20 करोड़ रुपए की संपत्ति सीज की है।

- सातों आरोपियों की संपत्तियों को खंगालना किया शुरू

ये संपत्तियां आरोपी सुभाष, सुखदेव, हेमराज और अन्य आरोपियों की हैं। इससे पहले पुलिस ने एक करोड़ रुपए की संपत्ति सीज की थी। क्रिप्टो करंसी ठगी मामले में एक लाख लोगों की अढ़ाई लाख आईडी से ट्रांजेक्शन की जानकारी सामने आई है। एसआईटी ने गिरफ्तार सात आरोपियों की संपत्तियों को भी खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस राजस्व विभाग और आयकर विभाग से रिकॉर्ड जुटा रही है। (अनंत ज्ञान)

### अब तक पुलिस ने 19 अरेस्ट किए मुख्य आरोपी दुबई में छिपा

**एसआईटी** जल्द ही चार और आरोपियों पर शिकंजा कसने जा रही है। जांच टीम गिरफ्तार आरोपियों से उनके बारे में पूरी डिटेल एकत्र कर रही है। मुख्य आरोपी सुभाष और ऊना का अभिषेक अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। सुभाष दुबई में छिपा है और उसे हिमाचल लाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। विदेश मंत्रालय से इस बारे में लिखित विचार-विमर्श चल रहा है। विधानसभा में क्रिप्टो करंसी के नाम पर ठगी का मामला सामने आने के बाद सरकार ने जांच के लिए एसआईटी गठित की है। डीआईजी अभिषेक दुल्लर के नेतृत्व में एसआईटी जांच कर रही है। अब तक 19 आरोपी पकड़े जा चुके हैं।

### सीबीआई भी कर रही जांच

**हिमाचल** में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद सीबीआई भी इस मामले की जांच कर रही है। केंद्रीय एजेंसियां लगातार एसआईटी के प्रमुख डीआईजी अभिषेक दुल्लर के साथ संपर्क बनाए हुए हैं। क्रिप्टो करंसी ठगी मामले में कई लोगों से पूछताछ हुई है।

## 'तहरीक-ए-हुर्रियत' को किया आतंकी संगठन घोषित

एजेंसी, नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने अब जम्मू-कश्मीर के तहरीक-ए-हुर्रियत संगठन को आतंकी संगठन घोषित कर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार ने यूएपीए कानून के तहत यह कार्रवाई की है।



- गृह मंत्री बोले आतंकवादी गतिविधियों में रहा शामिल

इस संगठन के ऊपर जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद, आतंकवाद और भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप हैं। तहरीक-ए-हुर्रियत जम्मू-कश्मीर एक अलगाववादी राजनीतिक दल था, जिसकी स्थापना अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी ने की थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जानकारी दी कि कश्मीरी अलगाववादी पार्टी तहरीक-ए-हुर्रियत जम्मू-कश्मीर को गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया है।

यह संगठन जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने और इस्लामिक शासन स्थापित करने की निषिद्ध गतिविधियों में शामिल है।

## सस्ती दरों पर बागवानी उपकरण और कीटनाशक मिलेंगे : सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार बागवानी क्षेत्र को सुदृढ़ करने और बागवानों की आय बढ़ाने की दिशा में कई निर्णय ले रही है।

प्रदेश सरकार पहली जनवरी से बागवानी उपज विपणन एवं प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) के माध्यम से सस्ती दरों पर बागवानी उपकरण, खाद और कीटनाशक उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि एचपीएमसी ने अपने मुनाफे को 15 प्रतिशत से घटाकर नौ प्रतिशत किया है, जिससे सेब उत्पादकों की सस्ते व गुणात्मक उत्पादों तक पहुंच संभव हुई है।

### राज्यपाल और सीएम ने दी नववर्ष की बधाई





**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को नववर्ष 2024 की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल व सीएम ने आशा व्यक्त की कि नववर्ष प्रदेशवासियों के जीवन में खुशी लाएगा और प्रदेश विकास के सभी क्षेत्रों में प्रगति करेगा।

## जो देश इनोवेशन को महत्व नहीं देता, उसका रुक जाता है विकास

**मन की बात**

- भारत आज आत्मनिर्भरता से ओत-प्रोत : मोदी

- अयोध्या श्रीराम मंदिर को लेकर पूरे देश में उत्साह
- 108वें एपिसोड में देशवासियों को नववर्ष की बधाई
- वर्ष 2023 की महत्वपूर्ण घटनाओं को किया याद
- वैज्ञानिकों व खिलाड़ियों ने किया देश का नाम रोशन

एजेंसी, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को वर्ष 2023 के आखिरी 'मन की बात' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वर्ष 2024 के लिए देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि वे इस वर्ष में फिटनेस से जुड़ा संकल्प धारण करें।



फिट इंडिया जैसे मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत आज आत्मनिर्भरता से ओत-प्रोत है। दिवाली में हुए कारोबार ने यह साबित किया कि लोग वोकल फॉर लोकल पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो देश इनोवेशन को महत्व नहीं देता, उसका विकास रुक जाता है। हमारे देश के वैज्ञानिकों ने देश का नाम रोशन किया है। खेल जगत में हमारे देश के एथलीट और क्रिकेटर्स ने देशवासियों का दिल जीत लिया। प्रधानमंत्री ने अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर का जिक्र किया।

108वें एपिसोड को अपने लिए खास बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर को लेकर पूरे देश में उत्साह और उमंग है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए सोशल मीडिया पर हैशटैग श्रीराम भजन के साथ गीत, भजन और कविताएं साझा करने के लिए भी कहा। 2024 में भी 2023 की तरह की ही भावना और गति को बनाए रखने का आह्वान किया।

### 108 अंक का विशेष महत्व

पीएम ने 108वें एपिसोड को अपने लिए खास बताते हुए कहा कि आज हमारी साझा यात्रा का 108वां एपिसोड है। हमारे यहां 108 अंक का महत्व, उसकी पवित्रता एक गहन अध्ययन का विषय है। माला में 108 मन के, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियां, 108 घंटियां, 108 का यह अंक असीम आस्था से जुड़ा हुआ है, इसलिए मन की बात का 108वां एपिसोड उनके लिए और खास हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का इनोवेशन हब बनना, इस बात का प्रतीक है कि हम रुकने वाले नहीं हैं।

**फिट इंडिया पर जोर :** पीएम मोदी ने फिट इंडिया का जिक्र करते हुए कहा कि हर दिन सात घंटे की पूरी नींद शरीर के लिए बहुत जरूरी है और फिट रहने के लिए मदद करती है।

## टॉप स्टोरीज

ऊना ट्रिप्पल आईटी के कई मामले सवालों के घेरे में ...पेज 3

पांच जहाजों के साथ लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8 आई विमान तैनात ...पेज 15

केपटाउन में होगी भारतीय तेज गेंदबाजों की असली परीक्षा ...पेज 15

एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634



ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय

98162-32526, 98160-10065

## न्यू ईयर के पहले दिन होगी कैबिनेट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नए साल के पहले दिन ही कैबिनेट बुलाई है। पहली जनवरी को दोपहर बाद राज्य सचिवालय में यह बैठक होगी। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना भी चीफ सेक्रेटरी कॉन्फ्रेंस के कारण शिमला से बाहर थे और उनके साथ प्रधान सचिव राजस्व ओंकार चंद शर्मा, स्वास्थ्य सचिव एम सुधा देवी और शिक्षा सचिव राकेश कंवर भी गए थे, इसलिए इन तीन विभागों के एजेंडा पर भी अभी काम नहीं हुआ है और सिर्फ संडे बाकी है।



कैबिनेट की इस बैठक में मुख्यतः अधीनस्थ चयन बोर्ड को सुचारु ढग से चलाने के निए स्टाफ की नियुक्तियों व बोर्ड के अध्यक्ष पर भी चर्चा की जा सकती है। कैबिनेट की इस बैठक में मुख्यमंत्री नई भर्तियों को लेकर फोकस कर सकते हैं। विंटर सेशन में सदन के भीतर वहां 20000 नौकरियां 31 मार्च, 2024 से पहले करने की घोषणा कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू को जनवरी के पहले हफ्ते में ही दिल्ली भी जाना है और केंद्र सरकार में हिमाचल के मुद्दों पर बात करनी है।

**तैयारी** नववर्ष पर इसरो करेगा एक्स-रे पोलरिमीटर सैटेलाइट मिशन को लांच

# सूरज-चांद के बाद अब ब्लैक होल के खुलेंगे राज

एजेंसी, नई दिल्ली

**पहली** जनवरी को जब पूरी दुनिया नए साल 2024 के आगमन के उत्साह में डूबी होगी, तब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो एक नया इतिहास रचकर दुनियाभर को चौंकाएगा।

चंद्रयान-3 और सूर्य मिशन के बाद अब इसरो एक्स-रे पोलरिमीटर सैटेलाइट लांच करेगा। इसरो इस मिशन की सहायता से स्थायी रहस्यों में से एक 'ब्लैक होल' के बारे में रिसर्च करेगा। इस लांचिंग के बाद भारत एक एडवांस्ड एस्ट्रोनॉमी ऑब्जर्वेटरी लांच करने वाला दूसरा देश बन जाएगा।




### एक साल से भी कम समय में तीसरा मिशन होगा लांच

**ब्रह्मांड** की खोज में एक साल से भी कम समय में यह भारत का तीसरा मिशन है। जब सबसे बड़े तारों का ईंधन खत्म हो जाता है और वे 'मर जाते हैं', तो वे अपने गुरुत्वाकर्षण के कारण नष्ट हो जाते हैं और अपने पीछे ब्लैक होल या न्यूट्रॉन तारे छोड़ जाते हैं। भारत का उपग्रह, जिसका नाम एक्सपीओएसएटी या एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट है, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के विश्वसनीय रॉकेट, पोलर सैटेलाइट लांच व्हीकल से लांच किया जाएगा।

### मिशन तारकीय अवशेषों को समझने की कोशिश

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे के खगोल भौतिकीविद् डॉ. वरुण भालेराव ने कहा कि नासा के 2021 के इमेजिंग एक्स-रे पोलारिमीटर एक्सप्लोरर या आईएक्सपीई नामक मिशन के बाद यह दूसरा मिशन है। मिशन तारकीय अवशेषों या ब्लैक होल समझने की कोशिश करेगा। एक्स-रे फोटॉन और विशेष रूप से उनके ध्रुवीकरण का उपयोग करके, एक्सपीओएसएटी ब्लैक होल और न्यूट्रॉन सितारों के पास से विकिरण का अध्ययन करने में मदद करेगा।

### दुनिया का दूसरा मिशन

**यह** मिशन न केवल भारत का पहला समर्पित पोलरिमीटर मिशन है, बल्कि 2021 में लांच किए गए नासा के इमेजिंग एक्स-रे पोलरिमीटर सैटेलाइटके बाद दुनिया का दूसरा मिशन भी है। सैटेलाइट में दो मुख्य पेलोड होंगे, जो बेंगलुरु स्थित रमन रिसर्च इंस्टिट्यूट की ओर से विकसित किए गए हैं और दूसरा इसरो के यूआर राव सैटेलाइट सेंटर इसरो की ओर से विकसित किया गया है।

## अरविंद पनगढ़िया बने 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में सोलहवें वित्त आयोग का गठन किया है। वहीं, ऋत्विक रंजनम पांडे को आयोग का सचिव बनाया गया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति की मंजूरी से संविधान के अनुच्छेद 280 (1) के तहत 16वें वित्त आयोग का गठन किया गया है। 16वें वित्त आयोग के सदस्यों की जानकारी अलग से दी जाएगी।



मंत्रालय के अनुसार, वित्त आयोग केंद्र और राज्यों के बीच कर आय का वितरण, भारत की संचित निधि से राज्यों के राजस्व के सहायता अनुदान और राज्यों को उनके राजस्व के सहायता अनुदान के जरिए भुगतान की जाने वाली राशि को नियंत्रित करने वाले सिद्धांत को लेकर सिफारिशें देगा। साथ ही राज्य में पंचायतों व नगर पालिकाओं के संसाधनों की पूर्ति के लिए राज्य की समेकित निधि को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय से संबंधित सिफारिशें भी करेगा।

## देश में कोरोना के 841 नए मामले, तीन की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 841 नए केस सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, यह संख्या पिछले 227 दिनों में सबसे अधिक है। इससे पहले 19 मई को 865 मामले दर्ज किए गए थे। केरल, कर्नाटक और बिहार में तीन लोगों की मौत हुई है। एक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 4,309 पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देशभर में कोरोना के शुरू होने के बाद से अब तक संक्रमण के 4.5 करोड़ केस सामने आए हैं, वहीं 5.3 लाख लोगों की मौत चुकी है। कोरोना से ठीक होने वालों की संख्या 4.4 करोड़ से पार हो गई है। नेशनल रिकवरी रेट 98.81 फीसदी है।



**वायरस के नए वेरिएंट जेएन-1 के 162 मामले :** कोरोना के नए वेरिएंट के अब तक कुल 162 मामले आए हैं। केरल में सबसे अधिक 83 लोग संक्रमित हैं, जबकि 34 मामलों के साथ गुजरात दूसरे स्थान पर है। वहीं, कई राज्यों ने पिछले कुछ हफ्तों में कोविड के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। नौ राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों ने अब तक नए वेरिएंट जेएन-1 से संक्रमण की पुष्टि की है।

**आभार**

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा नव वर्ष 2024 के आगमन पर प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा करता हूं भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

**अरविंद शर्मा**
स्टेट ब्यूरो चीफ शिमला
मो. 9418000783
मो. 9418000283



HAPPY NEW YEAR 2024

## नववर्ष 2024 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

लघु उद्योग संघ

# LAGHU UDYOG SANGH HIMACHAL

## STATE LEVEL MSME ORGANIZATION OF HIMCHAL PRADESH







| SH. ASHOK RANA | SH. ANIL MALIK | SH. SAT PAL JASSAL |
|---|---|---|
| STATE PRESIDENT | SECRETARY | TREASURESM |
| 9877377744 | 98161 83157 | 9805021864 |

State office: sco7, Motla plaza Baddi, distt solan (H.P.) 173205
E-mail: laghu udyog sanghhp@gmail. Com.
Website:www.laghuudyogsangh.com

नववर्ष 2024 के आगमन की हार्दिक शुभकामनाएं

के. सी. सी. बैंक

# THE KANGRA CENTRAL CO-OPERATIVE BANK LTD.

# कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित



**सुखविंद्र सिंह सुक्खू**
माननीय मुख्यमंत्री



**कुलदीप पठानिया**
अध्यक्ष, केसीसी बैंक

1. केसीसी बैंक की घाटे में चल रही शाखाओं को लाया जाएगा लाभ में।
2. सी ग्रेड से अब बी प्लस में आया बैंक, यूपीआई सिस्टम चलेगा।
3. इस वित्तीय वर्ष में 926 कर्मचारियों को किया पदोन्नत।
4. 2016 पूर्व व वर्तमान कर्मचारियों को दिया आर्थिक लाभ।

HAPPY NEW YEAR 2024

HAPPY NEW YEAR 2024


## नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**सुखविंद्र सिंह सुक्खू**
माननीय मुख्यमंत्री



**हर्षवर्धन चौहान**
उद्योग मंत्री



**राम कुमार चौधरी**
मुख्य संसदीय सचिव उद्योग

**Alkon Formulation Pvt. Ltd.** 158/1 Epip Phase 1 Jharmajri Baddi

## वेलकम 2024



शिमला के रिज मैदान पर विंटर कार्निवाल और नववर्ष के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।

### भगवान श्रीराम के वंशज शासक ने बसाया था भरमौर, यहां पर भी मिले भगवान श्रीराम की आस्था के साक्ष्य

# पुराने घर की खुदाई में मिलीं भगवान राम-माता सीता की प्रतिमाएं

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला चंबा के जनजातीय क्षेत्र को जहां भगवान श्रीराम के वशंज एवं श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या से संबंधी शासक परिवार के शासक मेरू वर्मन छठी शताब्दी में भरमौर को बसाने वाले पहले व्यक्ति रहे हैं। भगवान शिव को समर्पित शिवभूमि भरमौर में भगवान श्रीराम की आस्था भी रही है।

इस बात में भी कोई दो राय नहीं है, जिसके प्रमाण हाल ही में 150 वर्ष पुराने एक मकान की खुदाई में प्राप्त भगवान श्रीराम व माता सीता के प्रतिमाएं हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि भगवान श्रीराम के वशंज कहलाए जाने वाले तत्कालीन शासक मेरू वर्मन भगवान श्रीराम के उपासक रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



### 400 सालों तक राजधानी रहा भरमौर

**ब्रह्मपुरा** नाम का प्रयोग पहले की अवधि में भरमौर के अधिक प्राचीन साम्राज्य के लिए किया जाता था, जो गढ़वाल और कुमाऊं के क्षेत्रों में मौजूद था। शासक मेरू वर्मन ने राज्य को ब्रह्मपुरा का वही नाम दिया, जिसकी स्थापना उन्होंने वर्तमान भरमौर के साथ की थी।




### प्राचीन मंदिरों के लिए जाना जाता है ब्रह्मपुरा/भरमौर


**ब्रह्मपुरा/भरमौर** चंबा जिला की प्राचीन राजधानी रही है, जबकि भरमौर औपचारिक रूप से ब्रह्मपुरा के रूप में भी जाना जाता है। चंबा के दक्षिण-पूर्व में 40 मील की दूरी पर बुढिल घाटी में सात हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित भरमौर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और अपने प्राचीन मंदिरों के लिए जाना जाता है। यहां मौजूद कई प्राचीन मंदिर एवं शिलालेख दसवीं शताब्दी के माने जाते हैं, जिसमें भगवान श्रीराम की प्रतिमाओं का मिलना कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

### कृष्ण के घर प्रकट हुए भगवान श्रीराम-सीता

**भरमौर** के संचूई गांव में घर की खुदाई के दौरान पौराणिक मूर्ति मिली, जो कि देखने में भगवान श्रीराम व माता सीता की लग रही है। पत्थर की मूर्ति दो फुट लंबी और 80 किलो वजनी है। मूर्ति पर उकेरे चित्र रघुनंदन श्री राम और सीता माता की तरह दिखाई दे रहे हैं। संचूई गांव के कृष्ण पखरेटिया और करनैल सिंह पखरेटिया के पुराने घर में खुदाई के दौरान मूर्ति मिली है। पुराने घर को तोड़कर नए घर का निर्माण किया जा रहा है। इसी दौरान जब नींव के लिए खुदाई की तो पत्थर की यह पुरानी मूर्ति मिली। कृष्ण पखरेटिया ने जब मूर्ति को अच्छे तरीके से साफ किया उसके बाद मूर्ति में चित्र दिखाई देने लगे। उन्होंने इस मूर्ति को घर में सुरक्षित रखा है। ऐसी मूर्ति घर की खुदाई में मिलने को उन्होंने भगवान राम का आशीर्वाद माना जा रहा है, जिस मकान की दीवार से यह मूर्ति मिली है, यह डेढ़ सौ साल पुरानी है। पौराणिक मूर्ति मिलने के बाद संचूई गांव में आस्था का सैलाब उमड़ आया है। क्षेत्र के लोग इसे देखने के लिए संचूई गांव पहुंच रहे हैं।

### 2024 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

**हमीरपुर।** नववर्ष 2024 में सबका जीवन सफल और स्वस्थ हो। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रभु श्रीराम से ऐसी प्रार्थना करते हुए



नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बधाई संदेश में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा है कि नववर्ष के पावन अवसर पर आप सबको बधाई और शुभकामनाएं।

### नया साल 2024 सभी के लिए शुभ हो

**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा की ईसा संवत, ईस्वी संवत 2024 का शुभारंभ होने जा रहा है। इस अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक



शुभकामनाएं। 2024 का वर्ष हिमाचल प्रदेश के लिए और देश के लिए अत्यंत शुभ हो, ऐसी प्रभु श्रीराम के चरणों में प्रार्थना है। 2024 का आगाज श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के साथ एक नए सांस्कृति राष्ट्रवाद को जन्म देगा।

### प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने प्रदेशवासियों सहित सोलन जिले के वासियों को नववर्ष की



शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. शांडिल ने अपने शुभकामना संदेश में सभी के खुशहाल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की है। उन्होंने आशा जताई कि नव वर्ष 2024 सभी के लिए संपन्नता का सूचक बनेगा।

# नए साल का जश्न मनाने लोहे की रॉड और डंडों के साथ पहुंचे पर्यटक

## बैरियर पर लगा ढेर, शिमला में नए साल का जश्न मनाने बड़ी संख्या में पहुंचे सैलानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में नए साल का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी रुख कर रहे हैं। नए साल का जश्न मनाने के लिए शिमला के रिज मैदान पर ही हजारों लोगों के जुटने की उम्मीद है। इस बीच पुलिस भी एंट्री बैरियर पर सुरक्षा की दृष्टि से कड़ी चेकिंग कर रही है।

इसी चेकिंग के दौरान बाहरी राज्यों से आने वाले कई पर्यटकों की गाड़ियों से रॉड और डंडे जब्त किए जा रहे हैं। शिमला के शोघी बैरियर पर तस्वीर देखकर ऐसा लग रहा है कि यह कुछ सैलानी यहां घूमने के लिए नहीं, बल्कि लड़ाई लड़ने के लिए ही पहुंच रहे हैं। शिमला पुलिस को चेकिंग के दौरान पर्यटकों की गाड़ियों से लोहे की रॉड व डंडे मिल रहे हैं, जिससे पुलिस की गुमटी भरी पड़ी है। बता दें कि अपनी गाड़ी में इस तरह का सामान रखने वाले कुछ लोग रोड रेज के दौरान मारपीट के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। शिमला पुलिस ने पहले ही बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों को यह चेतावनी दे रखी थी कि इस तरह की आपत्तिजनक सामग्री अपनी गाड़ियों में लेकर न आएं। यह न सिर्फ नियमों के खिलाफ है, बल्कि इससे अन्य लोगों की सुरक्षा पर भी खतरा बना रहता है। बता दें कि शिमला में सुरक्षा-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने शहर को पांच सेक्टर में बांटा हुआ है। हर सेक्टर में नोडल अधिकारी की तैनाती की गई है। इसके अलावा पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन के जरिए नजर रखी जा रही है। जगह-जगह पर पुलिस के जवानों की भी तैनाती की गई है। स्थानीय थानों की पुलिस के अलावा रिजर्व बटालियन भी सुरक्षा व्यवस्था में लगी हुई है। हर गतिविधि पर नजर बनाए रखने के लिए मास्टर कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।




### 12 घंटे में दस हजार 842 गाड़ियों की आवाजाही

**बता** दें शिमला में हो रही गाड़ियों की आवाजाही को लेकर अगर शनिवार के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो 12 घंटे में करीब दस हजार 842 गाड़ियों की आवाजाही हुई है। इनमें सोलन से शिमला की तरफ पांच हजार 545, जबकि शिमला से सोलन की तरफ पांच हजार 297 गाड़ियों की आवाजाही हुई। इनमें चार हजार 969 गाड़ियां बाहरी राज्यों की शामिल हैं। यह आंकड़ा भी शिमला के मुख्य शोघी बैरियर का ही है यहां करीब 11 हजार गाड़ियों की आवाजाही सुबह आठ से रात आठ बजे तक हुई है।

# न्यू ईयर मनाने को कुल्लू-मनाली और लाहौल-स्पीति में लगा तांता

**12000** गाड़ियां अटल टनल से आर-पार

**25000** पर्यटकों ने किए बर्फ के दीदार



**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

पर्यटन नगरी कुल्लू-मनाली के विभिन्न पर्यटन स्थलों में सैलानियों ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर खूब मस्ती की। दिनभर जहां पर्यटक विभिन्न पर्यटन स्थलों में घूमें वहीं, शाम को होटलों में आयोजित नववर्ष के कार्यक्रमों का खूब लुत्फ उठाया। मालरोड मनाली में डीजे की धुन पर सैलानी झूमें।

रविवार को 30 हजार पर्यटकों ने लाहौल घाटी के पर्यटन स्थलों में बर्फ के बीच अठखेलियां कर साल का अंतिम दिन मनाया। साल के आखिरी दिन 12 हजार से अधिक गाड़ियां अटल टनल से आर-पार हुईं। पर्यटन कारोबारी डोले राम, दोरजे व टशी ने बताया कि नववर्ष का जश्न मनाने आए पर्यटकों ने दिन के समय भारी संख्या में लाहुल घाटी का रुख किया। उन्होंने बताया कि 25 हजार से अधिक पर्यटकों ने बर्फ के दीदार किए। वहीं, एसपी कुल्लू साक्षी वर्मा ने कहा कि पर्यटकों तथा स्थानीय लोगों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े इसके लिए कुल्लू पूलिस द्वारा उचित प्रबंध किए गए हैं। उधर, मयंक चौधरी एसपी लाहौल-स्पीति ने कहा कि लाहौल एवं स्पीति पुलिस द्वारा जिले में ड्रोन सर्विलांस के माध्यम से यातायात एवं कानून व्यवस्था का संचालन कुशल तरीके से किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### लोस चुनावों के लिए स्क्रीनिंग समिति का गठन

**शिमला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के संबंध में कानून एवं व्यवस्था के रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए जिला में लाइसेंस प्राप्त हथियारों को जमा करने के संबंध में एक जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति का गठन किया गया है। समिति में सदस्य के रूप में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी शिमला तथा पुलिस अधीक्षक शिमला शामिल होंगे, जो उन मामलों की समीक्षा और मूल्यांकन करेंगे, जहां चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद हथियारों को जब्त करना आवश्यक होगा।

### व्यय निगरानी समिति बनाई

**शिमला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए एक जिला व्यय निगरानी समिति (डीईएमसी) का गठन किया गया है, जो लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान उम्मीदवारों को जारी नोटिस के संबंध में उत्तर प्राप्ति की तारीख से 72 घंटे के भीतर उत्तर में उल्लिखित साक्ष्यों की जांच के बाद मामलों पर निर्णय लेगी कि छिपा हुआ खर्च उम्मीदवार के चुनाव खर्च खाते में जोड़ा जाएगा या नहीं। जिला व्यय निगरानी समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारी व्यय पर्यवेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी (उपायुक्त) शिमला तथा अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) शिमला (व्यय निगरानी के प्रभारी अधिकारी) को नियुक्त किया गया है।

## किसान विकास मंच का राष्ट्रीय किसान संगठन में विलय

**अर्की।** लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में राष्ट्रीय किसान संगठन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय किसान संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री देश राज मोदगिल बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश से आए प्रदेश संगठन मंत्री कुबेर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में किसानों को होने वाली समस्याओं व निराकरण के बारे में गहन चिंतन हुआ। मुख्यातिथि ने इन समस्याओं को अपने स्तर पर केंद्र में उठने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बृजलाल ठाकुर ने अपने किसान मंच का विलय राष्ट्रीय किसान संगठन में करने का निर्णय लिया, जिसे राष्ट्रीय किसान संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री कुबेर सिंह व राष्ट्रीय महामंत्री देश राज मोदगिल द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। राष्ट्रीय किसान संगठन द्वारा बृज लाल ठाकुर को प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष का पदभार व नेतृत्व सौंपा गया।

## प्रदेश भाजपा ने 15 प्रकोष्ठों में नियुक्त किए संयोजक और सहसंयोजक

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने 15 प्रकोष्ठों के संयोजक और सह संयोजकों की नियुक्तियां कर दी हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इन तैनातियों को अहम माना जा रहा है। प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि सहकारिता प्रकोष्ठ का संयोजक बलदेव भंडारी, सहसंयोजक विजय ठाकुर, चंद्रभूषण नाग और नरेश शर्मा को बनाया गया है।

देव समाज प्रकोष्ठ के संयोजक का जिम्मा प्रेम पंडित और सहसंयोजक का जिम्मा अभिषेक पाधा को सौंपा गया है। कानून एवं विधिक विषय विभाग का संयोजक अंशुल बंसल को नियुक्त किया गया है, जबकि सह-संयोजक पर अजय वैद्य, विक्रांत ठाकुर, राजकुमार धनोटिया और अरविंद शर्मा की तैनाती की गई है। पर्यटन प्रकोष्ठ का संयोजक ज्योति कपूर को बनाया गया है। व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक का जिम्मा गोविंद ठाकुर और सह-संयोजक प्रदीप सूद, अजय जोशी, पुनीत गौतम और मदन शर्मा को बनाया है। इसी तरह सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक पर करनैल राणा, चिकिस्तक प्रकोष्ठ (आयुष) के संयोजक पर डॉ. अशोक शर्मा, चिकित्सक प्रकोष्ठ (ऐलोपैथी) के संयोजक पर डॉ. जीवानंद, शोध प्रकोष्ठ के संयोजक पर के आर भारती सेवानिवृत्त आईएएस, चुनाव प्रकोष्ठ के संयोजक पर जगदीश चांद शर्मा सेवानिवृत्त आईएएस, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक पर प्रो रविंद्र ठाकुर, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक पर ब्रिगेडियर कुशाल चंद द्रग, वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ के संयोजक पर देवराज शर्मा, पंचायतीराज प्रकोष्ठ के संयोजक पर अमर ठाकुर और सीए प्रकोष्ठ के संयोजक पर शिव कुमार गर्ग को नियुक्त किया गया है।

# अपनी संपत्ति को बचाने के लिए जानलेवा तरीकों का सहारा लेना जघन्य अपराध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अपनी संपत्ति को बचाने के लिए जानलेवा तरीकों का सहारा लेना एक जघन्य अपराध है।



ऐसी छूट देना कानून के राज का अंत करने के बराबर होगा। यह जानबूझ कर किया गया ऐसा कृत्य है, जिससे किसी भी निर्दोष की जान जा सकती है। प्रदेश हाई कोर्ट ने ऐसे ही अपराध से जुड़े एक मामले को समझौते के आधार पर रद्द करने से इंकार कर दिया। प्रार्थियों ने अपनी फसल को बचाने के लिए खेत के चारों ओर बिजली की तार लगाई थी, जिसकी चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

कोर्ट ने कहा कि जघन्य अपराध जो समाज पर गंभीर प्रभाव डालते हैं, उन्हें समझौता कर रद्द नहीं किया जा सकता। दोनों पक्षों के बीच समझौते के आधार पर एफआईआर को रद्द करने की मांग करने वाली एक याचिका को खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने यह व्यवस्था दी। न्यायाधीश राकेश कैंथला ने मामले का निपटारा करते हुए कहा कि वर्तमान मामले में आरोपियों ने अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए अपने खेत के चारों ओर जानलेवा बिजली का तार लगा दिया था। उनके कृत्य ने पहले ही एक हैप्पी सिंह नामक व्यक्ति की बहुमूल्य जान ले ली थी। कोर्ट का कहना था कि वर्तमान मामले में लापरवाही नहीं, बल्कि जानबूझकर किया गया। ऐसा कार्य था कि जानलेवा बिजली के संभावित परिणाम की पूरी जानकारी होने के बावजूद इसे स्थापित किया गया था। याचिकाकर्ताओं ने आईपीसी की धारा 304 (जो कोई भी जल्दबाजी या लापरवाही से काम करके किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनता है) के तहत दंडनीय अपराध के लिए पुलिस स्टेशन इंदौरा में दर्ज एफआईआर को रद्द करने और उसके परिणामस्वरूप होने वाली कार्रवाई को रद्द करने के लिए याचिका दायर की थी।

### लापरवाही से ट्रक से चलाकर बुजुर्ग को मार डालने के दोषी को सजा

**पांवटा साहिब।** पांवटा स्थित न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की अदालत ने सीमेंट से लोड एक ट्रक की चपेट में आकर एक बुजुर्ग की मौत के मामले में आरोपी चालक को अलग-अलग धाराओं के तहत तीन माह की सजा सुनाई है। उसे कुल छह हजार रुपए जुर्माना जमा करने के आदेश भी दिए गए हैं। सहायक जिला न्यायवादी गौरव शर्मा ने बताया कि 12 अक्तूबर, 2013 को रशीद नामक व्यक्ति ने पुलिस को दिए गए अपने बयान में कहा था कि उस दिन एनएच-72 पर पांवटा साहिब की तरफ से एक ट्रक नंबर (एचपी 17बी-2490) आ रहा था, जिसमें सीमेंट लोड था। इस ट्रक के चालक गणेश कुमार ने अपने ट्रक को लापरवाही से एनएच से लिंक रोड मेलियों की तरफ ले जाकर लिंक रोड पर चल रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिसमें बुजुर्ग गंगा राम की मौके पर ही मौत हो गई। इस बयान पर 12 अक्तूबर, 2013 को पांवटा साहिब थाने में केस दर्ज हुआ था। उन्होंने बताया कि इस मामले में अभियोजन पक्ष ने कुल आठ गवाहों के बयान अदालत में दर्ज करवाए। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी न्यायालय संख्या-दो ने लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में गणेश कुमार को आईपीसी की धारा 279 के तहत एक माह व एक हजार रुपए जुर्माना तथा उसकी लापरवाही की वजह से किसी व्यक्ति की जान जाने के आरोप में आईपीसी की धारा 304ए के तहत तीन माह और पांच हजार रुपए जुर्माना की सजा आरोपी को सुनाई है।

## मंत्री जगत सिंह नेगी ने किया जयपाल नेगी की पुस्तक गुन्याली का विमोचन



पुस्तक का विमोचन करते राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी।

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

किन्नौर के लिप्पा गांव के जयपाल नेगी, जो एक अध्यापक हैं, की 'गुन्याली' पुस्तक का विमोचन राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने किया।

गुन्याली शब्द किन्नौरी दुल्हन के विदाई के समय गाया जाने वाली विरह गीत में प्रयुक्त होता है। 20 अप्रैल, 1970 को लिप्पा गांव में पिता श्याम चंद माता गोपाल दासी के घर में जन्मे जयपाल नेगी ने दसवीं की परीक्षा पास कर लोक निर्माण विभाग मुरंग में बेलदार के पद पर काम किया। इसके बाद 1989 से 2005 तक भारत-तिब्बत सीमा पुलिस में कार्य किया तथा 2005 में छोड़ कर डीएलएड प्रभाकर स्पेशल एजुकेटर स्नातक और शिक्षा स्नातक की पढ़ाई की। वर्तमान में वह टीजीटी अध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। जयपाल नेगी के लेख बहुत से पत्रिकाओं तथा पुस्तकों में छपते रहे हैं। वह किन्नौरी, हिंदी, अंग्रेजी के अलावा उर्दू में भी लिखते हैं।

**मसला** पूर्व डायरेक्टर के समय के क्रियाकलापों की जांच से होगा खुलासा

# ट्रिप्पल आईटी के कई मामले सवालों के घेरे में

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

ऊना स्थित ट्रिप्पल आईटी की भीतरी व्यवस्था से जुड़े हुए कई मामले इन दोनों अच्छी खासी चर्चा में हैं। पूर्व डायरेक्टर एस सिलवा कुमार का इस संस्थान को छोड़ना और बीओजी की बैठक में लिए गए फैसले तो जांच के शिकंजे में आ ही गए हैं, लेकिन सिलवा के कार्यकाल में कई और मामले भी चर्चित रहे हैं।

इसके अलावा मौजूदा अध्यक्ष की कारगुजारी भी चर्चाओं में हो गई है। उनकी मंत्रालय को शिकायतें भी अक्सर होती रही हैं। अब संस्थान के भीतर बीओजी चेयरमैन के ऑफिस के लिए की गई तोड़फोड़ और गेस्ट हाउस में कमरे को लेकर भी पैसे के मिसयूज की चर्चा हो रही है। दर असल बीओजी चेयरमैन के लिए ऐसे तकनीकी

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

संस्थानों में अलग से दफ्तर की रिवायत नहीं है। फिर भी इस संस्थान में अलग से भवन के भीतर ही तोड़फोड़ करके चेयरमैन ऑफिस तैयार किया जा रहा है। यही नहीं, गेस्ट हाउस के एक कमरे को भी अलग रूप देने का जो काम हुआ है, उस पर भी सवाल खड़े हुए हैं। कारण यह है कि इसकी जरूरत इसलिए नहीं होती क्योंकि अध्यक्ष तो साल भर में केवल चार बैठकों में हिस्सा लेता है वह भी कभी-कभी ऑनलाइन हो जाती हैं।

ऐसे में अध्यक्ष के अलग से कमरे पर लाखों खर्च जाने की जरूरत कितनी है, जांच हो जाए तो असलियत सामने आ जाएगी। बिल्डिंग वर्कस कमेटी की अप्रूवल के बाद ही मौजूदा स्ट्रक्चर में कोई तोड़फोड़ की जा सकती है, लेकिन ऐसा यहां पर हुआ नहीं है। इस कमेटी का अध्यक्ष भी डायरेक्ट ही होता है। वहीं, फैकल्टी में 65 वर्ष की आयु की सीमा तय ही गई है, लेकिन इस संस्थान में इस नियम की धज्जियां उड़ाई गई हैं। संस्थान से जुड़े हुए जानकारों का मानना है कि पूर्व डायरेक्टर के कार्यकाल में कई मामलों पर जांच जरूरी है।

हालांकि ट्रिपल आईटी के कार्यकारी डायरेक्टर और एनआईटी जालंधर के निदेशक विनोद कुमार का कहना था कि वह तो स्टॉप गैप अरेंजमेंट के रूप में इसका कार्यभार देख रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### कई फैसले नियमों के खिलाफ

**बीओजी** में लिए गए कई फैसले नियमों के खिलाफ हैं। इसीलिए यह सारी प्रक्रिया जब दबाव में हुई है तो डायरेक्टर ने इस्तीफा दिया। गेस्ट फैकल्टी पर रखे गए लोगों को यदि बीओजी अनुबंध पर करने का फैसला ले लेती है, तो फिर सवाल तो खड़े होंगे ही। क्योंकि इसके लिए पहले विज्ञापन जारी होता है, उसके बाद अगली प्रक्रिया।

### पदों को भरने पर रोक

**एस** सिलवा कुमार के कार्यकाल में रजिस्टर, अस्सिटेंट रजिस्टार, स्पोर्ट्स ऑफिसर, असिस्टेंट प्रोफेसर आदि के पदों को भरने का प्रोसेस शुरू हो चुका था, लेकिन उनके जाते ही अब इन पर कैंसिल की गाज गिरी है, क्योंकि इनमें कई विज्ञापन नियमों के खिलाफ थे ऐसा क्यों हो रहा था। यह जांच का विषय है।

## मिल्ख पंचायत में एक बार फिर नर कंकाल मिलने से सनसनी

**संजीव महाजन, नूरपुर**

नूरपुर की मिल्ख पंचायत में एक बार फिर नर कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी का माहौल बन गया। घटा नामक स्थान पर जंगल में नर कंकाल मिला। पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर कंकाल को कब्जे में लिया। शव का पोस्टमार्टम सोमवार को किया जाएगा। कंकाल की पहचान कुछ माह पूर्व गुमशुदा हुए विजय कुमार के रूप में हुई है। मृतक के परिवार ने कपड़ों के जरिए उसकी पहचान की है।

जानकारी के अनुसार स्थानीय लोग जंगल में लकड़ियां लेने गए थे, जहां पर उन्होंने झाड़ियों में एक कंकाल को देखा। इसकी सूचना उन्होंने स्थानीय प्रधान अंजना कुमारी को दी। इस पर प्रधान ने पुलिस थाना नूरपुर को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम में तुरंत मौके पर पहुंची तथा कंकाल को कब्जे में लेकर मौके सुराग जुटाए।

मिलख पंचायत का युवक विजय कुमार पिछले कई महीनों से गुमशुदा था। इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट नूरपुर पुलिस थाना में दर्ज हुई है। उसके परिवार वाले मौके पर पहुंचे तथा मृतक के कपड़ों से विजय कुमार के रूप में शिनाख्त की है। नूरपुर डीएसपी विशाल वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि मौके पर पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम ने संक्षिप्त जुटाए हैं तथा कंकाल को कब्जे में ले लिया है, जिसका सोमवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। गुमशुदा विजय कुमार के परिवार जनों ने कपड़ों के माध्यम से शिनाख्त की है। डीएसपी विशाल वर्मा ने बताया कि फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर कंकाल को कब्जे में ले लिया है। (अनंत ज्ञान)

# न्यू ईयर पर पर्यटन नगरी सैलानियों से गुलजार

**65** प्रतिशत तक ऑक्यूपेंसी नव वर्ष की पूर्व संध्या पर होटलों में दर्ज। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बाम्बा ने दी जानकारी

**150** से ज्यादा पुलिस बल तैनात

- हुड़दंगियों पर काबू पाने के लिए मोटर साइकिल टीम क्षेत्र में तैनात
- न्यू ईयर पर पर्यटन निगम के अलावा निजी होटलों में होंगे कार्यक्रम

"पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया है। मोटरसाइकिल राइडर टीम के अलावा अन्य पेट्रोलिंग टीमें तैनात रहेंगी। सैलानियों से सहयोग की अपील है।"
**-विनोद शर्मा, एसएचओ मैक्लोडगंज।**

**दिनेश कायस्था, मैक्लोडगंज**

नववर्ष की संध्या पर पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में काफी संख्या में सैलानी जुटे। इस दौरान वाहनों की भारी आवाजाही रही, जिससे कई बार जाम की स्थिति पैदा हो गई, वहीं पुलिस ने दिनभर जाम खुलवाने की कसरत करती रही।

सैलानियों की आमद को देखकर पर्यटन कारोबारी भी खुश नजर आए। पड़ोसी राज्य पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर समेत देशभर के सैलानी नव वर्ष के अवसर पर मैक्लोडगंज, भागसू नाग, डल लेक और नड्डी आदि पर्यटन स्थलों में चहल-कदमी करते दिखे। (अनंत ज्ञान)





नववर्ष के स्वागत के लिए पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में काफी संख्या में पर्यटक पहुंचे।

## पर्यटन विकास या रोजाना विवाद



रोमांच के शौकीन लोग नव वर्ष त्रियुंड में मनाने को तैयार हैं। रविवार को करीब 200 सैलानियों ने बलू के रास्ते ट्रैकिंग की। उधर, प्रदेश भर में पहली बार धर्मशाला में ट्रैकिंग पर लगाए गए भारी शुल्क के चलते विवादों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। रविवार को नव वर्ष मनाने आए पंजाब से आए सैलानियों तथा वन कर्मियों के बीच वाटर फॉल प्वॉइंट पर इसी मुद्दे को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद वन विभाग के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए तो वहीं पुलिस को भी इस मामले को लेकर सूचित किया गया। ट्रैकिंग पर प्रति व्यक्ति 200 रुपए का शुल्क लेने का पर्यटन से जुड़े लोगों के साथ आम लोग भी विरोध कर रहे हैं। ईको टूरिज्म सोसायटी धर्मशाला के फैसले के बाद आए दिन पर्यटकों तथा वन विभाग के कर्मचारियों में विवाद हो रहे हैं। इस बीच प्रदेश के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू तक ऐसे निर्देश न देने की बात कह चुके हैं, तो वहीं अब भारी शुल्क के चलते पर्यटकों के साथ होने वाले विवादों को पर्यटन के लिए अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता।

## सुबह पांच बजे खुलेंगे मां ज्वाला के कपाट

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में नववर्ष के स्वागत पर भारी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। इसके लिए मंदिर में प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया है। माता के गुणगान के लिए चौकी का भी आयोजन होगा। मंदिर सुबह पांच बजे खोला जाएगा और विशेष भोग प्रसाद व आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए गर्भ गृह खोला जाएगा।

एसडीएम ज्वालामुखी डॉक्टर संजीव शर्मा ने बताया कि मंदिर में नववर्ष के आगाज को लेकर बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं। ज्वालामुखी मंदिर में दो दिन 31 व एक जनवरी के लिए तहसीलदार व नायब तहसीलदार की ड्यूटी लगा दी गई है। मंदिर में श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध दर्शन ही करवाए जाएंगे। श्रद्धालुओं की भीड़ देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। बहरहाल, शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में नववर्ष को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

### नए साल पर सजेगा लंगर

**नववर्ष** पर मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए सभी सुविधाओं का इंतजाम किया है। मंदिर में सभी व्यवस्था सुचारू रहेंगी। लंगर व्यवस्था सुचारू रूप से चलाई जाएगी।




आदर्श विद्यालय परागपुर के बच्चों ने श्रृंखला बनाकर नववर्ष का स्वागत किया।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ के ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ मामला दर्ज

**धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना धर्मशाला में भाई की शिकायत के आधार पर विदेश भेजने वाले चंडीगढ़ के दो एजेंटों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बताते चलें कि शाहपुर की युवती ट्रैवल एजेंटों के माध्यम से दुबई गई थी, लेकिन वो ओमान पहुंच गई। वहीं अब उसका कोई सुराग न लग पाने के कारण लड़की के भई ने रविवार को पुलिस थाना धर्मशाला में बहन के लापता हो जाने के संदर्भ में मामला दर्ज करवाया। पुलिस थना धर्मशाला में चंडीगढ़ की श्रुति शर्मा तथा रोहित कुमार के खिलाफ आईपीसी की धरा 370, 420 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई। उधर, एएसपी वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### खेत में लगाए गए फंदे में फंसा तेंदुआ

**इंदौरा।** इंदौरा के ग्राम पंचायत भोग्रवां के गांव पिंड पाद्ययां में लोगों द्वारा फसल बर्बाद करने वाले जानवरों के लिए लगाए गए फंदे में तेंदुआ फंसा मिला। इसकी सूचना लोगों ने स्थानीय पंचायत प्रधान हिम्मत राज को दी। इसके बाद वहां प्रधान ने वन विभाग अधिकारी रे चैन सिंह को इस संदर्भ में सूचना दी गई। वन मंडल अधिकारी अमित शर्मा ने पशुपालन विभाग पालमपुर के अधिकारियों को इसकी सूचना दी जो टीम घटनास्थल पर पहुंच रही है।

### गदियाड़ा रझूं में क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

**नगरोटा बगवां।** चैंलेज क्लब गदियाड़ा रझूं क्रिकेट मैच क्लब प्रधान गौरव ठाकुर ने 31 दिसंबर को रझूं स्कूल के खेल के मैदान में क्रिकेट मैच का शुभारंभ समाजसेवी वाम देव ने किया। इस खेल में इस समय दस टीमे अपनी एंट्र जमा करवा चुकी है। लगभग दस टीमें आने की संभावना हैं। एंट्री फीस 1100 रुपए रखी है। जो भी टीमें भाग लेना चाहती है भाग ले सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए इस नंबर पर संपर्क 7011223976 करें। इस दौरान स्वयंसेवी वामदेव ठाकुर ने क्लब को 5100 रुपए दिए।

### अभिषेक देव समाज प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक नियुक्त

**ज्वालामुखी।** भारतीय जनता पार्टी ने ज्वालामुखी से संबंध रखने वाले वरिष्ठ नेता अभिषेक पाधा को देव समाज प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया है। इस पर अभिषेक पाधा ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर जी बिंदल और अन्य नेतृत्व का धन्यवाद किया है और ज्वालामुखी भाजपा के कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय पर खुशी व्यक्त की है।

### कृष्णकांत धीमान को प्रधान पद का ओहदा

**जयसिंहपुर।** रामलीला एवं दशहरा कमेटी जयसिंहपुर के चुनाव आम सहमति से संपन्न हुई। इसमें वर्ष 2023 से 2025 तक के लिए पदाधिकारियों व सदस्यों का चयन किया गया। नवनियुक्त रामलीला कमेटी में कृष्णकांत धीमान को प्रधान, विक्रांत चौहान को उपप्रधान, सुमित सैनी को वरिष्ठ उपप्रधान, अश्विनी शर्मा को मुख्य सचिव, सुरेश चौहान को सह सचिव, विनोद शर्मा को कोषाध्यक्ष, सुशील कटोच को सह कोषाध्यक्ष व करण क्लोत्रा, श्याम चौहान, चुनी लाल, सुमन, मदन सैनी, ओमप्रकाश कथानिया को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

### मीना बनी सीएससीए कार्यकारिणी की अध्यक्ष

**शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार में 2023-24 की केंद्रीय छात्र परिषद (सीएससीए) का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर युवराज सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मंच का संचालन प्रोफेसर आशा मिश्रा ने किया। प्राचार्य डॉक्टर युवराज सिंह ने केंद्रीय कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इसमें अध्यक्ष पद के लिए मीना, उपाध्यक्ष पद के लिए बॉबी राणा, सचिव पद के लिए ममता तथा महासचिव पद के लिए सकीना देवी ने शपथ ग्रहण की।

### मगरू के ग्रामीणों ने जानी बैंकिंग योजनाएं

**डाडासीबा।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा शांतला की ओर से रविवार को ग्राम पंचायत पूनणी के अंतर्गत गांव मगरू में नाबार्ड के सौजन्य से वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल बैंकिंग शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान बैंक शाखा शांतला के प्रबंधक विजय राणा ने लोगों को बैंकिंग योजनाओं, डिजिटल लेनदेन एवं साइबर ठगी से बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी।

## नए कानून के विरोध में ट्रक यूनियन जसूर ने केंद्र सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**संजीव महाजन, नूरपुर**



रविवार को केंद्र सराकार के खिलाफ प्रदर्शन करते ट्रक यूनियन जसूर के सदस्य।

केंद्र सरकार द्वारा पास किए गए नए कानून के विरोध में रविवार को ट्रक यूनियन जसूर ने जमकर विरोध किया। इस विरोध-प्रदर्शन में सैकड़ों ट्रक मालिकों ने भाग लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उक्त कानून को वापस लेने की जोरदार मांग की। इस मौके पर ट्रक यूनियन के प्रधान यशपाल पप्पू ने बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार अगर इस कानून को वापस नहीं लेते तो ट्रक यूनियन जसूर अपनी गाड़ियों को चक्का जाम रखेंगे।

उसके पश्चात ट्रक यूनियन के सदस्य एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अगली रणनीति पर विचार करेंगे। प्रधान ने बताया कि जसूर ट्रक यूनियन में लगभग 350 ट्रक हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों के खिलाफ जो कानून संसद में पारित किए गए हैं। उसके विरोध में जसूर ट्रक यूनियन एकजुट होकर प्रदर्शन करेगी प्रधान ने कहा कि यह कानून केवल ट्रक चालकों के लिए नहीं है। बल्कि उन सभी चालकों के लिए जो वाहन चलाते हैं। नए कानून के तहत हिट एंड रन मामले में सात लाख रुपए तक का जुर्माना व दस साल की कैद का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अगर दुर्घटना के समय वाहन चालक वही रुकता है तो उसको भीड़ से जान का खतरा रहता है व ऐसे मामलों में अक्सर ड्राइवर भीड़ का शिकार हो करके रह जाता है। उन्होंने कहा कि देश मे 80 प्रतिशत लोग छोटे से लेकर बड़े वाहन चलाते है। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया है कि इस कानून के खिलाफ केंद्र सरकार गंभीरता से विचार करें और इस कानून को जनहित में वापस लेने का प्रयास करें। इस मौके पर ट्रक यूनियन जसूर के प्रधान महेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, शमशेर सिंह, हरनाम सिंह बिल्ला, मिलन सिंह, रविंद्र सिंह, जतिंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में ट्रक मालिक मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## दुकान से 3400 रुपए ले उड़े शातिर

**डाडासीबा।** नैहरनपुखर के मैन बाजार में रविवार दौपहर को अचानक दिनदहाड़े एक दुकान से आंख झपकते ही लुटेरों ने फिल्मी स्टाइल में नोटो से भरा गल्ला साफ कर दिया। वारदात का पता चलते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया। हैरानी की बात तो यह है कि लुटेरों के हौसले इतने बुंलद है कि भीड़भाड़ बाले बाजार में किसी डर की परवाह किए बगैर उपरोक्त लुटेरे यहा सक्रिय होकर उपरोक्त दुकान के भीतर घुस गए। वहीं, देखते ही देखते गल्ले के बीच रखे तमाम पैसे निकाल कर रफ्फूचकर हो गए। वहीं, जनरल स्टोर की दुकान सजाकर बैठे पीड़ित बुजुर्ग दुकानदार भारत शर्मा ने बताया कि में केबल दो मिनट के लिए ही अपनी दुकान को अकेला छोड़ कर बाथरूम के लिए गया था और इतने मे ही उक्त लुटेरों ने मेरे गल्ले में रखे सभी पैसे चुरा लिए। पीड़ित दुकानदार को अपनी दुकान मे हुई चोरी का पता उस वक्त चला जब वह ग्राहक को बकाया पैसे वापस करने लगा, तो गल्ले में एक भी रुपए न होने पर मुझे चोरी का एहसास हुआ।

## नगरोटा बगवां में ट्रक व बाइक की टक्कर में महिला की मौत



बलधर चौक पर दुर्घटना के बाद कार्रवाई करते पुलिस कर्मी।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां में ट्रक व बाइक की टक्कर में बाइक पर पीछे बैठी बड़ाई गांव की एक करीब 41 वर्षीय महिला श्रेष्ठा देवी की टांडा में उपचार के दौरान शनिवार सुबह करीब तीन बजे मौत हो गई।

पुलिस प्रभारी रमेश ठाकुर से मिली जानकारी अनुसार नगरोटा बगवां के बलधर चौक पर शनिवार रात करीब आठ बजे पालमपुर की ओर से कांगड़ा की ओर जा रहे ट्रक की चपेट में बाइक सवार आ गए। बाइक सवार सुनेहड़ की और से मला की ओर जा रहे थे। बाइक को अंशु चला रहा था तथा उसके पीछे महिला श्रेष्ठा देवी बैठी थी। उन्होंने बताया कि इस मामले की छानबीन जांच अधिकारी प्रेम पठानिया कर रहे हैं। मोटरसाइकिल सवार को थोड़ी चोंटे आई है। जबकि महिला को काफी चोंटे आई थी। मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर उसका शव उसके परिजनों को सौंप कर। ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

## मंड मियाणी स्कूल में एमएलए मलेंद्र राजन ने बच्चों को किया सम्मानित



सालाना समारोह के दौरान बच्चों को सम्मानित करते विधायक मलेंद्र राजन।

**रोशन लाल, इंदौरा**

विधायक मलेंद्र राजन ने रविवार को इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंड मियाणी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की उन्होंने शैक्षणिक सांस्कृतिक खेलकूद और अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए।

मलेंद्र राजन ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश की शैक्षणिक व्यवस्था में आधुनिक दौर के अनुरूप कई बड़े-बड़े परिवर्तन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग के बारे में जो संदेश दिया है वह सिर्फ बच्चों तक ही नहीं है। उसका पालन बड़ों को भी करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेश चंद्र ने स्कूल के रास्ते शौचालय के निर्माण के साथ-साथ बिजली बोर्ड की स्कूल के बीच में से गुजरने वाली लाइन को हटाने की की मांग रखी जिसे मानते हुए विधायक ने कहा कि इन कार्यों को जल्द पूरा करवा दिया जाएग।

## गर्ल्स स्कूल ज्वालामुखी में सालाना समारोह की धूम, छात्रों पर बरसे इनाम

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

विधायक संजय रतन ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गर्ल्स ज्वालामुखी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया तथा वर्ष भर में प्राप्त उपलब्धियां के लिए शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि वार्षिक उत्सव संस्थान में वर्षभर के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियां के लिए सम्मानित करने का अवसर होता है। इसके आयोजन से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ उनको प्रतिभा दिखाने का अवसर भी प्राप्त होता है। विधायक ने अध्यापकों से विद्यार्थियों के लिए पथ प्रदर्शक की भूमिका निभाने का आह्वान किया और छात्रों की प्रतिभा की पहचान कर इन्हें ओर निखारने की दिशा में सकारात्मक शुरुआत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चे ही हमारा भविष्य है और इन्हें निखारने तथा सवारने में सबसे बड़ा योगदान अध्यापकों का ही होता है। संजय रतन ने कहा कि विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार होना भी जरूरी है। अभिभावकों का आह्वान करते उन्होंने कहा कि युवा वर्ग में संस्कृति एवं संस्कारों की भावना का भी समावेश किया जाना चाहिए।




कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सम्मानित करते विधायक संजय रतन।

## मारंडा रोटरी आई अस्पताल पहुंचे जापान के सर्जन

**पालमपुर।** एसोसिएशन ऑफ ऑप्थेलमिक को-ऑपरेशन इन एशिया (एओसीए) की एक जापानी नेत्र सर्जन टीम ने मेला मल सूद रोटरी आई हॉस्पिटल मारंडा का दौरा किया और डॉक्टरों और कर्मचारियों के काम की सराहना की। डॉ. हिरोकी असानो, डॉ. मित्सुतोशी काशीवासे, डॉयोशिफुमी, डॉ. ताकाशी अराकी और उनकी टीम के साथ डेलेक अस्पताल धर्मशाला के प्रशासक दावा फुकी भी थे। अपनी यात्रा के दौरान टीम ने रोटरी आई फाउंडेशन के चेयरमैन केजी बुटेल, डॉ. सुधीर सल्होत्रा, निदेशक, डॉ. रोहित कुमार, एसोसिएट निदेशक, डॉ. आशीष गुप्ता, मुख्य नेत्र सर्जन, रोटरी आई हॉस्पिटल के महाप्रबंधक राघव शर्मा और स्टाफ सदस्यों से मुलाकात की।




## नववर्ष पर रोबिन ने दिया नॉन एल्होलिक सेलिब्रेशन का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**






कुछ लोग लीक से हट के काम करते हैं ओर वो भी बिना किसी दिखावे के। कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के मास्टर तथा अमरीका की लग्जरी लाइफ को ठुकरा कर बेसहारा कुत्तों तथा मवेशियों के कल्याण के लिए सालों से काम कर रहे विख्यात पीपल फार्म फेम रोबिन सिंह ने नव वर्ष की संध्या को लेकर एक नया संदेश लोगों को दिया।

संदेश था नॉन एल्होलिक न्यू ईयर सेलिब्रेशन का। इस दौरान ये संदेश उन्होंने अमेजॉन पर अपनी बेस्ट सैलर ऑर्गेनिक ढंग से इमली के स्वाद में तैयार किया गया ड्रिंक क्लासिक कोम्बूचा की 750 बोतलें निशुल्क वितरित की। इस दौरान उन्होंने इसके फायदे बताते हुए युवाओं को नॉन एल्कोहलिक नव वर्ष मनाने का संदेश दिया। इस दौरान उनकी पत्नी तथा पीपल फार्म की को-फाउंडर शिवानी सिंह भी मौजूद रहीं। महिला उत्थान के क्षेत्र में अनुकरणीय काम कर रही शिवानी सिंह दर्जनों महिलाओं को रोजगार के अवसर दे रही हैं। यहां बताते चलें कि रोबिन सिंह समाज कल्याण को लेकर लंबे अर्से से कार्य कर रहे हैं तथा उनके उत्पादों से आया पैसा बेसहारा पशुओं को दी जाने वाली उनकी निशुल्क सेवाओं के लिए खर्च होता है। उनके मुताबिक आप के प्रयास पूरे समाज के लिए हो सकता है नाकाफी हों, लेकिन वो एक संदेश समाज को देने चाहते हैं, ताकि हरेक व्यक्ति अपनी तरफ से बेसहारा पशुओं तथा समाज के लिए प्रयास करे, ताकि सकारात्मक बदलाव आए।

**टूर्नामेंट** ओवारना में क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बोले आशीष बुटेल

## रोड के विस्तार को दस करोड़ की डीपीआर तैयार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



ओवारना में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ अवसर पर सीपीएस अशीष बुटेल को सम्मानित करते टूर्नामेंट के आयोजक।

मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल ने पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के ओवारना में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और जनसमस्याओं को भी सुना। आशीष बुटेल ने आजाद क्लब ओवारना को क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि यह क्लब के सराहनीय प्रयास है, जिसमें ग्रामीण स्तर पर इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण खिलाड़ियों को अवसर प्राप्त हो रहा है, वहीं उनकी प्रतिभा में भी निखार आता है। उन्होंने कहा कि न्यूगल पुल से भगोटला वया राजनाली, धरेहड़, काली छंब सड़क के विस्तार और निर्माण के लिए लगभग 10 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि काली छंब में लगभग 30 लाख की लागत से पुल बनकर तैयार है और इसके आगे के कार्य के लिए विभाग को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लोगों आश्वस्त किया कि थला से कंडी वया मलेंटा सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए विभाग को डीपीआर बनाने निर्देश दिए गए हैं, ताकि लोगों की सुविधा के लिए धनराशि उपलब्ध करवाई जा सके। वहीं, सीपीएस ने आजाद क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए क्लब को 15 हजार, क्लब के भवन की पहली मंजिल की छत लिए धनराशि, पंचायत के सभी महिला मंडल को 15-15 हजार, थला में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने पंचायत की अन्य मांगों को भी चरणबद्ध पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चंद, थला पंचायत प्रधान अंजु देवी, उपप्रधान कुलदीप सिंह, महिला मंडल प्रधान विनीता देवी, संदीप कुमार, प्यार चंद, पतिसा देवी, चमन लाल, आजाद क्लब से शिव भारद्वाज, आशीष, शुभकरण, अंकु भट्ट आदि उपस्थित रहे।






# आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा नव वर्ष 2024 के आगमन पर प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा करता हूं भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

अजय पाल
संवाददाता अनंत ज्ञान
मो. 89881-85425


HAPPY NEW YEAR 2024
नववर्ष 2024 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Shiva 8988024455
DRINK & DINE
SWEETS • DHABA • RESTAURANT • BAR • CATERERS

HAPPY NEW YEAR 2024
Vishutosh Dhiman
HIM ENTERPRISES
Nagrota Bagwan Mob. 94184-10432,98166-37132

2024
हिमालयन एसोसिएट्स एवं ममता बेगम शराब कारोबारी
अकबर खान
अरविंद कटोच
आर्य पंडित

नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेंद्र शर्मा
सत्येन शर्मा
माँ नारदा शारदा ट्रेडर्स नगरोटा बगवां

नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
BM Chaudhary

नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद गुलेरिया वाईन कान्ट्रेक्टर

नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Pahadi Chulha
Shop Number 5, Greenwood Residency, new sunny enclave,sector 125, Kharar, Mohali

नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जुल्काण रोडलाईन नगरोटा बगवां
मो. 9459546000
गौरव जुल्काण
भारतीय जानता युवा मोर्चा
अध्यक्ष मण्डल नगरोटा बगवा

नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Akshay Marriage Palace
VPO Chahri Nagrota Bagwan

नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Bishan Seth
Rohit Seth
Seth Di Hatti, Nagrota Bagwan
Mob. 9736204055

नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Rahul Dogra
M/s R.K. Dogra & Bros.

नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
R & R Enterprises
2024 HAPPY NEW YEAR
Manufacturing of Napkin Toilet Roll and Kitchen Rolls Plus Chemicals and all Hotel Accessories
R R Enterprises
Near Nardasharda Mandir Nagrota Bagwan
Mob. 9805414568
Robin Pandit

नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
All IT Solutions, CCTV & Biometrics and Security Devices
7018158109, 9882416488
Shekhar Mehra

Happy NEW YEAR 2024
43 MERITORIOUS HIMALYAN STUDENTS BAGGED THE TABLETS
HIMALYAN
PUBLIC SR SEC SCHOOL NAGROTA BAGWAN. DISTT KANGRA.
REGISTRATIONS OPEN FOR SESSION 2024-25
www.himalyanpublicschool.in

HAPPY NEW YEAR 2024
नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
विक्रम ठाकुर (नन्नू)
समाज सेवी

2024 HAPPY NEW YEAR
नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ध्रुव परियाल प्रधानाचार्य स्कूल गढ़ जमूला
संजीव जमवाल प्रधानाचार्य थुरल स्कूल
रमेश चौधरी प्रधानाचार्य बाटी स्कूल
रजनीश अत्री प्रधानाचार्य डरोह स्कूल
कंचन गुलेरिया (गोगी) व बिट्टू गुलेरिया, हलदरा
सुशील कुमार कौना
संजय कुमार शिक्षक कौना
कुलबीर सिंह राणा साबा
रविन्द्र कुमार नटराज टैंट हाउस कौना हलदरा
राजकुमार अध्यक्ष बीजेपी हलदरा बूथ नंबर 108
ओशिन नृत्यांगना एवं पहाड़ी एल्बम कलाकारा गांव कौना
HAPPY NEW YEAR 2024

नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गोरी चौधरी
दीपक चौधरी
A & A Tiles And Marble
Main Road Hatwas, Nagrota Bagwan

नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव कौशल
सत्यम गद्दा हाउस

नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई
Holyfaith Sr. Sec. School
PATHIAR
An English Medium School
Affil. # 130704
Affiliated to HPBOSE Dharamshala
Nursery to 10+2
SCHOOL ADMISSION OPEN
20% Discount in Admission fees for Nursery Class admission in December month.
Medical, Non-Medical, Arts & Commerce
Our Professional Achievers
Academics
Saloni Selected in MBBS 2023
Anika Selected in MBBS 2023
Prashant Visht Selected in IIT Mumbai (B.Tech)
Anmol Selected in Thapar
Mehak
Stuti 10+2 Medical Topper 2023
For more details please contact:
himalyanholyfaithschool@gmail.com
www.himalyanholyfaithschool.com
98160-65788, 98055 11280
or
Visit School Office between 9 to 3 pm. on all working days

नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
यादविंद्र गोमा जी को मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई
संदीप कुमार मिंटू
सोशल मीडिया प्रभारी मझेड़ा जोन

नववर्ष 2024 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY NEW YEAR 2024
यादविंद्र गोमा जी को मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई
जारीकर्ता:- दीप सिंह दीपू एवं रजिन्द्र सिंह रिंकू युवा कांग्रेस कार्यकर्ता

नववर्ष 2024 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
यादविंद्र गोमा जी को मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई
शुभम वर्मा
कर्ण वर्मा
HAPPY NEW YEAR 2024
जारीकर्ता:- प्रिंस लाईट एवं टैंट हाउस खजुरणू

नववर्ष 2024 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
यादविंद्र गोमा जी को मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई
नरेन्द्र कौर
प्रिंसिपल, जीएसएस भुआणा

नववर्ष 2024 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
यादविंद्र गोमा जी को मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई
संजय कुमार
प्रिंसिपल, राजकीय आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल मझेड़ा

नववर्ष 2024 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
यादविंद्र गोमा जी को मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई
अनीता कुमारी
प्रधान, ग्राम पंचायत लदोह

नववर्ष 2024 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
2024
यादविंद्र गोमा जी को मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई
चैन सिंह
पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत लदोह

नववर्ष 2024 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY NEW YEAR 2024
Vijay Attri
Amazing Looks Salon
Near Bus Stand
Adj. Yatrika Hotel, Kangra (H.P.)
Mob. 9805946741, 8628826741

# साहो को जल्द मिलेगी सीवरेज सुविधा

## होली हिमालयन पब्लिक स्कूल के सालाना समारोह में बोले मुख्यातिथि सदर विधायक नीरज नैय्यर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

होली हिमालयन पब्लिक स्कूल साहो में रविवार को वार्षिक पारितोषिक समारोह मनाया गया। समारोह में सदर विधायक नीरज नैय्यर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत साहो के 25 गांवों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित बनाने के लिए उठाऊ पेयजल योजना साहो के निर्माण कार्य में लगभग 14 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय होगी। उन्होंने कहा कि इस पेयजल योजना को विधायक प्राथमिकता में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि साहो क्षेत्र को सीवरेज सुविधा से भी जोड़ा जाएगा जिसमें लगभग 15 करोड़ की धनराशि व्यय की जाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्र की उन्नति में युवा वर्ग की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षा ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जो युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए सबसे अहम है। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों और आदर्शों की आवश्यकता पर जोर देते हुए अभिभावकों से भी यह आह्वान किया कि युवा वर्ग में संस्कृति एवं संस्कारों की भावना का समावेश किया जाए। इस दौरान उन्होंने स्कूल के होनहारों को इनाम भी बांटे। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत साहू में छह पेवर पाथ के निर्माण कार्य में लगभग 40 लाख रुपए की धनराशि व्यय की जा रही है। इससे पूर्व विधायक ने युवा विकास मंडल चडियारा द्वारा आयोजित खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 45 खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। विधायक ने युवा विकास मंडल चडियारा और होली हिमालयन पब्लिक स्कूल को 11-11 हजार रुपए की अनुदान राशि देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर पंचायत समिति उत्तम सिंह, त्रिलोक कुमार, प्रधान पूजा शर्मा, जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी रुपेश कुमार, महासचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लियाकत खान, सचिव ओम प्रकाश, कनिष्ठ अभियंता जऐश आहिर, अध्यक्ष युवा विकास मंडल चडियारा मोहम्मद रफी व स्कूल के स्टाफ सहित लोग मौजूद रहे।



होली हिमालयन स्कूल साहो में समारोह के दौरान मौजूद विधायक व अन्य।

### कोलका स्कूल के होनहार नवाजे

**चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोलका ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। समारोह में विधायक नीरज नैय्यर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग में कड़ी मेहनत करें और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएं और सकारात्मक व रचनात्मक कार्यों में अपनी ऊर्जा लगाएं। उन्होंने प्रदेश में बढ़ती नशाखोरी की समस्या पर चिंता व्यक्त की और शिक्षकों, अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों पर मानसिक दबाव न बनाए और विद्यार्थियों को उनकी रुचि अनुसार पाठ्यक्रम के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र चंबा के हर गांव को सड़क सुविधा के साथ स्वच्छ पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं व अन्य मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है जिसके लिए वे कृतसंकल्प है। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और विधायक ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को 11 हजार रुपए की राशि प्रदान की। इस दौरान मौजूद लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को खूब लुत्फ उठाया। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रताप सिंह ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अफसर पर प्रधान कमलेश कुमार, एसएमसी अध्यक्ष चमन ठाकुर व साथ लगती पंचायतों के प्रतिनिधियों सहित छात्रों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया।

### नशे को समाप्त करने के लिए छेड़ेंगे अभियान

**भरमौर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठनात्मक जिला चंबा की बैठक रविवार को चंबा में हुई। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री गौरव अत्री व विभाग संगठन मंत्री अमित कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व में हुए कार्यक्रम व अभियान की समीक्षा की गई और साथ ही आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा भी तैयार की गई। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र में फैले नशे की रोकथाम को लेकर एक समिति के गठन को लेकर योजना भी बनाई गई। इसमें विभिन्न इकाईयों के माध्यम से अभियान संबंधी गतिविधियों के क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा भी हुई। विद्यार्थी परिषद के माध्यम से एक समिति का गठन भी किया गया जिसका मुख्य आधार समाज के प्रबुद्ध वर्ग को साथ लेकर चलने व क्षेत्र में नशे की समस्या को जड़ से मिटाने का आह्वान किया गया। जिला बैठक में जिला चंबा की सभी इकाईयों से कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला सयोजक विवेक चाड़क ने कहा की नशे के खात्मे के लिए एबीवीपी अभियान छेड़ेगी। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति का अर्थ होता है व्यक्ति और समाज को नशीले पदार्थ और लतों से मुक्त कराना। नशा मुक्ति अभियान एक ऐसी पहल है जो हमें स्वस्थ, सक्षम और समर्थ समाज की दिशा में ले जाती है। ये अभियान पूरे हिमाचल प्रदेश में विद्यार्थी परिषद द्वारा चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल नशीली दवाइयों और पदार्थों के सेवन को रोकना है तथा हर नागरिक को एकजुट कर नशा के खिलाफ जागरूक करना भी है।

### जनमानस को सनातन से जोड़ने को सुझाव मांगे

**चंबा।** सनातन धर्म सभा चंबा की बैठक मोहल्ला सुराडा में राजमढी के निकट परिसर में आयोजित की गई। जिसमें जागरूकता अभियान के साथ जनमानस को सनातन से जोड़ने और आगामी रणनीति की रूपरेखा तैयार करने के सुझाव आमंत्रित किए गए। बैठक की अध्यक्षता सुरेश कश्मीरी ने की। बैठक में उपस्थित प्रबुद्ध सदस्यों ने सनातन धर्म से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और अपने बहुमूल्य विचार रखे। बैठक में श्मशानघाट भगोत में आ रही समस्याओं पर भी चर्चा हुई जिसका प्रस्ताव आया था। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहयोग करने का व समस्या को प्रशासनिक स्तर पर हल करवाने की बात की। सनातन धर्म सभा चंबा की आगामी बैठक का आयोजन मोहल्ला बनगोटू में सीता राम मंदिर परिसर में किया जाएगा।

# बारिश और बर्फबारी न होने से किसान व बागवान हुए मायूस

## भरमौर में खेतों में सूखने लगी गेहूं और जौ की फसलें

**ओपी शर्मा, भरमौर**

मौसम विभाग की भविष्यवाणी के बाद भी नए साल के आगाज पर बारिश व बर्फबारी न होने के कारण यहां के किसान व बागवान फिर से मायूस हो गए हैं। हालांकि मौसम विभाग ने 30-31 दिसंबर को बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई थी लेकिन आसमान में हल्के बादल जाने के बाद यहां के पहाड़ फिर से बर्फबारी को तरस गए हैं। पिछले कई महीनों से जनजातिय क्षेत्र भरमौर में बारिश न होने के कारण यहां के बागवान व किसान परेशान हो गए हैं। बारिश न होने के चलते बागवान और किसानों की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। गौरतलब है कि सर्दियों के इस सीजन में इस समय भरमौर के पहाड़ बर्फ से लकदक हो जाते थे, लेकिन इस बार बारिश न होने के चलते सारे पहाड़ बिना बर्फबारी के बर्फ को तरस रहे हैं। वहीं किसानों द्वारा बोई गई गेहूं, जौ व सरसों की फसल बिना बारिश के ही खेतों में ही सूख गई है। पिछले कई महीनों से बारिश व बर्फबारी न होने के कारण यहां के प्राकृतिक स्रोत भी सूखने लग पड़े हैं। बिना बारिश के यहां के पहाड़ व जंगल लगातार आग के हवाले चढ़ रहे हैं। हालांकि इससे पहले नवंबर और दिसंबर माह में भरमौर व आसपास के क्षेत्र में बर्फबारी होती रही है जिसका सीधा असर यहां के किसानों व बागवानों को पड़ता था। जानकारों की माने तो दिसंबर व जनवरी महीने में जितनी भारी बर्फबारी होगी उतना ही ज्यादा सेब की फसल होगी। वहीं पर दिसंबर महीने में भारी बर्फबारी का सीधा असर यहां के प्राकृतिक स्रोतों पर भी पड़ता है। माना यह जाता है कि पहाड़ों में दिसंबर महीने में बर्फबारी होती है वह काफी लंबे समय तक टिकती है। पछले कई महीनो से यहां पर बारिश व बर्फबारी न होने के कारण एकाएक सूखी ठंड का प्रकोप बढ़ गया है तो वहीं पर किसान व बागवान भी काफी परेशान दिख रहे हैं। मौसम विभाग द्वारा बारिश और बर्फबारी पूर्वानुमान भी अभी तक गलत ही साबित हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# बनीखेत में पार्किंग की सुविधा नहीं कहां खड़ी करें गाड़ी

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

- लोगों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत बनीखेत में इन दोनों पार्किंग की समस्या से लोगों को दो चार होना पड़ रहा है। बताते चलें की क्षेत्र में नए साल को लेकर बाहरी क्षेत्रों से सैलानियों का जुटना शुरू हो गया है। इसको लेकर बनीखेत बस अड्डा, सुर्खीगला, वैकुंठ नगर, मुख्य बाजार बनीखेत, कॉलेज रोड एवं पद्दर में यहां वहां आडी टेडी खड़ी गाड़ियां अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न कर ही देती हैं हालांकि स्थानीय पुलिस द्वारा मुस्तादी बरतते हुए कई बार चालान भी किए जाते हैं किंतु उसके बावजूद इस समस्या का कोई हल नहीं निकलता नजर आ रहा है।

क्षेत्र के कई होटलों के पास खुद की पार्किंग सुविधा भी नहीं है। पार्किंग को लेकर बनीखेत के कई होटल ग्राम पंचायत बनीखेत की



पार्किंग का सहारा लेते हैं लेकिन, बनीखेत पंचायत पार्किंग की मौजूदा हालत किसी से छुपी नहीं है, वह भी ज्यादातर भरी ही रहती है। गाड़ियां पार्किंग से बाहर खड़ी देखने को मिल ही जाती हैं।

पार्किंग को लेकर बनीखेत में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। इसके लिए स्थानीय लोगों ने प्रशासन एवं प्रदेश सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द पार्किंग को लेकर कोई ठोस हल निकाला जाए ताकि स्थानीय लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके। (अनंत ज्ञान)

# होली-उतराला सड़क के लिए करेंगे आंदोलन

## होली के लोगों ने चेताया, संघर्ष समिति का किया गठन

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

जनजातीय क्षेत्र होली के लोगों के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट माने जाने वाली होली-उतराला सड़क निर्माण की कछुआ चाल को लेकर स्थानीय लोगों ने सरकार और विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लोगों का कहना है कि करीब तीन किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए टेंडर हुए लंबा समय बीत चुका है जबकि इस सड़क का निर्माण कार्य होली की ओर से एक मीटर भी आगे नहीं बढ़ पाया है।

इस सड़क निर्माण का मुद्दा एक बार फिर गूंज रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब इस सड़क निर्माण की कवायद को आगे नहीं बढ़ाया गया तो मजबूरन आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा। रविवार को होली में होली-उतराला सड़क मार्ग निर्माण में तेजी लाए जाने की मांग को लेकर शिव मंदिर प्रांगण होली में एक बैठक का



शिव मंदिर प्रांगण होली में बैठक के दौरान मौजूद ग्रामीण।

आयोजन किया गया। इसमें होली-उतराला सड़क मार्ग संघर्ष समिति का गठन भी किया गया। इस समिति में गगन कुमार को प्रधान, सुनील कुमार को सचिव, लेखराज को उपप्रधान, आदित्य कुमार को सहसचिव, सुनील कुमार को कोषाध्यक्ष और सुनंद कुमार को प्रेस सचिव बनाया गया। इस बैठक में सभी लोगों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण किया जाए अन्यथा सरकार के खिलाफ आंदोलन चलाया जाएगा। इस बैठक में राजीव गांधी पंचायतीराज विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद ठाकुर, ग्राम पंचायत चन्हौता के प्रधान रोहित राही, देओल के प्रधान अनिल कुमार, न्याग्रा पंचायत प्रधान अशोक राजपूत, ग्राम पंचायत होली के उपप्रधान लेखराज, सांह के उपप्रधान बलवंत उपस्थित रहे।














A unit of Grand Paragon Private Limited
Hotel Grand Paragon Palace, The Mall, Solan - Himachal Pradesh - 173212
01792 226666, 226777, 94180 682777, 94180 36277, 6230777337, 7580000377

# विकास कार्यों में ढील बरतने पर रद्द करें ठेकेदार का ठेका

## लापरवाही बरतने पर विधायक चंद्रशेखर ने अधिकारियों को जारी किए आदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने विकास कार्यों को लेकर ठेकेदारों द्वारा लापरवाही बरतने पर कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों को काम न करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने और उनके ठेके तुरंत रद्द करने के आदेश जारी किए।

प्रदेश की सुक्खू सरकार सिर्फ आम जनता और गरीब आदमी को उनका हक दिलाने के लिए काम कर रही है, परंतु अभी भी कुछ ऐसे अधिकारी अपने पदों पर बने हुए है जो पूर्व सरकार की खाओ और खाने दो की नीति पर काम कर रहे हैं। यह बात कमलाह में विधायक चंद्रशेखर ने बाबा कमलाहिया मंदिर कमेटी और धर्मपुर लोहड़ी मेला कमेटी की संयुक्त रूप से आयोजित अधिकारियों और मेला कमेटी की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 13 से 15 जनवरी को आयोजित होने वाली शोभायात्रा के अलावा लड़कियों की वॉलीबाल प्रतियोगिता, बच्चियों के मेडिकल चेकअप की सुविधा, बेबी शो, सांस्कृतिक संध्या, रक्तदान शिविर, उत्तर भारत स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम राजेंद्र गौतम आदि ने भी भाग लिया।



लोहड़ी मेला कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर।

# शहीद का दृष्टिबाधित बेटा बना असिस्टेंट प्रोफेसर

**अनंत ज्ञान, मंडी**



सदर क्षेत्र के रतिपुल जोला गांव के शहीद धर्म सिंह के दृष्टिबाधित बेटे सचिन कुमार ने दिल्ली यूनिवर्सिटी में पॉलिटिकल साइंस में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर आसीन होकर अपने शहीद पिता का नाम रोशन किया है। शत प्रतिशत दृष्टिबाधित सचिन जब दो साल के थे तो उनके पिता शहीद नायक धर्म सिंह जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन रक्षक के दौरान मातृभूमि की रक्षा करते हुए शहीद हो गए थे। उसी दिन से सचिन की मां वीर नारी पुष्पा देवी ने अपने बेटे को दिव्यांग होने का दंश नहीं झेलने दिया और अच्छे स्कूलों में शिक्षा दिलाई और सचिन को सफलतापूर्वक इस मुकाम तक पहुंचाया। सचिन की प्रारंभिक शिक्षा गड्डल स्कूल से हुई। जिसके बाद देहरादून से बारहवीं तक की पढ़ाई पूरी की। जिसके बाद हायर एजुकेशन सेंट स्टीफंस कॉलेज, एमए, एमफिल जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी दिल्ली से पूरी की। वर्तमान में जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी से ही पीएचडी की पढ़ाई भी कंप्लीट कर रहे हैं। इससे पहले सचिन देश के प्रतिष्ठित सेंट स्टीफंस महाविद्यालय में भी पढ़ा चुके हैं। गत वर्ष अप्रैल माह में सचिन विदेश में डब्लिन सिटी यूनिवर्सिटी आयरलैंड में अपना शोध पत्र प्रस्तुत कर अपनी अकादमिक काबिलियत का बेहतर प्रदर्शन कर चुके हैं। इसी दौरान दिल्ली यूनिवर्सिटी के अरविंदो कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित होकर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। सचिन ने बताया कि मेरी सफलता के पीछे मेरी मां, बड़ी बहनों की कड़ी मेहनत व मेरे शहीद पिता का आशीर्वाद रहा है, जिससे मैंने यह मुकाम हासिल किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मंदिर कमेटी के प्रधान बने हेम सिंह रावत



कांगणी माता मंदिर कमेटी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सामूहिक चित्र में।

**मंडी।** कांगणी माता मंदिर कमेटी का चुनाव रविवार को कांगणी धार में हुआ। पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी में हेम सिंह रावत प्रधान, हिमाचली पटियाल उपप्रधान, हरमिंदर रावत सचिव, सुरेंद्र पटियाल सहसचिव, और घनश्याम रावत को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा खेम सिंह, राजकुमार व गीता देवी ऑडिटर, नागेंद्र पटियाल व सुदेश गुलेरिया सलाहकार, कमला व सुनील चंदेल पुजारी तथा 18 कमेटी सदस्यों का चयन किया गया।

### देहरीनाल स्कूल के मेधावी नवाजे



वार्षिक समारोह के दौरान मेधावियों को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि।

**मंडी।** औट क्षेत्र में माता जालपा मंदिर के प्रांगण में राजकीय प्राथमिक पाठशाला देहरीनाल द्वारा वार्षिक परिणाम के साथ वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह भी आयोजित किया गया। मुख्यातिथियों के रूप में स्नोर घाटी के समाजसेवी धीरी सिंह व आलम चंद उपस्थित रहे। शिक्षक राम सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी से लेकर आठवीं और विशेष रूप से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालू की बेटियों ने भी सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथियों ने बच्चों को इनाम भी बांटे। धीरी सिंह ने 5100, आलम चंद ने 1100 और ग्राम पंचायत स्वाखरी की वार्ड पंच देवकला ने स्कूल के लिए 1100 रुपए की नकद राशि प्रदान की।

### अक्षत कलश यात्रा का भव्य स्वागत

**करसोग।** भाग्य के बिना श्रीराम भक्ति का प्राप्त होना कठिन है। श्री राम मे ही निरंतर रमण करते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास पांगणा-खंड अक्षत कलश यात्रा बखरौट, बिठरी, चरखड़ी, सरचा, धारला-चपनोट,कत्याणा-घाड़ी, छण्डयारा, पज्याणु, थाच, मसोग, कलाशन, ठंडापाणी होते हुए राम-नाम करते हुए सुकेत रियासत की ऐतिहासिक नगरी पांगणा पहुंची। भगवान श्रीराम जी की जन्मभूमि अयोध्या से चले इस अक्षत कलश का पांगणा वासियों ने पांगणा-कलाशन पंचायत की सीमा पर बाजार के प्रवेशद्वार पर स्वागत किया।

# गुमाणू में सदर विधायक अनिल शर्मा ने सुनी मन की बात



गुमाणू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम में मौजूद विधायक व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सदर विधायक अनिल शर्मा ने मंडी विधानसभा के गुमाणू बूथ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को संबोधित किया। इस दौरान अनिल शर्मा ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक बेहतरीन पहल है। इस कार्यक्रम का प्रसारण प्रत्येक माह के आखिरी रविवार को किया जाता है, जिसमें हर बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ता और देश की जनता प्रधानमंत्री से जुड़ते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों, टेलीविजन सहित सोशल मीडिया एवं विभिन्न भाषाओं और बोलियों में प्रसारित होता है। सदर विधानसभा क्षेत्र के गुमानु बूथ पर आयोजित इस कार्यक्रम में सदर विधायक अनिल शर्मा, पंचायत प्रधान शशि ठाकुर, उपप्रधान मनीष कुमार, जगदीश शर्मा, मीडिया प्रभारी हिमांशु शर्मा, बीरी सिंह, रमेश कुमार, नंद लाल राणा, बूथ अध्यक्ष कपिल ठाकुर, दीप सिंह मिन्हास मौजूद रहे।

# गोविंद बने भाजपा प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक

**नेरचौक।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने विश्व हिंदू परिषद प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख गोविंद ठाकुर को बीजेपी हिमाचल प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ का संयोजक बनाकर सबको हैरान किया है। गोविंद ठाकुर विश्व हिंदू परिषद में प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख के दायित्व पर कार्य कर रहे थे। संघ के करीबी व संगठन को समर्पित कार्यकर्ता गोविंद ठाकुर कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के साथ जुड़े रहे। पिछले सात वर्षों से विश्व हिंदू परिषद में वह प्रांत के दायित्व कार्यकर्ता है। संघ की पृष्ठभूमि से लोगों को अब भाजपा में भेजा गया है जिनमें से गोविंद ठाकुर भी एक हैं। गोविंद ठाकुर का भाजपा व कांग्रेसी नेता के साथ-सा प्रशासनिक अधिकारियों सामाजिक संगठन समुदाय पदाधिकारी में अच्छी पकड़ है। गोविंद ठाकुर एक लंबे समय से प्रदेश व्यापार मंडल में भी अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

# वास्तुकारों ने सीएम राहत कोष में दिया पांच लाख रुपए का चेक

## मुख्यमंत्री को आपदा से बचने के लिए बनाई विस्तृत रिपोर्ट भी सौंपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स की प्रदेश शाखा ने रविवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को आपदा राहत कोष के लिए पांच लाख 11 हजार 111 रुपए का चेक सौंपा, वहीं उन्हें 16 पन्नों की एक शोधात्मक रिपोर्ट भी सौंपी।

गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश के वास्तुकारों ने जुलाई-अगस्त 2023 में बाढ़ और भूस्खलन आपदा 2023 पर एक रिपोर्ट तैयार की है। यह रिपोर्ट भविष्य के विकास के लिए कारणों, प्रभावों और सिफारिशों के बारे में विस्तार से उल्लेख करती है। रिपोर्ट में आईआईए एचपी चैप्टर के अध्यक्ष एआर नंद लाल चंदेल द्वारा योग्य ट्रस्टी एआर जीत कुमार गुप्ता आईआईए नेशनल बॉडी बॉम्बे की उपस्थिति में मुख्यमंत्री को सौंपी गई। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के साथ वास्तुकला पेशे से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा एआर राजीव शर्मा मुख्य वास्तुकार एचपीपीडब्ल्यूडी हिमाचल प्रदेश सरकार और डॉ. सतीश कुमार कटवाल हेड स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर कांगड़ा नगरोटा बगवां, एआर सुशील शर्मा भी उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष नंद लाल चंदेल ने बताया कि सरकार प्रदेश के वास्तुकारों को ज्यादा ताकत व शक्तियां देने की इच्छा रखती है।




रविवार को शिमला में मुख्यमंत्री सुक्खू को चेक सौंपते प्रदेश के वास्तुकार।




























# प्रदूषण की समस्या पर संजीदा सुक्खू सरकार

**सुक्खू** सरकार ने नए साल की पहली तारीख एक जनवरी, 2024 से प्रदेश में सरकारी विभागों को डीजल या पेट्रोल वाहन नहीं खरीदने पर प्रतिबंध लगाकर काबिल–ए–तारीफ काम किया है। सुक्खू सरकार पर्यावरण के प्रति बेहद गंभीर है और वह हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने की ओर अग्रसर है। इसी दिशा में सरकार ई–वाहनों को भी प्रोत्साहन दे रही है। इससे जहां पर्यावरण प्रदूषित होने से बचेगा, तो वहीं सरकार की आमदनी में भी इजाफा होगा। प्रदेश सरकार की भांति केंद्र सरकारी भी प्रदूषण की समस्या पर काफी संजीदा है। वह बढ़ते प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए वर्ष 2027 तक सभी यात्री वाहनों के लिए डीजल वाहन पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है। केंद्र सरकार कुछ शहरों में डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रही है, खासकर उन शहरों में जहां प्रदूषण घनत्व दस लाख से अधिक है। क्लीन एयर सर्वे 2023 में प्रदेश के परवाणू और काला अंब को पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्रदान किए हैं। डीजल कार अधिक हानिकारक उत्सर्जन उत्पन्न करने के लिए जानी जाती है। इसी वजह से सरकार डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने का प्लान बना रही है। डीजल इंजन जमीनी स्तर पर ओजोन का उत्पादन करते हैं जो पौधों, वनस्पति और यहां तक कि फसलों के लिए घातक हो सकता है। राज्य सरकार लंबे रूटों पर भी ई–बसें चलाना चाहती है। प्रदेश की सुक्खू सरकार ने 31 मार्च, 2026 तक हिमाचल को स्वच्छ व हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसे वह हर हाल में हासिल करना चाहती है। यह सुक्खू सरकार के प्रयासों से ही संभव हो पाया है कि आज प्रदेश में सरकारी ई–वाहनों की संख्या 185 हो गई है, जबकि प्रदेश में पंजीकृत निजी इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या 2733 तक पहुंच गई है। राज्य सरकार हिमाचल में ई–व्हीकल को बढ़ावा दे रही है। ई–टैक्सी खरीदने वालों को सरकार पचास प्रतिशत की सब्सिडी भी दे रही है। ई–वाहनों को घर पर भी चार्ज किया जा सकता है। पिछले कुछ सालों से भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री काफी तेजी से बढ़ रही है। इलेक्ट्रिक वाहनों के खरीदने के बहुत से फायदे हैं, जिसमें कम परिचालन लागत और पर्यावरण अनुकूल होना प्रमुख है। इसके अलावा इनके और भी कई अन्य फायदे भी हैं। इलेक्ट्रिक वाहन को चालू रखने के लिए पेट्रोल या डीजल का इस्तेमाल नहीं होता, जिससे लोग ईंधन पर बहुत सारा पैसा बचा सकते हैं। पेट्रोल या डीजल की कीमत की तुलना में इलेक्ट्रिक वाहन को चार्ज करने की लागत भी काफी कम है। साथ ही सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग करके भी बिजली की लागत को और कम किया जा सकता है। ईंधन भरवाने के लिए नजदीकी पेट्रोल स्टेशन ढूंढने की जरूरत नहीं होती है। घर पर इलेक्ट्रिक वाहन फास्ट चार्जिंग तकनीक के साथ हो सकते हैं। पेट्रोल या डीजल से चलने वाले वाहनों को नियमित मेंटेनेंस की आवश्यकता होती है, जबकि इलेक्ट्रिक वाहनों के मामले में ऐसा नहीं है, क्योंकि उनमें तुलनात्मक रूप से कम मूविंग पार्ट्स होते हैं। कुछ साल पहले इलेक्ट्रिक वाहन को अव्यवहारिक माना जाता था, लेकिन अब इसमें काफी बदलाव आया है और कंपनियों ने इन पर काफी मेहनत और शोध किया है। इलेक्ट्रिक वाहन वजन में हल्के होते हैं और इनकी परफॉर्मेंस अच्छी होती है। इलेक्ट्रिक वाहन का सबसे बड़ा लाभ हमारे पर्यावरण के लिए है, क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहन धुआं नहीं छोड़ते। इलेक्ट्रिक वाहन की मोटर एक क्लोज सर्किट पर चलती है, इसलिए यह किसी भी हानिकारक गैसों का उत्सर्जन नहीं करती है। निश्चित रूप से सीएम सुक्खू का यह निर्णय आने वाले समय में उपयोगी साबित होगा।

# नई उम्मीदें, नए सपने और नए लक्ष्य दिखाए नया साल

नए साल पर अपनी आशाएं रखना हमारे लिए बहुत अच्छी बात है, हमें यह भी समझने की जरूरत है कि आशाओं के साथ निराशाएं भी आती हैं। जीवन द्वंद्व का खेल है और नया साल भी इसका अपवाद नहीं है। यदि हम 'बीते वर्ष' पर ईमानदारी से विचार करें, तो हमें एहसास होगा कि हालांकि यह आवश्यक नहीं है कि वर्ष ने वह प्रदान किया हो जो हमने उससे चाहा था, लेकिन इसने हमें कुछ बहुमूल्य सीख और अनुभव अवश्य दिए। ये अलग से बहुत महत्वपूर्ण नहीं लग सकते हैं, लेकिन संभवतः ये प्रकृति का हमें उस उपहार के लिए तैयार करने का तरीका है, जो उसने हमारे लिए रखा है, जिसे वह अपनी समय सीमा में वितरित करेगी। साथ ही, अगर साल ने हमसे कुछ बहुत कीमती चीज छीन ली है, तो निश्चित रूप से उसने उसकी समान मात्रा में भरपाई भी कर दी है। वर्ष के अंत में, हमें एहसास होता है कि हमारी बैलेंस शीट काफी उचित है। तो, आइए हम आने वाले वर्ष में इस विश्वास के साथ प्रवेश करें कि नए साल का जादू यह जानने में निहित है कि चाहे कुछ भी हो, हर निराशा के लिए मुआवजा होगा, हर इच्छा की पूर्ति के लिए एक सीख होगी।



लेखिका
प्रियंका सौरभ
रिसर्च स्कॉलर इन पोलिटिकल साइंस, कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार, उब्बा भवन, आर्य नगर, हिसार (हरियाणा)–125004

**'बीत गया यह साल तो, देकर सुख–दुःख मीत।**
**क्या पता? क्या है बुना? नई भोर ने गीत।।**
**जो खोया वो सोचकर, होना नहीं उदास।**
**जब तक सांसें यह चले, रख खुशियों की आस।।'**

हर साल, साल–दर–साल, हम अपने दिल में एक गीत और कदमों में वसंत के साथ नए साल में प्रवेश करते हैं। हमें विश्वास है कि जादुई वर्ष अपने साथ हमारी सभी समस्याओं का समाधान लाएगा और हमारी सभी इच्छाएं पूरी करेगा। चाहे वह सपनों का घर हो, सपनों का प्रस्ताव हो, सपनों की नौकरी हो, सपनों का साथी हो, सपनों का अवसर हो... और भी बहुत कुछ बेहतर हो। जैसे–जैसे साल शुरू होता है और हम जो कुछ भी सामने आता है उससे निपटते हैं, नए साल की नवीनता, नए संकल्प, नई शुरुआत पहली तिमाही तक लुप्त होने लगती है। वर्ष के मध्य तक हम बहुत अधिक सामान्यता और कई फीकी आशाओं की चपेट में होते हैं, जो उस वादे से बहुत दूर है जिसके साथ हमने शुरुआत की थी। आखिरी तिमाही तक हम अपनी वास्तविकता से इतने अभिभूत हो जाते हैं कि हम साल खत्म होने का इंतजार नहीं कर सकते। हम वर्तमान वर्ष को छोड़ते हुए और एक और 'नया साल' मनाने के लिए पूरी तरह तैयार हो जाते हैं और शुभकामनाएं बांटते हैं :–

**'बांट रहे शुभकामना, मंगल हो नववर्ष।**
**आनंद उत्कर्ष बढ़े, हर चेहरे हो हर्ष।।**
**गर्वित होकर जिंदगी, लिखे अमर अभिलेख।**
**सौरभ ऐसी खींचिए, सुंदर जीवन रेख।।**

नववर्ष वह समय है जब हमें अचानक लगता है कि ओह, एक साल बीत गया। हम कुछ पलों के लिए स्तब्ध हो जाते हैं कि समय कितनी जल्दी बीत जाता है और फिर हम वापस अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। मजे की बात यह है कि ऐसा साल में लगभग एक बार तो होता ही है। यदि हम आश्चर्य के इन क्षणों की गहराई में जाएं, तब हम पाएंगे कि हमारे भीतर कुछ ऐसा है, जो सभी घटनाओं को साक्षी भाव से देख रहा है। हमारे भीतर का यह साक्षी भाव अपरिवर्तित रहता है और इसीलिए हम समय के साथ बदलती घटनाओं को देख पाते हैं। जीवन की वे सभी घटनाएं जो बीत चुकी हैं, एक स्वप्न बन गई हैं। जीवन के इस स्वप्न जैसे स्वभाव को समझना ही ज्ञान है। यह स्वप्न अभी इस क्षण भी चल रहा है। जब हम यह बात समझते हैं तब हमारे भीतर से एक प्रबल शक्ति का उदय होता है



और फिर घटनाएं व परिस्थितियां हमें हिलाती नहीं हैं। हालांकि, घटनाओं का भी जीवन में अपना महत्व है। हमें घटनाओं से सीखना चाहिए और आगे बढ़ते रहना चाहिए। नया साल नई उम्मीदें, नए सपने, नए लक्ष्य और नए आइडिया की उम्मीद देता है, इसलिए सभी लोग खुशी से बिना किसी मलाल के इसका स्वागत करते हैं : –

**'आते जाते साल है, करना नहीं मलाल।**
**सौरभ एक दुआ करे, रहे सभी खुशहाल।।**
**छोटी सी है जिंदगी, बैर भुलाये मीत।**
**नई भोर का स्वागतम्, प्रेम बढ़ाए प्रीत।।'**

हालांकि, नए साल पर अपनी आशाएं रखना हमारे लिए बहुत अच्छी बात है, हमें यह समझने की जरूरत है कि आशाओं के साथ निराशाएं भी आती हैं। जीवन द्वंद्व का खेल है और नया साल भी इसका अपवाद नहीं है। यदि हम 'बीते वर्ष' पर ईमानदारी से विचार करें, तो हमें एहसास होगा कि यह आवश्यक नहीं है कि वर्ष ने वह प्रदान किया हो जो हमने उससे चाहा था, लेकिन इसने हमें कुछ बहुमूल्य सीख और अनुभव अवश्य दिए। ये अलग से बहुत महत्वपूर्ण नहीं लग सकते हैं, लेकिन यह संभवतः प्रकृति का हमें उस उपहार के लिए तैयार करने का तरीका है, जो उसने हमारे लिए रखा है। जिसे वह अपनी समय सीमा में वितरित करेगी। साथ ही अगर साल ने हमसे कुछ बहुत कीमती चीज छीन ली है, तो निश्चित रूप से उसने उसकी समान मात्रा में भरपाई भी कर दी है। वर्ष के अंत में हमें एहसास होता है कि हमारी बैलेंस शीट काफी उचित है। तो, आइए हम आने वाले वर्ष में इस विश्वास के साथ प्रवेश करें कि नए साल का जादू यह जानने में निहित है कि चाहे कुछ भी हो, हर निराशा के लिए मुआवजा होगा, हर इच्छा की पूर्ति के लिए एक सीख होगी, दर्द–दुखों का अंत होगा, अपनेपन की धूप होगी–

**'छंटे कुहासा मौन का, निखरे मन का रूप।**
**सब रिश्तों में खिल उठे, अपनेपन की धूप।।**
**दर्द–दुखों का अंत हो, विपदाएं हो दूर।**
**कोई भी न हो कहीं, रोने को मजबूर।।'**

नए साल पर अपने लिए लक्ष्य निर्धारित कर लें। छात्र हों या नौकरीपेशा, सभी के लिए कोई न कोई लक्ष्य होना जरूरी होता है। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए क्या कर सकते हैं और किस दिशा में प्रयास करना है, इन सब का निर्धारण करने के बाद उसे पूरा करने का संकल्प ले लें। आपका संकल्प हमेशा लक्ष्य को पूरा करने की याद दिलाता रहेगा। सभी 'नए साल' को जीवनकाल से जोड़ते हैं और हमारा जीवनकाल आशाओं और निराशाओं, सफलताओं और असफलताओं, खुशियों और दुखों के बारे में है और यह वर्ष भी कम जादुई नहीं होगा। इस वर्ष आप अपने संकल्पों को कैसे पूरा कर सकते हैं? इस बारे सोच समझकर आगे बढ़िये, दूसरों से समर्थन मांगें, अपने मित्रों और परिवार से आपका उत्साह बढ़ाने के लिए कहें। उन्हें अपने लक्ष्य बताएं और आप क्या हासिल करना चाहते हैं। अपने लिए एक इनाम प्रणाली बनाएं, अल्पकालिक लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें पूरा करने के लिए स्वयं को पुरस्कृत करें। अपने ऊपर दया कीजिए, कोई भी एकदम सही नहीं होता। अपने आप को कोसने की बजाय गहरी सांस लें और नव उत्कर्ष के प्रयास करते रहें :–

**'खोल दीजिए राज सब, करिए नव उत्कर्ष।**
**चेतन अवचेतन खिले, सौरभ इस नववर्ष।।**
**हंसी–खुशी, सुख–शांति हो, खुशियां हो जीवंत।**
**मन की सूखी डाल पर, खिले सौरभ वसंत।।**

ऐसा माना जाता है कि साल का पहला दिन अगर उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाए, तो पूरा साल इसी उत्साह और खुशियों के साथ बीतेगा। हालांकि, भारतीय परंपरा के अनुसार नया साल एक नई शुरुआत को दर्शाता है और हमेशा आगे बढ़ने की सीख देता है। पुराने साल में हमने जो भी किया, सीखा, सफल या असफल हुए उससे सीख लेकर, एक नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ना चाहिए ताकि इस वर्ष की एक सुखद पहचान बने–

**'खिली–खिली हो जिंदगी, महक उठे अरमान।**
**आशा है नव साल की, सुखद बने पहचान।।**
**छेड़ रही है प्यार की, मीठी–मीठी तान।**
**नए साल के पंख पर, खुशबू भरे उड़ान।।'**

## बोलता है कैमरा...




**शिमला।** साल 2023 की अंतिम संध्या के अवसर पर नए साल का जश्न मनाने काफी संख्या में पर्यटक शिमला पहुंचे। रिज मैदान पर पर्यटकों की काफी भीड़ दिखाई दी। वहीं, विंटर कॉर्निवाल के लिए पहुंचे कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में खास अंदाज से नव वर्ष 2024 का स्वागत किया। **फोटो: प्रदीप कुमार**

## प्रेरक कथा



## उचित विश्राम

**दिन** का समय था। मिर्जा गालिब ने शेरवानी उठाई और मस्जिद की ओर चल दिए। मार्ग में एक सायादार वृक्ष देखा। वे सुस्ताने के लिए बैठ गए। शेरवानी एक टहनी पर लटका दी। थके–मांदे तो थे ही, झपकी आ गई। एक चोर आया। उसने देखा कि मुसाफिर बेखबर सोया पड़ा है, इसलिए शेरवानी उतारकर चलता बना। मिर्जा की नींद खुली तो क्या देखते हैं कि कोई चोर दिन में ही उनकी शेरवानी उड़ा ले गया। वे मुस्कुराए और बेसाख्ता उनके मुंह से निकल गया,

*'न लुटता दिन को तो कब रात में, मैं बेखबर सोता,*
*रहा खटका न चोरी का, दुआ देता हूं रहजन को।'*

अर्थात ईश्वर! तू चोर की उम्र लंबी कर, उसने मुझे दिन में लूट ही लिया है। अब कम–से–कम रात को तो पैर फैलाकर सोऊंगा। मिर्जा गालिब ने अपने नुकसान की चिंता नहीं की, बल्कि संतोष व्यक्त किया कि रात को आराम से विश्राम कर सकेंगे। जीवन में लाभ–हानि तो होते ही रहते हैं, वह सब अपनी जगह है, लेकिन विश्राम करना अर्थात रात के समय सोना या कठिन परिश्रम के बाद थोड़ा विश्राम लेना। अपनी जगह रात्रि या थकावट के बाद की घड़ियां बनाई ही विश्राम के लिए हैं, इसलिए यदि उन्नति करनी है, तो मेहनत के साथ–साथ उचित निद्रा व विश्राम का भी आनंद लें। व्यर्थ की चिंताएं न करके अपने विश्राम के अधिकार को न खोएं।

# कालगणना नहीं, कालबोध है महत्वपूर्ण

**अस्तित्व** सदा से है और सदा रहता है। यह सनातन है। चिरंतन है। यह नया या पुराना नहीं होता, लेकिन अनुभव और अनुभूति में यह प्रतिपल नया है। सूर्य प्रतिपल नया है। हर एक सूर्योदय नया है। इसके पहले मुदित मन प्रतिदिन आती उषा भी नई है। ऋग्वेद के ऋषि उषा के सौंदर्य का वर्णन करते हैं। बताते हैं कि यह उषा नई हैं और पुरानी युवती हैं। पुरानी युवती शब्द का प्रयोग ध्यान देने योग्य है। युवती शब्द का प्रयोग तरुण स्त्री के लिए होता है, लेकिन ऋषि की अनुभूति में उषा पुरानी होकर भी नई हैं। चंद्र भी प्रतिदिन नया है और साथ–साथ पुराना भी। प्रत्येक पूर्णिमा नई है और अमावस्या भी नई है। वर्षा की हर एक बूंद नई है। शीत नई है और ऊष्मा भी नई है। यहां नए का अलग अस्तित्व नहीं है। वह पहले से गतिशील अस्तित्व का विस्तार है। समय भी नया या पुराना नहीं होता। समय अखंड है।

यूरोपीय काल गणना के अनुसार, रविवार देर रात 12 बजे वर्षांत हुआ और उनकी मान्यता के अनुरूप नववर्ष प्रारंभ हो गया। 'हैप्पी न्यू ईयर' में अस्तित्व की अनुकंपा व प्रसाद के गीत नहीं है। अनेक लोगों ने इसी बहाने नई तरह की दारू का इंतजाम किया होगा और नाच गाने का भी। 'हैप्पी न्यू ईयर' सिर पर चढ़कर बोल रहा है। यूरोपीय नववर्ष लगभग हर वर्ष अपने साथ कड़ाके की ठंड और सर्द हवाएं लेकर आता है। अंग्रेजी कैलेंडर में जनवरी में जनवरी ही नई है। वैसे जनवरी में कुछ भी नया नहीं होता न कोई आह्लाद, न प्रसाद, न ऋतु और न आनंद। प्रकृति का कोई छंद और न सुख अनुभव कराने वाली कोई गंध और न स्पर्श। गंध ढोकर लाने वाली हवाएं स्वयं शीत के प्रभाव में हैं। वातावरण



लेखकः हृदयनारायण दीक्षित
(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

अथर्ववेद के 19वें कांड में कहते हैं, 'काल से सब उत्पन्न होते हैं। काल सबका पिता है। काल से काल उत्पन्न होता है।' बताते हैं कि काल पिता है और काल ही पुत्र है। काल से जल पैदा हुआ। काल से ज्ञान तप और दिशाएं उत्पन्न हुईं। काल से सूर्योदय और काल से सूर्यास्त है। काल में मन है और काल में प्राण है।' यहां सर्वव्यापी हो गया है। वैसे काल का अस्तित्व एक समान नहीं होता। हम किसी आत्मीय के साथ होते हैं तो काल अल्प प्रतीत होता है। किसी बुरे आदमी की संगति में काल बहुत लंबा जान पड़ता है।

में सर्दी ही सर्दी है। सर्दी भी स्वयं दुबकी हुई दिखाई पड़ती है। सर्दी और कोहरे ने 'हैप्पी न्यू ईयर' का मजा कम कर दिया, तो भी लोगों ने जश्न मनाया।

प्रकृति ने जम्बूद्वीप भरत खंड को पूरे मनोयोग से गढ़ा है। यहां सत्य शिव सौंदर्य की छटा है। प्रकृति नाना रूपवती है। जम्बूद्वीप भरत खंड में सदा नीरा नदियां हैं। इठलाती गीत जाती नदियां स्वयं आनंद रस परिपूर्ण हैं। यहां नदियां माताएं हैं और देवियां हैं। इस भू–खंड में अनंत जलराशि वाले समुद्र भी हैं। फूलों की घाटियां हैं। आकाश छूने को लालायित विशाल मंदिर हैं। सब तरफ वन उपवन हैं। गंधमादन वातायन है। जलाशयों में कमल के फूल हैं। कालिदास ने मेघदूत में कमल के फूलों वाले क्षेत्रों की मोहक चर्चा की है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में भी कमल की विस्तृत चर्चा है। यहां छह ऋतुएं हैं। सभी ऋतुओं के अपने आकर्षण हैं, लेकिन अंग्रेजी नववर्ष में नदियों में कोई उल्लास नहीं होता। दिशाएं उल्लासधर्मा नहीं होतीं। प्रकृति के नियम शाश्वत हैं। पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है। दिन रात मिलाकर 720 अहोरात्र हैं। अहोरात्र दिन–रात के जोड़े हैं।

पृथ्वी सहित अनेक ग्रह गतिशील हैं। हमारे पूर्वजों ने काल को चक्रीय बताया है। चक्र की गति में प्रथम और आखिरी नहीं होता। तब नया साल कहां से आया। हमारी समस्या है कि नए साल की गिनती कहां से शुरू करें। प्रश्न यह भी है कि नए साल की गिनती पहली जनवरी से क्यों शुरू होती है। न्यू ईयर वाली जनवरी बिंदास होती है, लेकिन जनवरी में वसंत जैसी सुगंधित वायु नहीं बहती। वातावरण मधुवाता नहीं होता। मन प्रश्नाकुल है नया साल वसंत से क्यों नहीं शुरू होता? फाल्गुन या चैत्र से क्यों नहीं। यूरोपीय विद्वानों ने हड़बड़ी में 10 महीने का कैलेंडर बनाया था। उनके कैलेंडर में तब जनवरी और फरवरी नहीं थे। तब कैलेंडर का सातवां महीना सितंबर था। लैटिन में सितंबर सेपटेमबर है। आठवां अक्तूबर है। नवां नवंबर है और दसवां दिसंबर है। अंग्रेजी कैलेंडर के सातवें, आठवें, नवें और दसवें महीने संख्यावाची हैं। बाद में इसमें जनवरी और फरवरी जोड़ दी गई। तब सातवां माह नवां हो गया। आठवां अक्तूबर था, लेकिन दसवां हो गया। नवां नवंबर था। यह ग्यारहवां हो गया और दसवां दिसंबर बारहवां हो गया। कालगणना महत्वपूर्ण नहीं है। काल बोध महत्वपूर्ण है। काल अस्तित्व से परे नहीं है। अस्तित्व सर्जक है। इसका प्रत्येक अणु गतिशील है। गति से समय है। दिन, रात, मास व वर्ष काल के अंग हैं, लेकिन सृष्टि के पहले समय नहीं था। ऋग्वेद में कहते हैं, 'तब न रात्रि थी न दिन।' अर्थात समय नहीं था। ऋग्वेद के अनुसार, आकाश भी नहीं था। तब वायु भी नहीं थी, लेकिन अस्तित्व वायुहीन वातावरण में अपनी क्षमता के बल पर सांस ले रहा था– 'अनादि वातं स्वधया तदेंक।' सब तरफ गहन अंधकार था और जल ही जल था।

वह अगाध जलों में प्रकट हुआ। समय का जन्म गति से हुआ है। भारतीय चिंतन में काल को जगत् का नियंता भी कहा गया है। अथर्ववेद के 19वें कांड में कहते हैं, 'काल से सब उत्पन्न होते हैं। काल सबका पिता है। काल से काल उत्पन्न होता है।' बताते हैं कि काल पिता है और काल ही पुत्र है। काल से जल पैदा हुआ। काल से ज्ञान तप और दिशाएं उत्पन्न हुईं। काल से सूर्योदय और काल से सूर्यास्त है। काल में मन है और काल में प्राण है।' यहां सर्वव्यापी हो गया है। वैसे काल का अस्तित्व एक समान नहीं होता। हम किसी आत्मीय के साथ होते हैं तो काल अल्प प्रतीत होता है। किसी बुरे आदमी की संगति में काल बहुत लंबा जान पड़ता है।

# साहित्य समाज का मार्गदर्शक और आलोचक होता है



## ब्लॉगर

लेखक : शिव सन्याल, जवाली
जिला–कांगड़ा ,मो : 9418063995


यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

**जबसे** सृष्टि की रचना हुई है। सुंदर मनोहारी प्रकृति अपने लावण्य से मानव जगत को आलोकित करती आई है। सौंधी धरा से सूक्ष्म से सूक्ष्म जीवों की उत्पत्ति हुई। जीव–जंतुओं से भरा संसार अपने–अपने कुटुंब में स्नेह सूत्र में पिरोया हुआ है। इन सबसे श्रेष्ठ मानव जाति ही है, जो आपसी भाईचारे में सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिकता में पनपती हुई सुदृढ़ हुई है। नवजात की पहली किलकारी से शब्द का उद्गार हुआ, बोली का रूप निखरा और भाषा बनी।

वृहत देश में हर राज्य के हर प्रांत की अपनी बोली है, जिसे समझने के लिए एक मात्र विकल्प हिंदी है। परिवार दादा–दादी, माता–पिता, भाई–बहन, बेटी और बहू से बना एक अटूट बंधन है। परंपराएं, शिष्टाचार और संस्कार परिवार के ही अंदर मिलते हैं। परिवार से ही समाज बनता है। समाज और साहित्य का घनिष्ट संबंध है। साहित्य समाज का दर्पण है। हितेन सहितम् अर्थात जो हित साधन करे, वही साहित्य है। साहित्यकार समाज को दिशा प्रदान करता है। समाज की अच्छाई बुराई का आईना है और आलोचक भी। साहित्य प्राचीनकाल से चला आ रहा है। साहित्य समाज का संबल है। अपने–आप में इतिहास समेटे हुए है। चाहे रामायण हो या महाभारत हमें हर क्षण का पथ प्रदर्शन करवाता है। साहित्य क्षेत्र की महान विभूतियां मुंशी प्रेम चंद, शरत चंद्र, रविंद्रनाथ टैगोर, सुभद्रा कुमारी चौहान, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, आचार्य रामचंद्र शुक्ला, हजारी प्रसाद द्विवेदी, सूरदास, कालीदास, रैदास, कबीर और भी कितने महान साहित्यकारों की सृजन से ही समाज में पहचान बनी। इनकी अनमोल रचनाओं से भारत गौरवान्वित हुआ। साहित्य जीवन की आलोचना है और साहित्य समाज का मार्गदर्शक भी है। जैसे–जैसे समय बदलता है आदमी का रहन–सहन और खान–पान बदलता है। आज के इस युग में आदमी मतलबी, द्वेषी अहंकारी, दंभी और स्वार्थी बनता जा रहा है। यही कारण है कि रचनाओं में भी वही पुट मुखर हो रहा है।

हैवानियत का नंगा नाच हो रहा है, तो उसके विरोध में रचनाएं भी हुंकार भर रही हैं। जब–जब भी मन रोमांचित हो या विह्वल हो, तो अंतस् मन से भाव प्रस्फुटित हो उठते हैं, वही कविता है। अपने विचारों को सहेजकर लिख देना कविता है। कविता में जीवन के हर खट्टे–मीठे भावों को उजागर किया होता है। कविता जन मानस की चेतना है। कविता शृंगार रस की हो, वीर रस की हो, विरह वेदना के भाव संजोए हों, हर घटना का बिंब बन कर हृदय पर छाप छोड़ती है। वीरगाथा काल में वीर रस रचनाएं प्रधान थीं। रीतिकाल में शृंगार रस की रचनाएं प्रधान थीं। समाज की चित्तवृत्ति के अनुसार ही साहित्य का निर्माण होता है। समाज से साहित्य और साहित्य से जनमानस की अभिव्यक्ति समायोजित होती है। आपस के संयोग से ही दोनों पनपते हैं।

समाज का हर लेखा–जोखा साहित्य ही रखता आया है। किसी काल की भाषा व संस्कृति के आलेख आज भी पढ़ने को मिलते हैं। कोई भी देश तब ही समृद्ध हो सकता है, जिसके पास अच्छे समाज के लिए अच्छा साहित्य, अच्छी कविता हो और अच्छे आलोचक हों। समाज के हर क्षेत्र में साहित्य का उत्थान होना बहुत जरूरी है। साहित्य को सहेजा जाए, उसे पोषित किया जाए तो रचनाकार साहित्यकार निर्बाध लेखनी चला सकेंगे।



## आपका पत्र

**आज** हर घर के दूसरे युवा के पास बड़ी डिग्रियां हैं, महंगे कोर्स हैं और जो उसके पास नहीं हैं, वो नौकरी है। बड़ी डिग्रियां, महंगे कोर्स यह सारी मेहनत एक बेहतर नौकरी, बेहतर जिंदगी और बेहतर घर परिवार के सपने के लिए है। इन सपनों की राह में जो सबसे बड़ी नाकामी है, वो है बेरोजगारी। अब इसे सिस्टम की नाकामी कहा जाए, जनसंख्या में वृद्धि या फिर लगातार बढ़ती पढ़े–लिखे युवाओं की जनसंख्या, जिसने अच्छी नौकरी के ख्वाब पाल रखे हैं। सरकारी नौकरी हर किसी के लिए संभव नहीं है। प्राइवेट सेक्टर में कहीं अच्छी संभावनाएं है, तो कहीं सैलरी और सिक्योर जॉब पर संकट है। आज के समय में निजी बिजनेस भी हर युवा के लिए संभव नहीं है। उसके लिए भी आर्थिकी मदद की दरकार होगी। हालांकि, सरकार ने स्वरोजगार के लिए कई योजनाएं केंद्र से राज्य लेवल तक की चलाई हैं, लेकिन उसके लिए हर युवा तैयार नहीं, क्योंकि कोई नौकरी ही करना चाहता है तो कोई बिजनेस। एक सिक्योर जॉब की तलाश भी बेरोजगारी का सबसे बड़ा कारण हैं, क्योंकि असुरक्षा का डर हमेशा युवाओं के मन में रहता है। ऐसे में सरकार के पास क्या सिस्टम होना चाहिए कि जो युवा प्राइवेट सेक्टर में जॉब कर रहे हैं वहां वह सिक्योर हो और इस सिस्टम के लिए कानून स्पष्ट हो। – **सुमित, हमीरपुर।**

यह कॉलम आपके लिए है। कृपया अपनी समस्याएं व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



कुल्लू के हरफु राम फुर्सत के क्षणों में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



कुल्लू के सब्जी विक्रेता रफीक आलम अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



कुल्लू निवासी हेत राम हर्ष फुर्सत में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



कुल्लू के सुनील शर्मा अपनी शिव शक्ति कॉर्नर दुकान में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



लाहौल के क्योर गांव के वांग्झाल, महंत बेहड़ कुल्लू में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


शर्मा लेबोरेटरी के अश्वनी शर्मा फुर्सत के समय अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

### राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के लिए 400 महिलाओं ने मालरोड पर की महानाटी की रिहर्सल

# महिलाओं के साथ नाटी पर थिरके सैलानी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का मुख्य आकर्षण महिला मंडलों की महानाटी रहेगी। तीन और पांच जनवरी को होने वाली महानाटी की रविवार को मनाली के मालरोड में रिहर्सल की गई। राइट बैंक की 122 महिला मंडलों की लगभग 400 महिलाओं ने रिहर्सल में भाग लिया। खास यह रहा कि नववर्ष का जश्न मनाने के लिए मनाली पहुंचे पर्यटकों ने जहां नाटी का लुत्फ लिया, वहीं महिलाओं के साथ महानाटी मे थिरकने भी लुत्फ भी लिया। पर्यटक भी महानाटी में महिलाओं के साथ खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए। पर्यटकों ने महानाटी को अपने मोबाइल में कैद किया और सेल्फियां लीं।

गौरतलब है कि दो से छह जनवरी तक राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। सांस्कृतिक झांकियां, विंटर क्वीन प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहेगी। तीन और पांच जनवरी को मालरोड पर महानाटी का आयोजन किया जाएगा। तीन को लेफ्ट और पांच जनवरी को राइट बैंक की



महानाटी के लिए मालरोड में रिहर्सल करती महिलाएं।

महिलाएं महानाटी में भाग लेगी। महानाटी में 250 महिला मंडलों की लगभग तीन हजार महिलाएं नाटी डालेगी। रिहर्सल में महिलाओं ने दो बार नाटी डाली। मालरोड में पारंपरिक परिधानों में महिलाओं ने नाटी डाली तो पर्यटक भी रोमांचित हो गए। कदम से कदम मिलाकर महिलाओं ने कुल्लवी गीतों पर जोरदार नाटी डाली। पर्यटकों ने नाटी के दौरान सेल्फियां भी लीं। कई लोगों ने सोशल मीडिया पर इस दृश्य को लाइव किया।

महानाटी आयोजन समिति के प्रभारी बालक राम ने बताया कि महानाटी का कार्निवाल के दौरान दो दिन शानदार आयोजन किया जाएगा। रविवार को राइट बैंक की महिलाओं की फाइनल रिहर्सल हुई।

गौर रहे कि दो से छह जनवरी तक राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। सांस्कृतिक झांकियां, विंटर क्वीन प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहेंगी। तीन और पांच जनवरी को मालरोड पर महानाटी का आयोजन किया जाएगा। तीन जनवरी को लेफ्ट और पांच जनवरी को राइट बैंक की महिलाएं महानाटी में भाग लेंगी। महानाटी में 250 महिला मंडलों की लगभग तीन हजार महिलाएं नाटी डालेंगी। रिहर्सल में महिलाओं ने दो बार नाटी डाली। मालरोड में पारंपरिक परिधानों में महिलाओं ने नाटी डाली तो पर्यटक भी रोमांचित हो गए। कदम से कदम मिलाकर महिलाओं ने कुल्लवी गीतों पर जोरदार नाटी डाली। कई लोगों ने सोशल मीडिया पर इस दृश्य को लाइव किया। महानाटी आयोजन समिति के प्रभारी बालक राम ने बताया कि महानाटी का कार्निवाल के दौरान दो दिन शानदार आयोजन किया जाएगा।

### कार्निवाल की तैयारियां पूरीं

**उधर,** एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि रिहर्सल में 122 महिला मंडलों की लगभग 400 महिलाओं ने भाग लिया। विंटर कार्निवाल की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है।

## आनी से रघुपुर के लिए बस सेवा शुरू

**बंजार।** आनी क्षेत्र की जनता की सुविधा के मद्देनजर निगम की बस सेवा शुरू होने का निर्णय स्वागत योग्य है। यह बात बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने कही। उन्होंने कहा कि बंजार उपमंडल के अंतर्गत बंजार से सोझा तक चलने वाली हिमाचल पथ परिवहन की बस सेवा को शुरू होकर आनी तक चलाने से घाटी की जनता को लाभ मिलेगा। शौरी ने कहा कि नववर्ष से पूर्व इस बस के रूट का बढ़ाने व बस की समयसारिणी में बदलाव के आदेश किए गए हैं व आज से यह सेवा शुरू भी कई गई है, परंतु इस बस सेवा के विस्तारीकरण पर सोझा तक के स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि सरकार और विभाग को चाहिए कुल्लू से सीधी नई बस लगाई जाए। समयसारिणी में बदलाव के कारण इस बस सेवा को पूर्व में सोझा तक शुरू करने का मूलभूत उद्देश्य ही समाप्त हो गया है। इस बस सेवा की शुरुआत जनता की मांग पर सोझा तक के स्कूली बच्चों व विभिन्न कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों को सुबह लाने व सायंकाल में वापस ले जाने के लिए की गई थी। इस बस सेवा के विस्तारीकरण के साथ समयसारिणी बदल कर बंजार सोझा बस लगाने का औचित्य ही समाप्त कर दिया गया है।

# बैडमिंटन खिलाड़ियों को दिया जाएगा निशुल्क प्रशिक्षण : आशुतोष गर्ग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

उपायुक्त एवं जिला क्रीड़ा संघ कुल्लू के अध्यक्ष आशुतोष गर्ग की अध्यक्षता में जिला क्रीड़ा परिषद कुल्लू की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला क्रीड़ा परिषद से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में कुल्लू में निर्मित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स को संचालित करने संबंधी उन सभी मुद्दों पर चर्चा की गई ताकि अधिक युवाओं तथा खेल प्रेमियों को इसका लाभ मिल सके।

उन्होंने बताया कि खाली समय में खिलाड़ियों को ढालपुर इंडोर स्टेडियम के बैडमिंटन टेबल, टेनिस के कोर्ट निजी कोच को संचालन के लिए 150 रुपए प्रति घंटा के हिसाब से फीस निर्धारित करने का प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया, जिससे इसका लाभ आधिकारिक खिलाड़ियों को मिल सके। बैडमिंटन के लिए एक महीने का मुफ्त प्रशिक्षण कैंप आयोजित किया जाएगा।


बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए उपायुक्त आशुतोष गर्ग।

उपायुक्त ने परिसर में सीसीटीवी कैमरा तथा पीने के पानी के फिल्टर की व्यवस्था करने हेतु एस्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद को परिसर में पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के भी निर्देश दिए। बैठक में कविता ठाकुर दानवेंद्र सिंह, वेद राम ठाकुर, किशन ठाकुर सहित विभिन्न क्रीड़ा संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### सिराज कप क्रिकेट टूर्नामेंट 10 से


जानकारी देते स्पोर्ट्स एवं कल्चरल क्लब आनी के प्रधान दिनेश ठाकुर, साथ हैं अन्य।

**आनी।** आनी क्षेत्र का सबसे बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट सिराज कप क्रिकेट 2024 इस वर्ष 10 जनवरी से शुरू होगा। इस बारे जानकारी देते हुए स्पोर्ट्स एवं कल्चरल क्लब आनी के प्रधान दिनेश ठाकुर ने बताया कि नॉक आउट फॉरमेट के आधार ओर खेली जाने वाली इस ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता में 128 टीमें भाग लेती हैं। दिनेश ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष जैसे ही सिराज कप क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों के लिए एंट्री फीस लेनी शुरू हुई तो दो दिनों के भीतर ही सभी 128 टीमों ने अपनी एंट्री फीस जमा करवा ली है और सभी स्लॉट फूल हो गए हैं। दिनेश ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष टूर्नामेंट की विजेता टीम को इनाम स्वरूप दो लाख 22 हजार रुपए की नकद राशि के अलावा बेशकीमती ट्राफी, स्पोर्ट्स किट आदि दी जाएगी, जबकि उपविजेता टीम को एक लाख 11 हजार रुपए की नकद राशि, एक ट्राफी और स्पोर्ट्स किट दी जाएगी। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैटर, हर मैच में मैन ऑफ द मैच सहित दर्जनों अन्य इनाम भी दिए जाएंगे।

### शिवालिका करेगी राष्ट्रीय महोत्सव में हिमाचल का नेतृत्व

**मनाली।** हरिपुर महाविद्यालय की स्वयंसेवी शिवालिका ने महाराष्ट्रा के नासिक में होने जा रहे राष्ट्रीय महोत्सव में हिमाचल का नेतृत्व करेगी। यह महोत्सव 12 से 16 जनवरी 2024 तक आयोजित होगा। प्रदेश स्तरीय शिविर मे प्रदेश के सभी महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें प्रदेश के मात्र 10 स्वयंसेवियों का चयन राष्ट्रीय महोत्सव के लिए हुआ है। यह चयन युवा सेवा खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत हुआ है। प्रदेश के 10 स्वयंसेवी राष्ट्रीय युवा महोत्सव महाराष्ट्र में हिमाचल की संस्कृति से देश के युवाओं को रू-ब-रू करवाएंगे। शिवालिका के चयन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनदीप सिंह ने कहा कि यह हमारे महाविद्यालय व क्षेत्र के लिए गौरव का समय है। हरिपुर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ इकाइयों में से एक है व इसके स्वयंसेवी भी सर्वश्रेष्ठ है जो कि हमारे महाविद्यालय की एकता व अनुशासन को दर्शाता है। वहीं महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी जीत राम ठाकुर ने शिवालिका के चयन पर कहा कि हमें अपने स्वयंसेवियों पर गर्व है। हरिपुर महाविद्यालय हर वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना मे प्रदेश का नेतृत्व करता है जो कि क्षेत्र के लिए हर्ष का विषय है। शिवालिका ने अपने चयन का श्रेय अपने माता-पिता महाविद्यालय के अध्यापक अपने वरिष्ठ स्वयंसेवियों को दिया।



हरिपुर की शिवालिका कॉलेज प्राचार्य के साथ।

### शिक्षण संस्थानों के विकास के लिए सहयोग जरूरी

**भरेड़ी।** भोरंज उपमंड़ल के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक व माध्यमिक पाठशाला गरस्याण (हनोह) में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हनोह पंचायत के प्रधान बोहरा राम ने बतौर मुख्यातिथ शिरक्त की। स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के सफल आयोजन के लिए पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने आर्थिक तौर पर स्कूल की भरपूर आर्थिक मदद करके एक मिशाल कायम की। बोहरा राम ने स्कूली बच्चों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि दोनों स्कूलों ने मिलकर वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों में सरकार के साथ स्थानीय लोगों का सहयोग रहता है। वह संस्थान तरक्की करता है। इस दौरान उन्होंने मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा 3100 रुपए देने की घोषणा की। इस दौरान स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी के प्रधानाचार्य डॉ. राजगीर ने 51 सौ रुपए, लेख राज ने 15 सौ रुपए,तेज सिंह ने 11 सौ व सुभाष कुमार ने एक हजार रुपए, पंचायत उप प्रधान संदेश कुमार ने टैंट का खर्चा देने की घोषणा की।


## बधाइयां

हिमाचल प्रदेश से शुरू हुए दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र के लिए इसकी पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं। आशा है कि अनंत ज्ञान प्रदेश सहित कुल्लू जिले के विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उजागर कर सरकार के समक्ष उठाएगा, ताकि उनका समाधान हो सके।



-मुनीष शर्मा (मनु), महासचिव प्रदेश कांग्रेस एवं प्रभारी बंजार विस क्षेत्र।

हिमाचल प्रदेश के नगरोटा बगवां से शुरू हुए दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र की पूरी टीम को मेरी और से बधाई एवं शुभकामनाएं। आशा है कि अनंत ज्ञान प्रदेश के मुद्दों को प्रमुखता से उजागर करेगा।



- राजीव किमटा, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता

## कुल्लू और लाहौल-स्पीति के भेड़पालक व किसान उत्तरी भारत के भ्रमण के लिए रवाना


भेड़पालक किसान उत्तरी भारत के भ्रमण के लिए रवाना होते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति के 60 भेड़पालक किसान उत्तरी भारत के भ्रमण के लिए जा रहे हैं। इस भ्रमण के दौरान चयनित किसान भेड़ व ऊन सहित दूध, ऊंट एवं बीज व मसालों के उत्पादन के बारे में जानकारी लेंगे। किसानों का उक्त भ्रमण कार्यक्रम रविवार को गड़सा में स्थित उत्तरी शीतोष्ण क्षेत्रीय केंद्र से शुरू हुई। इस मौके पर किसानों को केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान केंद्र राजस्थान के निदेशक ने संबोधित किया तो एनटीआरसी गड़सा के प्रभारी आर पुरुषोत्तमन तथा डॉ. रजनी चौधरी ने भी संबोधित किया।

डॉ. रजनी चौधरी ने बताया कि किसान उक्त भ्रमण कार्यक्रम के तहत गड़सा से राष्ट्रीय दुग्ध अनुसंधान केंद्र करनाल जाएंगे और डेयरी की तकनीकें जानेंगे। इसके बाद बीकानेर में भेड़ एवं ऊन अनुसंधान केंद्र, राष्ट्रीय ऊंट रिसर्च सेंटर तथा अन्य केंद्रों का भ्रमण किसान करेंगे। इसके उपरांत किसान अजमेर में बीच एवं मसाला अनुसंधान केंद्र देखेंगे तो पुष्कर मंदिर तथा अजमेर दरगाह भी देखेंगे। यहां से किसान राजस्थान के अविकानगर में स्थित केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसधान केंद्र में पहुंचेंगे और चार जनवरी को केंद्र के स्थापना दिवस के मौके पर गड़सा अनुसंधान केंद्र का प्रतिनिधित्व करेंगे तो कार्यक्रम में प्रस्तुति भी अपनी देंगे।

## हिंदू धर्म के खिलाफ टिप्पणी करने पर मामला दर्ज

**कुल्लू।** कुल्लू पुलिस ने एक इंस्टाग्राम यूजर के खिलाफ देवी देवताओं व हिंदू धर्म के खिलाफ टिप्पणी करने पर मामला दर्ज किया है। पुलिस अब इंस्टाग्राम यूजर की तलाश में हैं जिसे गिरफ्तार किया जाएगा।

**कुल्लू पुलिस बोली- जल्द होगी गिरफ्तारी**

गौरतलब है कि एक इंस्टाग्राम यूजर ने अपने अकाउंट से देवी देवताओं के कुछ फोटोग्राफ्स अपलोड करके हिंदू धर्म के खिलाफ टिप्पणी की है जिसके चलते हिंदू धर्म के लोगों में काफी रोष है और पुलिस ने हिंदू धर्म को आहत बाली इस पोस्ट को लेकर इंस्टाग्राम यूजर के खिलाफ कुल्लू सदर थाना में आईपीसी की धारा 295-ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

उधर, एसपी कुल्लू साक्षी वर्मा ने बताया कि शीघ्र ही उपरोक्त इंस्टाग्राम यूजर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी को उपरोक्त इंस्टाग्राम यूजर के बारे में किसी को कोई जानकारी मिलती है तो थाना सदर कुल्लू को इसकी सूचना दें, ताकि जल्द से जल्द उसे गिरफ्तार किया जा सके।

# 12 महीने में सरकार ने लिया 12 हजार करोड़ का कर्ज

- 12 गलत फैसलों ने जनता पर डाला आर्थिक बोझ : अमित सूद
- बिगड़ती कानून व्यवस्था से प्रदेश की जनता में बढ़ा डर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भाजपा के प्रदेश सहमीडिया प्रभारी अमित सूद ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार का एक साल का कार्यकाल काफी निराशाजनक रहा है। उन्होंने कहा कि इस एक साल के कार्यकाल में हिमाचल सरकार ने केंद्र सरकार से 12000 करोड़ का कर्ज भी लिया है। उसके अलावा सरकार के द्वारा कई ऐसे जन विरोधी निर्णय लिए गए जिससे प्रदेश को काफी नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश की समय-समय पर आर्थिक रूप से मदद की है, लेकिन उस पैसे का भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार सही उपयोग नहीं कर पाई और उसे पैसे को अपने ऐशो-आराम के लिए सरकार के द्वारा खर्च किया गया।

अमित सूद ने बताया कि साल 2023 की अगर बात करें तो कांग्रेस सरकार के द्वारा 12 ऐसे गलत फैसले लिए गए, जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता को उठाना पड़ा। अमित सूद ने बताया कि सरकार ने अपना पहला गलत फैसला प्रदेश में 1050 संस्थानों को बंद करने का लिया गया, जो पूर्व भाजपा सरकार ने आम जनता के हित में खोले थे। दूसरा गलत फैसला सरकार ने डीजल पर छह रुपए बढ़ाकर लिया और तीसरा गलत फैसला सरकार ने सीमेंट की बोरी के दाम बढ़ाकर लिया। चौथा गलत फैसला सरकार ने बिजली की प्रति यूनिट पर 22 पैसे बढ़ाकर लिया, हालांकि सरकार ने जनता को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने की गारंटी दी थी।

पांचवां गलत फैसला कांग्रेस सरकार ने उद्योगों की बिजली 19 प्रतिशत महंगी कर लिया। छठा गलत फैसला सरकार ने राजस्व विभाग पर रजिस्ट्री से लेकर स्टैंप ड्यूटी को भी बढ़ाकर लिया जिससे जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। इसके अलावा सरकार ने पर्यटन उद्योग पर भी बाहर से आने वाली ट्रांजैक्शन पर टैक्स बढ़ाकर सातवां गलत फैसला लिया है।

आठवां गलत फैसला शराब की बोतल पर 10 रुपए मिल्क सेस के नाम पर लेना है। सरकार ने यह सेस तो ले लिया लेकिन आज तक किसी भी पशुपालक से 100 रुपए लीटर दूध नहीं खरीदा गया। नौवां गलत फैसला प्रदेश के मंदिरों को लेकर लिया। जहां श्रद्धालुओं को दर्शन करने के लिए भी आज फीस चुकानी पड़ रही है।

अमित सूद ने बताया कि दसवें गलत फैसले में बिना सोचे-समझे प्रदेश में स्टोन क्रशर को बंद कर दिया। जिस कारण रेत बजरी की कीमतें तीन गुना बढ़ गई। 11वें गलत फैसले के चलते प्रदेश में विभिन्न विभागों में लगे दस हजार के लगभग आउट सोर्स कर्मचारियों को हटाया गया।

12वां फैसला यह लिया कि शहरी निकायों की 50 ग्रांट इन एड को भी वापस मांग लिया गया। जिस कारण शहरी निकायों में आज विकास कार्य भी बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। सरकार के द्वारा विधायक निधि की किस्त को भी रोक दिया गया और प्रदेश की विभिन्न विधानसभा में विकास कार्य ठप हो गए।

**सौगात** | दो दिवसीय कुल्लू जिला प्रवास पर करेंगे परियोजनाओं के लोकार्पण

# आज मनालीवासियों को करोड़ों की सौगात देंगे मुख्यमंत्री सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो कुल्लू**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एक व दो जनवरी 2024 को दो दिवसीय कुल्लू जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे एक जनवरी को मनाली विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

मुख्यमंत्री दो जनवरी को राष्ट्रीय स्तरीय शरदोत्सव मनाली का शुभारंभ भी करेंगे। एक जनवरी को दो दिवसीय कुल्लू दौरे पर पहुंचेगे। वह मनाली विधानसभा क्षेत्र में बबेली से जिंदौर के लिए बनने वाली सड़क का शिलान्यास, सब्जी मंडी बंदरोल का लोकार्पण बंदरोल-दीदारी शरण सड़क का शिलान्यास करेंगे। ब्यास नदी पर बने डबल लेन पुल व चक्की नाला पर बने पुल का उद्घाटन, जगतसुख नाले पर बने पुल का उद्घाटन, फ्लेन से ग्राहन के लिए बनने वाली तीन किलोमीटर सड़क का शिलान्यास करेंगे वे कटराईं गांव व आसपास के क्षेत्रों के लिए बाढ़ सुरक्षा कार्य का शिलान्यास भी करेंगे। उसके बाद वे सजला में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन करेंगे। उसके उपरांत पतलीकूहल में विवेकानंद पुस्तकालय का लोकार्पण व नेहरू कुंड में मढ़ी ईको फ्रेंडली मार्केट का लोकार्पण व ब्यास नदी पर नेहरू कुंड में बने पुल को लोगों को समर्पित करेंगे। इसके बाद परिधि गृह में लोगों की शिकायतों को सुनेंगे। दो जनवरी को सुबह विंटर कार्निवाल परेड की झांकियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। दोपहर दो बजे मनु रंगशाला में पांच पांच दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय मनाली शरदोत्सव का शुभारंभ करेंगे।

### विंटर कार्निवाल कार्यक्रमों की सूची

**दो** जनवरी को माता हिडिंबा मंदिर में पूजा-अर्चना व परिधि गृह से झांकियों को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का किया जाएगा शुभारंभ, मुख्यातिथि का आशीर्वचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रातः नौ बजे से रात्रि 10 बजे तक। प्रातः 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक प्रतिस्पधाएं, वॉयस ऑफ कार्निवाल। तीन जनवरी को शरद सुंदरी चयन प्रतियोगिता, रस्सा-कस्सी, टैलेंट हंट, सांस्कृतिक संध्या में सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाएं, चयनित सांस्कृतिक प्रतियोगिता। छह जनवरी को प्रातः 11 बजे से पारितोषिक वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वॉयस ऑफ कार्निवाल का फाइनल रात्रि 11 बजे तक, शरद सुंदरी का चयन होगा।

## वन मित्र भर्ती की आवेदन प्रक्रिया पूरी

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिला के पांचों वन मंडल रेंज कार्यालय में 2600 के करीब बेरोजगार युवाओं ने आवेदन जमा करवा दिए हैं। बता दें कि हमीरपुर जिला में फोरेस्ट विभाग हमीरपुर की पांच रेंजों के 70 वन बीटों में एक-एक पद वन मित्र का भरा जाना है। इसके लिए बेरोजगार युवा वन रेंज कार्यालयों में आवेदन फार्म जमा करवाने में लगे हुए थे, ताकि उन्हें भी वन मित्र के तौर पर रोजगार मिल सके। आवेदन फार्म जमा करवाने के लिए 30 दिसंबर तक का मौका दिया गया था। ऐसे में जो युवा आवेदन करने से बंचित रह गए हैं, उन्हें दोबारा मौका नहीं मिल पाएगा। फोरेस्ट विभाग हमीरपुर के पांच रेंजों में करीब 2600 आवेदन युवाओं ने जमा करवाए हैं। वन मित्र भर्ती में आवेदन करने में लड़कियां भी काफी उत्साहित नजर आई।

**अनंत ज्ञान**

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(1 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत** : 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास** : पौष, **शुभ मुहूर्तः** अभीजित सुबह 12:03 -12:45 दोपहर तक, **तिथि** : पंचमी 02:31 दोपहर तक, **नक्षत्र** : मघा 08: 37 सुबह तक, **पक्ष** : कृष्ण, **राहुकाल** : 08:31-09:49 सुबह तक।

### व्रत त्योहार

- नववर्ष आज से प्रारंभ।

**सूर्योदय** : 07:13
**सूर्यास्त** : 05:35

**मेष :** आज का दिन आपके लिए निवेश करने के लिए अच्छा साबित हो सकता है। कुछ तनाव और मतभेद आपको चिड़चिड़ा और बेचैन बना सकते हैं। आज आपको कही से किसी नौकरी का ऑफर मिलेगा।

**वृषभ :** आज आपको ज्यादा भाग-दौड़ करनी पड़ेगी पूरे दिन व्यस्त रहेंगे। मंदिर जाने या किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक समस्या के हल में से मदद मिलेगी।

**मिथुन :** कार्यस्थल पर किसी के प्रति आर्थिक मामलों में राहत मिलेगी। नौकरी में प्रगति के योग बनेंगे। ऑफिस में ज्यादा टाइम देना पड़ेगा। कोई आध्यात्मिक गुरु या बड़ा आपकी सहायता कर सकता है।

**कर्क :** आज स्वास्थ्य के लिहाज से आपका दिन सामान्य रहेगा। सरकारी अफसरों से संपर्क होगा। आज का दिन आपके लिए हर्षोल्लास का रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण छाया रहेगा, जिससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा।

**सिंह:** आज सामान्य दैनिक कार्यों को भुलाकर आनंद-प्रमोद में खोए रह सकते हैं। किसी पर्यटन स्थल पर जाने से मन अतिप्रसन्न होगा। वित्तीय स्थिति में सुधार आएगा। आप सिंगल हैं तो आज आपके लिए कोई रिश्ता आ सकता है।

**कन्या :** आज आपका बिजनेस के लिहाज से उत्तम दिन है। तब तक कोई वादा न करें, जब तक कि आप पूरी तरह उसे पूरा करने में सक्षम न हों। धार्मिक कार्य और यात्रा के लिए समय अनुकूल हैं।

**तुला :** आज जो भी आपसे मिलें उसके साथ विनम्र और सुखद व्यवहार करें। बाहर जाने का कार्यक्रम बनाएं तो बेहतर रहेगा। आज प्रेमी संग शाम रोमांटिक रहेगी। सावधानी बरतें। परिजनों और संतान से अनबन हो सकती हैं।

**वृश्चिक:** आज अपने करियर के विषय में कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। कोई भी निर्णय लेने से पहले ठंडे दिमाग से सोचें। उत्साह और चौकसी का गुण किसी भी कार्य को बेहतर रूप से संपन्न करवाने में मदद करेगा।

**धनुः** आज आपका स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खर्च की चिंता से मन अशांत रह सकता हैं। वाणी पर संयम रखना आवश्यक है। दैनिक कार्यों में दिन बीतेगा। परिजनों का स्वास्थ्य बिगड सकता है।

**मकर :** आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं। आज संतान का प्रति दुखी हो सकते है, आज विद्यार्थियों को किसी बात की उल्जन हो सकती है।

**कुंभ :** आज आपकी सहायता कोई मित्र या रिश्तेदार करेगा, किसी धार्मिक स्थल पर जाने की संभावना है। आज मन भटक सकता है और आप अपने जीवनसाथी व किसी और के बीच खुद को भावनात्मक तौर पर झूलता हुआ महसूस करेगा।

**मीन :** आज आप वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले। कानूनी समस्या सता सकती है। घर पर मेहमानों का आना दिन को बढ़िया और खुशगवार बना देगा। पुरानी बातों को याद कर अपना आज बर्बाद ना करें।

# अनाथ बच्चों के लिए कानून बनाने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य

## प्रदेश सरकार ने एक वर्ष के कार्यकाल में अनेक उपलब्धियां की हासिलः राजेश धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राजेश धर्माणी ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस भराड़ी में जन समस्याओं को सुनने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने एक वर्ष के कार्यकाल में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं।

कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन के अंतर्गत वादों के अनुरूप बहुत निर्णय लेकर दृढ़ता से अग्रसर हैं। मुख्यमंत्री ने शपथ ग्रहण के बाद ही मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना की घोषणा की थी, प्रदेश के अनाथ बच्चों और बेशहारा वर्गों के लिए कानून बनाने वाला प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बना। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के लगभग 4000 से अधिक अनाथ बच्चे चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट भी घोषित किए गए, इस योजना के अंतर्गत 27 वर्ष तक के अनाथ बच्चों को 4000 मासिक कोचिंग के लिए एक लाख रुपए, स्वरोजगार के लिए लघु और सूक्ष्म उद्योग लगाने के लिए दो लाख रुपए, अनाथ बच्चों को दो/तीन बिस्वा भूमि और मकान निर्माण के लिए तीन लाख रुपए, अनाथ लड़कियों के विवाह के लिए दो लाख रुपए के अनुदान का भी प्रावधान किया।



राजेश धर्माणी पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस भराड़ी में जन समस्याओं को सुनते हुए।

इसके पश्चात् प्रदेश सरकार ने अपनी चुनावी गारंटी को पूरा करते हुए कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया। इस कदम से प्रदेश के 1.36 लाख कर्मचारियों को सामाजिक, आर्थिक सुरक्षा और आत्म सम्मान लौटाया। प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। सरकारी नौकरियों में युवाओं के साथ धोखा न हो।

इसलिए कर्मचारी चयन आयोग को भंग किया तथा नीतिगत सुधार करते हुए प्रदेश राज्य चयन आयोग की स्थापना की। युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार की ओर से विभिन्न विभागों में 18 हजार से अधिक पद शीघ्र भरे जाएंगे, जिसमें अध्यापक 5291, वन मित्र 2061, जल शक्ति विभाग में 10 हजार व पुलिस कर्मियों के 1226 पद शामिल हैं।

### किसान समृद्ध हो इसके लिए ऐतिहासिक निर्णय

किसान-बागवान समृद्ध हो इसके लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए गए सेब और आम के फलों के समर्थन मूल्य में 1.50 रुपए की वृद्धि, कर 10.50 रुपए से बढ़ाकर 12 रुपए प्रतिकिलो ग्राम किया गया। किसानों बागवानों को अधिक लाभ के लिए सेब की बिक्री किलो के हिसाब से करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। मंत्री बनने के उपरांत जहां प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी मेरे कंधों पर आन पड़ी है, वहीं घुमारवीं क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकताओं में सर्वोच्च रहेगा। इस क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति तक सरकारी नीतियों व कार्यक्रमों का लाभ पहुंचे इस दृष्टि से जन सहयोग के साथ-साथ कर्मचारी और अधिकारियों का सहयोग में अपेक्षित रहेगा।

# बड़ी संख्या में ऐसे गांव, जहां पानी की आपूर्ति पांच-छह दिन बाद हो रही

## पेयजल समस्या को लेकर प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने पेयजल समस्या को लेकर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में ऐसे गांव हैं, जहां पानी की आपूर्ति पांच-छह दिन के बाद हो रही है।

इससे लोगों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अपनी चुनावी गारंटियों से पल्लू झाड़ने वाली कांग्रेस सरकार क्या इस लायक भी नहीं है कि वह लोगों को पानी जैसी मूलभूत सुविधा ही सुचारु तरीके से उपलब्ध करा दें। मुख्यमंत्री नए साल पर हिमाचल में आने वाले पर्यटकों को नशे की हालत में होने के बावजूद उनकी खातिरदारी करने के आदेश दे रहे हैं, लेकिन पानी के संकट से जूझ रहे लोगों की उन्हें कोई चिंता नहीं है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में लोग सर्दी के इस मौसम में भी पानी के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। उनके घरों में लगे नलों में पांच-छह दिन बाद पानी आ रहा है। 75 फीसदी से अधिक आबादी गांवों में रहती है। गांवों में खेतीबाड़ी के साथ ही पशुपालन भी लोगों का एक मुख्य व्यवसाय है। ऐसे में नलों में पानी न आने की वजह से उनकी परेशानी का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। पीने, खाना बनाने, नहाने या कपड़े धोने जैसे जरूरी कार्यों के साथ ही मवेशियों के लिए उन्हें दूरदराज से पानी ढोना पड़ रहा है। उनका काफी समय पानी का जुगाड़ करने में ही बर्बाद हो जाता है। इससे उनके घरेलू व अन्य कार्य भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस को आदेश दिए हैं कि नए साल का जश्न मनाने के लिए हिमाचल आने वाले पर्यटकों के नशे में होने के बावजूद उनकी पूरी खातिरदारी की जाए। हालांकि कानून व्यवस्था के लिहाज से उनका यह आदेश तर्कसंगत नहीं है। उन्हें इस तरह के आदेश जल शक्ति विभाग को देने चाहिए, ताकि लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके। यह विभाग उपमुख्यमंत्री के पास है। बेहतर होगा कि वह भी इसका संज्ञान को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दें।

### सरकार गारंटियां पूरी करने का नाम नहीं ले रही

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस पिछले साल चुनाव के समय झूठी गारंटियों से लोगों को गुमराह करके सत्ता हासिल करने में सफल हो गई थी। एक साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद उसकी गारंटियां पूरी होने का नाम नहीं ले रही हैं। जो सरकार लोगों को पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा भी सुचारु तरीके से उपलब्ध नहीं करवा पा रही हो, उससे गारंटियां पूरी करने की उम्मीद रखना बेमानी ही है।

# एक सड़क का नाम बताएं डीपीआर भाजपा ने बनाई हो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

रामलाल ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मुझे कोई एक सड़क का नाम बता दें, जिसकी डीपीआर भारतीय जनता पार्टी ने बनाई हो। चंगर एरिया के एक स्कूल को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी ने पूरे क्षेत्र में मैट्रिक से प्लस टू तक कोई भी स्कूल अपग्रेड नहीं करवाया।

इसके साथ ही नयना देवी तथा स्वारघाट की आईटीआई स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने बनवाई थी। श्री नयनादेवी में उपरोजगार कार्यालय खोला, सब डिवीजन स्वारघाट, सब तहसील को तहसील भी बनाया गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने नयना देवी ट्रस्ट का पैसा पंजाब में जमा करवाया और रेलवे के चल रहे काम में करोड़ों रुपए जरूर कमाए और जो काम चंगर क्षेत्र में हुआ है वह सब कांग्रेस पार्टी ने करवाया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान वर्ष 2022-23 की महालेखा परीक्षक रिपोर्ट की गहन जांच करवाने और इस रिपोर्ट से सबक लेकर भविष्य में धन अपव्यय को रोकने के गंभीर प्रयास करने का आग्रह किया।

### सरकारी विभागों के करोड़ों के कार्य किए

पूर्व की जयराम सरकार के समय हिमुडा की ओर से किया गया वित्तीय कुप्रबंधन व भारी अपव्यय एक दम लापरवाही व नियमों का उल्लंघन तथा आवश्यकता से अधिक व्यय करने का स्पष्ट प्रमाण है, जिसका कड़ा संज्ञान लेकर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। बड़े ही आश्चर्य की बात है कि हिमुडा ने सरकारी विभागों के करोड़ों रुपए के कार्य किए।

# महिला ने लगाया फंदा, मौत

**घुमारवीं।** पुलिस थाना घुमारवीं के तहत मोरसिंघी पंचायत की एक महिला ने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी।

घुमारवीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार वीना देवी (49) पत्नी शमशेर सिंह गांव-घ्याना मोरसिंघी घुमारवीं ने अपने घर की ऊपरी मंजिल के कमरे में फंदा लगाया। घटना का पता चलते ही परिजन उसे सिविल अस्पताल घुमारवीं इलाज के लिए लेकर आए। वहां पर चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित किया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस थाना घुमारवीं की टीम मौके पर पहुंची और मामला दर्ज करने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर, उसे परिजनों के हवाले दाह संस्कार के लिए सौंप दिया। डीएसपी चंद्रपाल ने बताया कि पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई पूरी कर रही है।

# नयना देवी में नव वर्ष मेले के दौरान आतिशबाजी चलाने पर रहेगा प्रतिबंध



मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर मंदिर के क्षेत्र का दौरा करने के उपरांत पत्रकारों को जानकारी देते हुए।

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में नव वर्ष मेले के दौरान आतिशबाजी और पटाखे चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

यह जानकारी मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने मंदिर के क्षेत्र का दौरा करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। मेला अधिकारी विपिन ठाकुर ने कहा कि नव वर्ष मेला बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है और पुलिस प्रशासन मंदिर न्यास की ओर से पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। मंदिर में जगह-जगह पर मंदिर के सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु तैनात हैं।

श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह मंदिर के आसपास क्षेत्र में आतिशबाजी और पटाखे न चलाएं, ताकि किसी प्रकार की आगजनिक घटना का नुकसान न हो।

# औहर में टूरिज्म परिसर के लिए 45 करोड़ रुपए का लगाया टेंडर

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

बिलासपुर के घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए औहर में बनाए जाने वाले टूरिज्म परिसर के लिए प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की ओर से 45 करोड़ रुपए का टेंडर लगाया गया है, जिसके बाद अब जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा।

फोरलेन पर गोबिंदसागर झील के किनारे बनने वाले इस टूरिज्म कांप्लेक्स में एक होटल तथा अन्य ढांचा विकसित किया जा रहा है, जिसके लिए सड़क के गोबिंदसागर झील की तरफ करीब 20 बीघा जमीन का अधिग्रहण विभाग ने कर लिया है। अभी यहां पर विभाग का एक कैफे शुरू किया गया है, लेकिन विभाग की ओर से फोरलेन के मध्य नजर तथा पर्यटकों की आवाजाही को देखते हुए एक बड़ा टूरिस्ट कांप्लेक्स बनाने की योजना तैयार की गई थी, जो अब सिरे चढ़ती नजर आ रही है। 45 करोड़ के टेंडर लगने के बाद अब उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इस परिसर का काम शुरू हो जाएगा। इसके बाद बिलासपुर का नाम पर्यटन के मानचित्र पर उभर कर आएगा।

> जिला बिलासपुर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए किरतपुर-नेर चौक फोरलेन पर औहर के पास एक बड़े टूरिस्ट कांप्लेक्स को बनाने की योजना तैयार की गई थी, प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की ओर से टेंडर जारी कर दिए गए हैं। जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा, जिससे बिलासपुर में रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। क्योंकि मनाली-लेह-लद्दाख जाने वाले सभी पर्यटक यहां रुक सकेंगे, जो बिलासपुर की संस्कृति से भी रू-ब-रू हो सकेंगे, जिससे बिलासपुर एक नई पहचान बनाने में कामयाब होगा।
> **राजेश धर्माणी (कैबिनेट मंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार)।**


## नववर्ष 2024 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई
बिलासपुर विशेषांक


















# 10 दिन से हमीरपुर शहर की जनता पानी की किल्लत से त्रस्त, अफसर मस्त

## कब तक सामान्य होगी सप्लाई किसी को कोई पता नहीं, आखिर क्यों बरकरार ऐसी स्थिति



पेयजल योजना की मुख्य पाइपलाइन को दुरुस्त करते कर्मचारी तथा (इनसेट) धैल खड्ड में आई थी दिक्कत, जिसे किया गया है दुरुस्त।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर शहर की पेयजल सप्लाई पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। ऐसा लगता है कि अफसर अपनी 'धुन' में 'मस्त' हैं और शहर की जनता पानी की किल्लत के जिस दौर से गुजर रही है, उस पर किसी का जरा भी ध्यान नहीं है। यह समस्या भी कोई एक-दो दिन की नहीं, पिछले दो सप्ताह से लोगों के जी का जंजाल बनी हुई है। अब ऐसे में लोग अपनी समस्या रखें भी तो कहां रखें? मुख्यमंत्री के इस गृह जिला मुख्यालय पर ऐसी स्थिति आखिर क्यों बरकरार हो रही है। इस पर कोई पूछने की जहमत भी नहीं उठा रहा। एसडीओ स्तर के अधिकारी जनता के फोन उठाने से गुरेज करते हैं।

10 दिनों तक तो जल शक्ति विभाग और विद्युत बोर्ड के अधिकारियों के दरमियान वोल्टेज को लेकर टकराव चला रहा। जल शक्ति विभाग के अधिकारी वोल्टेज कम होने का बहाना बनाकर विद्युत बोर्ड पर सप्लाई प्रॉपर नहीं देने की बात कहते रहे। जिस कारण पानी पूरा लिफ्ट नहीं होने का बहाना चला रहा। ऐसा भी बताया गया कि ट्रांसफार्मर जल गया है, जबकि ऐसा हुआ नहीं था। इसके बाद वोल्टेज ठीक भी हुई, तो पानी की सप्लाई हमीरपुर तक प्रॉपर नहीं पहुंच रही थी। राइजिंग मेन पाइप लाइन में लीकेज के कारण ऐसा हो रहा था। चार दिनों तक इसका पता ही नहीं चल पाया। जब पेट्रोलिंग शुरू हुई तो धैल खड्ड के आसपास इसका पता चला और शनिवार को उस 'लीकेज' पर काबू पाया गया। अब पिछले दो सप्ताह से अनियमित सप्लाई की बाट जोह हो रहे हमीरपुर के लोगों को कब प्रॉपर और नियमित सप्लाई मिल पाएगी? इसका इंतजार लंबा होने लगा है। (अनंत ज्ञान)

### अधिकारियों से लोग क्यों होने लगे रुष्ट

**सबसे** बड़ी समस्या यह है कि शहरवासियों को सही समय पर इसकी जानकारी भी नहीं मिल पाती है। जवाबदेह अधिकारियों से लोग क्यों रुष्ट होने लगे हैं, इस पर भी सत्ता से जुड़े नेता जवाब देने से कतराते हैं। अब लोग करें भी तो करें क्या? चीफ इंजीनियर कार्यालय से लेकर छोटे स्तर तक के सारे कार्यालय यहां हैं। इनमें अधिकारी भी बैठते हैं ऐसा नहीं है कि पद खाली हैं। यदि जनता को पीने के पानी की नियमित सप्लाई ही नहीं मिल पाएगी, तो फिर ऐसे अधिकारियों और उनके दफ्तरों का क्या फायदा? इस पर सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेताओं को ध्यान देने की जरूरत है।

**वोल्टेज** के कारण पिछले दिनों से समस्या थी। मुख्य पाइपलाइन की लीकेज की वजह से दिक्कत आई है। लेकिन अब सारी स्थिति दुरुस्त हो गई है। सप्लाई सामान्य हो जाएगी। कुछ वक्त जरूर लगेगा। रविवार से सभी इलाकों में सप्लाई देने का काम शुरू हो गया है।

**-विजय कुमार ढटवालिया, चीफ इंजीनियर, जल शक्ति विभाग**

# जय श्रीराम उद्घोष के साथ अक्षत कलश शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





शोभायात्रा के दौरान सजी झांकी तथा (दाएं) भज-कीर्तन करते श्रद्धालु।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा हेतु हमीरपुर के राम मंदिर में आए पूजित अक्षत कलश के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को जिला हमीरपुर के डिग्री कॉलेज अणु चौक से बाबे दी कुटिया शिव मंदिर भड़मेली में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

इस अक्षत कलश के दर्शन हेतु शोभायात्रा हमीरपुर के अणु चौक से होते हुए चौकी, शिव मंदिर कुठेड़ा, बाजार होते हुए मझोग चौक रोड चौक होते हुए भड़मेली चौक से बाबे दी कुटिया शिव मंदिर पर समापन हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुजानपुर के पटलांदर खंड के प्रभारी डॉ. सचिन शामा संघ चालक द्वारा कलश को माथे पर दर्शन हेतु रखा गया। इस शोभा यात्रा का मुख्य केंद्र अक्षत कलश के साथ-साथ रथ पर विराजमान सीता-राम, लक्ष्मण, आकर्षण के केंद्र रहे। सैकड़ों लोग स्वागत करने के लिए सड़कों के किनारे खड़े थे। पूरे कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। इस कार्यक्रम में युवाओं के साथ-साथ बूढ़े-बुजुर्ग के द्वारा भी उत्साहित होकर जय श्री राम का नारा लगाया जा रहा था।

इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रधान सुभाष चंद शामा ने कहा कि 500 वर्षों का कलंक 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही धूल जाएगा। संघ चालक ने बताया कि यह कार्यक्रम के बाद सभी प्रखंडों या सुजानपुर मंडल की 40 पंचायतों में अब अक्षत कलश जाएगा। उसके बाद यह अक्षत कलश प्रत्येक पंचायत होते हुए प्रत्येक परिवारों तक अक्षत और आमंत्रण पत्र दिया जाएगा। इतना ही नहीं बल्कि इसके बाद 22 जनवरी को जिले के सभी मंदिरों एवं घरों में दीपावली भी मनाई जाएगी। वहीं धार्मिक स्थल एवं मंदिरों में दिन भर कीर्तन भजन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने प्रत्येक हिंदू परिवार से आग्रह किया है कि 22 जनवरी को भव्य दीपावली अपने-अपने घरों में मनाने को कहा गया है । इस शोभा यात्रा में शिव मंदिर पुजारी एवं संत गुरु शिव गिरी जी महराज, युवा पीढ़ी महिला मोर्चा, अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# फुटबॉल यूथ लीग में मदर प्राइड फुटबॉल अकादमी रही विजेता



विजेता टीम मुख्यातिथि के साथ सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, बड़ा**

उपमंडल नादौन के मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-13 ब्वॉयज फुटबॉल यूथ लीग के फाइनल मुकाबले में मदर प्राइड फुटबॉल अकादमी मलोटी ने हिमालयन फुटबॉल क्लब किन्नौर को 4-2 से हराया। मदर प्राइड की ओर से पहला गोल देवन ने 13वें मिनट में दागा, दूसरा गोल ल्यास ने 14वें और 20वें मिनट में कर टीम को विजय दिलाई। मैच का आखिरी गोल दूसरे हाफ में नैतिक ने दागा। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्यातिथि दीपक कपिल ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर हिमाचल प्रदेश फुटबॉल संघ के महासचिव दीपक शर्मा, नागेश्वर मनकोटिया, प्रदीप सिंह , संदीप लाली, मानस, विवेक, पंकज, संजय कुमार आदि ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

# बरसात में टूटी सड़क दे रही हादसे को न्योता



बिझड़ी-भोटा संपर्क मार्ग रोपड़ी के पास हुआ क्षतिग्रस्त।

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

मुख्यमंत्री के गृह जिले में खस्ताहाल सड़क मार्ग पर कभी बड़े हादसे को न्योता दे सकता है। बरसात के मौसम में भारी भूस्खलन के चलते बिझड़ी से भोटा बाया रोपड़ी सड़क मार्ग खस्ता हाल हो गया है। कई जगह तो ऐसे हालात हैं कि अगर वाहन चालक से जरा-सी भी चूक होती है तो कुछ भी हो सकता है।

काबिले गौर है कि रोपड़ी के पास सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हुआ है। उक्त स्थान पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बरसात में सड़क मार्ग धस चुका है, यहां तक कि सड़क मार्ग से टारिंग भी निकल चुकी है। विभाग ने मात्र व्हाइट पट्टी लगाकर पल्ला झाड़ लिया है। नियमों के अनुसार अगर कोई सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाए यह कहीं से टूट जाए ऐसे में लगभग 500 मीटर पहले साइन बोर्ड लगाकर सूचित करना अति-आवश्यक होता है, ताकि वाहन चालक संभलकर गाड़ी चला सके और बड़े हादसे से बच सके। एक तो पहले ही यह संपर्क मार्ग संकीर्ण है। उक्त स्थान पर अगर कोई व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है और जनमाल का नुकसान हो होने पर इसका कौन जिम्मेदार होगा?

स्थानीय लोगों पवन कुमार, ज्योति प्रकाश, नीना पटियाल, देशराज शर्मा, सरोज कुमारी, दीनानाथ, वीर प्रताप सिंह आदि ने मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग से क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग को शीघ्र ठीक करने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हाथ से बचा जा सके। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ विनोद कुमार ने कहा कि मामला विभाग के ध्यान में है, उक्त स्थान का एस्टीमेट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेज दिया है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान



आग पर काबू पाते दमकल विभाग के कर्मचारी।

**गलोड़।** गलोड़ तहसील के अंतर्गत आज बुधवीं चौक में सुबह छह के करीब सैर कर रहे लोगों ने एक दुकान से धुआं निकलता हुआ देखा तो उन्होंने इसकी सूचना आस-पड़ोस के लोगों को दी। लोगों ने दुकान के मालिक सुरजीत सिंह पुत्र घुंगर सिंह गांव बुधवीं को भी उसकी दुकान में लगी आज बारे सूचित किया, जब तक दुकान का मालिक घटनास्थल पर पहुंचा तब तक दुकान का सामान जलकर राख हो चुका था। लोगों ने अपने-अपने घरों से पानी लाकर कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया, तब तक दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरजीत सिंह गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर करता है। हमीरपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी घटनास्थल पर पहुंची, मगर तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। आग लगने का मुख्य कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है समाजसेवी होशियार सिंह गौतम ने लगभग 10-11 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। तहसीलदार गलोड केशव कुमार व पुलिस चौकी प्रभारी विनय कुमार अत्री भी घटनास्थल पर पहुंचे थे। तहसीलदार गलोड़ केशब कुमार ने बताया कि परिवार को 5000 रुपए की फौरी राहत प्रदान की गई है और पटवारी को अन्य सारे सामान का आकलन करने को कहा गया है।

### मारपीट करने पर क्रॉस केस दर्ज

**हमीरपुर।** बल्द्वाड़ा के देरकोहल गांव के संतोष कुमार पुत्र धर्म सिंह ने पुलिस थाना हमीरपुर में शिकायत दर्ज करवाई है कि हमीरपुर के हरसौर गांव के अमन ठाकुर पुत्र रविंद्र सिंह ठाकुर ने उससे मारपीट की है, जिससे उसे चोटें आई हैं। वहीं हरसौर के अमन ठाकुर ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि देरकोहल गांव के संतोष कुमार व उसके दोस्तों ने डांग क्वाली के पास उसका रास्ता रोक कर उससे मारपीट की है। पुलिस ने धारा 147, 149, 341, 323 व 504 आईपीसी में क्रॉस केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### एक महीने के अंदर जारी होंगे परीक्षा परिणाम

**भोरंज।** करियर प्वाइंट विश्वविद्याय परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर डीके गौतम ने बताया कि सेमेस्टर एग्जाम को लेकर इस बार विश्वविद्यालय द्वारा खास तैयारियां की गई हैं। विश्वविद्यालय की परीक्षाएं दिसंबर 2023 से शुरू हो गई है जो जनवरी 2024 तक चलेंगी। सेमेस्टर एग्जाम की परीक्षाएं तीन घंटे की होंगी। बता दें कि विश्वविद्यालय में लगभग 2150 से अधिक पढ़ने वाले स्टूडेंट्स सेमेस्टर की परीक्षाएं देंगे। परीक्षा की तिथियों तक सारा शेड्यूल विश्वविद्यालय द्वारा जारी कर दिया गया है। ये परीक्षाएं एक महीने तक चलेंगी। यह परीक्षाएं विवि के सभी विभागों में आयोजित हुई हैं जिनका परीक्षा परिणाम एक महीने के अंदर जारी करने की तैयारी की है।

### बेटियां किसी से कम नहीं: इंद्रदत्त लखनपाल





विधायक इंद्रदत्त लखनपाल को सम्मानित करते शिक्षक।

**बिझड़ी।** विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने रविवार को लिटल एंजल पब्लिक स्कूल मैहरे के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लेकर शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया। लखनपाल ने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के स्टूडेंटस शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह संस्थान ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतरीन शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है। समारोह में स्टूडेंट्स की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विधायक ने कहा कि हमारे समाज में कुछ विकृतियों के कारण बेटियों के साथ भेदभाव हो रहा था और कई कन्याओं को गर्भ में ही मार दिया जाता था। पिछले कुछ समय से इस बारे में समाज में जागरूकता बढ़ी है और आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। ये बेटियां किसी से कम नहीं हैं। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल को 11 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। समारोह में ऊषा लखनपाल, उपप्रधान परमिंद्र सिंह, रूबल ठाकुर, जगदीश ठाकुर, सुशील कुमार और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

### स्वयंसेवियों को आत्मविश्वास के महत्व बारे दिए टिप्स

**हमीरपुर।** स्टूडेंटस को हर समय ज्ञान अर्जित करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उसे बगुले की तरह एकाग्रचित होना चाहिए व सदाचारी तथा अल्पकारी होना चाहिए। यह बात राजकीय कॉलेज हमीरपुर में चल रहे एनएसएस शिविर के दूसरे दिन बतौर मुख्यातिथि शिरक्त करते हुए प्रकाश ठाकुर ने कही। उन्होंने स्वयंसेवियों को आत्मविश्वास के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उत्तम कुमार शर्मा और दीपिका खन्ना ने जानकारी देते हुए बताया कि दूसरे दिन के कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा व एनएसएस गीत से हुई।

### लोगों को एड्स के बारे में किया जागरूक

**भोरंज।** नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के सौजन्य एवं युवक मंडल बधानी द्वारा एडस जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए संगोष्ठी आयोजित की गई। युवक मंडल बधानी के प्रधान राजकुमार राजन ने बताया कि एड्स एक गंभीर वैश्विक स्वास्थ्य समस्या है इसके लिए जागरूकता जरूरी है। इस उपलक्ष्य पर नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के सौजन्य से युवक मंडल बधानी द्वारा आज एचआईवी एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए संगोष्ठी आयोजित की गई।

# गुलेला में बनेगा भव्य शिव धाम



धलोट एवं धरोग पंचायतों के लोग आम सभा में भाग लेते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की धलोट पंचायत के गुलेला में लगभग एक करोड़ की लागत से भव्य शिव धाम का निर्माण किया जाएगा। धलोट एवं धरोग पंचायतों के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक आम सभा का आयोजन ग्रापंचायत प्रधान ज्योति देवी एवं चंद्रशेखर की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि गुलेला में लगभग 13 कनाल भूमि पर शिव धाम का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया। बैठक में अजय शर्मा को सर्वसम्मति से कमेटी का अध्यक्ष एवं किशोर चंद्र शर्मा को महासचिव निर्वाचित किया गया। इसके साथ ही लगभग 40 लोगों की कार्य समिति का गठन किया गया। यह समिति इस शिव धाम के निर्माण दोनों ग्राम पंचायत के सहयोग से करेगी। अजय शर्मा ने कहा कि नवनिर्वाचित कमेटी का शीघ्र ही पंजीकरण करवाया जाएगा एवं यहां पर 20 फीट ऊंची भव्य आदि शिव जी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इसके लिए धन संग्रह करने का भी आह्वान किया। शर्मा ने कहा कि इस पुण्य कार्य के लिए लोग खुलकर दान दे रहे हैं और मौके पर ही लगभग 2,40,000 रुपया इकट्ठे किए गए। शर्मा ने कहा कि समिति का पूरा काम पारदर्शी तरीके से किया जाएगा।

इस अवसर पर सुषमा कुमारी, डॉ. हंसराज, कैप्टन संजय कुमार, सुदेश कुमार, आशीष शर्मा व विनय कुमार को उपाध्यक्ष, धीरज कौशल को कोषाध्यक्ष, रजत पठानिया, अनीता शर्मा, अंजू देवी व रमन शर्मा को सचिव, नितिन शर्मा को प्रेस सचिव सर्वसम्मति से चुना गया। शर्मा ने बताया कि समिति द्वारा प्रथम चरण में 11 लाख रुपए इकट्ठा करने और महाशिवरात्रि तक आदि शिव जी की प्रतिमा स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

# भरेड़ी में प्रदेश की विभूतियां कीं सम्मानित

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के भरेड़ी कस्बे में सागर स्पोर्ट्स अकादमी के सौजन्य से सीनियर सिटीजन भरेड़ी ने प्रदेश की विभूतियों की सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य तीर्थ राम शर्मा ने शिरकत की। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल कोच विद्यासागर शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत शॉल ओढ़ाकर किया। इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप आए सेवानिवृत्त डॉ. नागेंद्र पटियाल, सेवानिवृत्त डीएफओ नागेंद्र गुलेरिया, भरेड़ी बाजार के पूर्व प्रधान अरुण कुमार अरोड़ा को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य तीर्थ राम शर्मा ने कहा कि आज के समय में लोगों के पास इस प्रकार के आयोजनों के लिए समय नहीं मिलता है। उन्होंने सीनियर सिटीजन भरेड़ी की कार्यक्रम के आयोजन पर सराहना की। इस मौके पर प्रेम चंद महिल, अनिल ठाकुर, जगदेव शर्मा, शशिकांत शर्मा, लाल सिंह, अमर नाथ शर्मा, राष्ट्रीय वॉलीबाल कोच बिधि चंद कौशल, अमर नाथ, प्रताप चंद, किशोरी लाल शर्मा, डॉ. कुलवंत रॉय, बीडीसी चेयरमैन राजेंद्र सिंह, सलोचना अरोड़ा, नेक राम शास्त्री, बलबीर शर्मा, धर्म चंद शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

# विधायक राजेंद्र राणा ने मेधावी स्टूडेंट्स को दिए लैपटॉप



मेधावी स्टूडेंट्स विधायक राजेंद्र राणा और शिक्षकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुजानपुर के वार्षिक समारोह में नवाजे होनहार विधायक राजेंद्र राणा ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्कूलों के वर्ष 2021-22 के 143 मेधावी स्टूडेंट्स को निशुल्क लैपटॉप देकर सम्मानित किया।

विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि शिक्षा स्टूडेंट्स को सही सोचने और सही निर्णय लेने योग्य बनाती है। अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का सबसे पहला उद्देश्य अच्छे नागरिक बनना होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को आशावादी होना चाहिए तथा हर विषय को जानने की जिज्ञासा रखें। आत्मविश्वास बेहद जरूरी है जो कि हर फील्ड में आगे बढ़ने में काम आएगा।

उन्होंने बच्चों से नकारात्मक बातों की बजाय अपना सकारात्मक नजरिया बनाने तथा सही सोच के साथ आगे बढ़ने की ओर भी प्रेरित किया। समारोह में विधायक राजेंद्र राणा ने अपनी ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चों को 11,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

# 35 हजार श्रद्धालुओं ने नववर्ष 2024 के लिए लिया बाबा जी का आशीर्वाद



बाबा बालक नाथ मंदिर में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़।

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

रविवार को उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर में 35 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने नववर्ष 2024 के शुभफल के लिए गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लिया। शनिवार सुबह चार बजे के करीब ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगना शुरू हो गई थीं।

मंदिर परिसर बाबा जी के जयकारों से गूंज रहा था। हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों के श्रद्धालु भी गुफा दर्शन के लिए पहुंचकर कतारबद्ध दर्शन कर रहे थे। श्रद्धालुओं का यह भी माना है कि नववर्ष शुरू होने से पहले गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लेने से साल भर शुभ रहता है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर को भी पांच सेक्टर में विभाजित किया गया था, ताकि देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो सके।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जगह-जगह पुलिस तथा होमगार्ड के जबान तैनात किए गए थे। मंदिर प्रशासन भी सीसीटीवी फुटेज श्रद्धालुओं की हर मूवमेंट पर नजर रखे हुए था। अध्यक्ष न्यास एवं एसडीएम बड़सर डॉ. रोहित शर्मा ने कहा कि रविवार को लगभग 35000 के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके बाबा बाल नाथ जी का आशीर्वाद लिया।

**समारोह** | भकरेड़ी स्कूल में वार्षिक समारोह आयोजित

# नचदियां अल्हड़ कुवारियां... गाने पर खूब थिरकीं छात्राएं



मेधावी स्टूडेंट्स को मुख्यातिथि स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित करती हुई।

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

राजकीय माध्यमिक पाठशाला भकरेड़ी में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के तौर पर डॉ. सीमा शर्मा एवं संस्कृत प्रवक्ता डॉ. सुशील भारद्वाज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मुख्याध्यापिका सपना शर्मा ने मुख्यातिथि तथा अभिभावकों का स्वागत किया। छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। स्टूडेंट्स ने देश भक्ति गाने, नृत्य और लघु नाटिकाओं से सबका मन मोह लिया। नचदियां अल्हड़ कुवारियां... गाने पर छात्राएं खूब थिरकीं। स्टूडेंट्स ने योगा पर सुंदर प्रस्तुति दी। सपना शर्मा ने गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हर्ष ने वैदिक मंत्रोच्चारण में जिला में प्रथम तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चौथा स्थान हासिल किया। समीक्षा और खुशी ने जिले में दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। समारोह के अंत में मुख्यातिथि ने उत्कृष्ट स्टूडेंट्स को इनाम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षक राजेश अग्निहोत्री और अजय शर्मा शास्त्री, रेखा देवी आदि उपस्थित रहे।

# सुक्खू सरकार कर्मचारी वर्ग के साथ : राणा

**हमीरपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग में नियुक्त पर्यवेक्षक संघ की प्रदेश इकाई द्वारा अपनी मांगों को लेकर विश्राम गृह हमीरपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस प्रदेश चेयरमैन व हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजीव राणा ने शिरकत की। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय चौधरी व प्रदेश सचिव रवि ठाकुर ने अपनी मांगों को मुख्यातिथि राजीव राणा के समक्ष रखा। राजीव राणा ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार कर्मचारी वर्ग के साथ है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व से एवं उनकी संवेदनशील सोच के कारण कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन योजना मिल पाई और कांग्रेस सरकार द्वारा अपनी पहली गारंटी को भी पूरा किया गया। प्रदेश के विकास में कर्मचारियों का एक अहम योगदान हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग में नियुक्त पर्यवेक्षक इस भूमिका को पूरी निष्ठा से निभाते हैं।

# भारतीय खेल प्राधिकरण की डिप्टी डायरेक्टर जनरल बनीं मंडी की ललिता शर्मा



अनिल शर्मा, मंडी

मंडी की ललिता शर्मा भारतीय खेल प्राधिकरण में उपमहानिदेशक के पद पर तैनात हुई हैं। प्रदेश की वह पहली ऐसी महिला होंगी जो इतने बड़े ओहदे पर पहुंची है। वह पहली जनवरी को पदभार संभालेंगी। ललिता शर्मा भारतीय खेल प्राधिकरण में इस समय एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के पद पर पूरे उत्तरी क्षेत्र को संभाल रही हैं। अब उसे पदोन्नति देकर उपमहानिदेशक बनाया है। वह भारतीय खेल प्राधिकरण में इस मुकाम पर पहुंचने वाली पहली महिला अधिकारी हैं।

बता दें कि ललिता शर्मा मंडी शहर के समखेतर मोहल्ले की रहने वाली हैं तथा इंजीनियर हरिश्चंद्र शर्मा की धर्मपत्नी हैं। ललिता शर्मा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय कन्या पाठशाला मंडी से प्राप्त करने के बाद स्नातक की डिग्री महाविद्यालय मंडी से व एमबीए की डिग्री हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से प्राप्त की है। हर्ष का विषय यह भी है की हाल ही में उन्होंने स्पोर्ट्स मैनेजमेंट में सीटी विश्वविद्यालय लुधियाना से पीएचडी की डिग्री हासिल की है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स क्वीन के नाम से है पहचान

**ललिता** शर्मा हिमाचल प्रदेश की बैडमिंटन खिलाड़ी रही है। इन्होंने हिमाचल प्रदेश की जूनियर और सीनियर वर्ग की चैंपियन व राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया था। उनकी इस प्रतिभा को देखते हुए वर्ष 1985 में उन्हें हिमाचल प्रदेश की पहले 'स्पोर्ट्स क्वीन' के खिताब से नवाजा गया था, जिसका ताज उन्हें तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने पहनाया था।

## सहायक निदेशक के पद से की करियर की शुरुआत

**ललिता** शर्मा ने भारतीय खेल प्राधिकरण जून 1989 में बतौर सहायक निदेशक के पद पर साई खेल प्रशिक्षण केंद्र बिलासपुर में अपने सर्विस करियर की शुरुआत की थी और वहां उनका कार्यकाल लगभग 6 वर्ष का रहा। इस दौरान उन्होंने इस केंद्र से बहुत से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भारत को दिए तथा बिलासपुर में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा दिया। इसके बाद उन्हें साई खेल प्रशिक्षण केंद्र धर्मशाला का इंचार्ज बनाया गया, जहां उन्होंने उस केंद्र को महिलाओं के लिए आरक्षित करवाया तथा कई अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों को तराशा। इसके अलावा उन्होंने धर्मशाला में क्रिकेट स्टेडियम, आउटडोर एथलेटिक स्टेडियम व बहुउद्देशीय खेल इनडोर स्टेडियम बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। उनके इस सराहनीय कार्य को देखते हुए उन्हें हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने खेल पुरस्कार से नवाजा। 2000 में उनको उपनिदेशक की पदोन्नति मिली। उन्होंने इस दौरान पटियाला में अपनी सेवाएं दी।

**▶ इस पद पर पहुंचने वाली हिमाचल की पहली महिला ▶ पहली जनवरी से संभालेंगी पद**




## मिले कई पुरस्कार

**बता** दें कि उनकी एडमिनिस्ट्रेशन में कार्यकुशलता के कारण पिछले ओलंपिक व एशियाई खेलों में उत्तरी भारत का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा और यहां के खिलाड़ियों ने भारत वर्ष के लिए अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा पदक जीते। ललिता शर्मा की कार्य निपुणता व उनके खेल जगत में अहम योगदान को देखते हुए उन्हें 'बेस्ट सिटीजन आफ इंडिया' व 'राष्ट्रीय विद्या सम्मान पुरस्कार' से भी नवाजा गया है। ललिता शर्मा की इन उपलब्धियों से जहां एक ओर हिमाचल का नाम रोशन हुआ है, वहीं दूसरी ओर पूरे हिमाचल प्रदेश में खुशी का माहौल है।

## देश के कई भागों में दीं अपनी सेवाएं

**सन** 2006 में वह हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में स्टेट्यूटरी ऑफिसर बनकर छात्र कल्याण विभाग का कार्यभार 2012 तक संभाला तथा विश्वविद्यालय में अपनी कार्यक्षमता की अमिट छाप छोड़ी। 2012 में उन्हें आईआईटी मंडी में डिप्टी रजिस्ट्रार की नियुक्ति मिली, जहां उन्होंने 2 वर्ष तक कार्य किया तथा बहुत से सराहनीय कार्य किए। 2014 में उन्हें डायरेक्टर के पद पर नियुक्ति मिली और उन्होंने डायरेक्टर इंचार्ज साई उतरी क्षेत्र, सोनीपत का कार्यभार संभाला। सन 2019 में उन्हें रीजनल डायरेक्टर तथा 2021 में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर की पदोन्नति मिली। इस दौरान उन्होंने रिजनल सेंटर चंडीगढ़, रिजनल सेंटर सोनीपत तथा हेड ऑफिस दिल्ली में अपनी सेवाएं दी।

## न्यूज ब्रीफ

### एडवोकेट धनोटिया बने भाजपा लीगल के संयोजक

**मुबारिकपुर।** चिंतपूर्णी से एडवोकेट राज कुमार धनोटिया को प्रदेश भाजपा लीगल सैल संयोजक नियुक्त गया है। भाजपा कार्यकर्ता मदन नरियाल, रमेश चौधरी, रितेश पलियाल, जय कुमार शर्मा, नरेश ठाकुर, ओकांर सिंह, नरेंद्र परमार, अनिल शर्मा ने राजकुमार धनोटिया की नियुक्ति पर प्रशंसा जाहिर की है। उधर राज कुमार धनोटिया ने अपनी इस नियुक्ति पर पार्टी हाईकमान का आभार जताया।

### लोस चुनावों को लेकर भाजपा ने बनाई रणनीति

**अंब।** अंब भाजपा कार्यालय में पूर्व विधायक व जिला अध्यक्ष बलबीर चौधरी की अगुआई में शहरी इकाई अंब की पहली बैठक संपन्न हुई, जिसमें बलबीर चौधरी ने नवगठित इकाई के सदस्यों को बधाई दी, साथ ही आने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर रणनीति बनाई। बैठक में जिला अध्यक्ष बलबीर चौधरी सहित जिला महामंत्री शाम मिन्हास, प्रदेश कानूनी प्रकोष्ठ संयोजक राज कुमार धनोटिया, ओबीसी प्रकोष्ठ से रितेश पलियाल, शहरी इकाई अध्यक्ष कलदीप सिंह राजपूत, सचिव कंचन रायजादा, मीडिया संयोजक सपर्श शर्मा, मंडल महामंत्री कुलदीप ठाकुर मनीष सरोच, दीपक राणा, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### ग्राहक धोखाधड़ी से खुद रहें सावधान : झा

**मैहतपुर।** रविवार को भारतीय स्टेट बैंक के जनरल मैनेजर अजय कुमार झा ने मैहतपुर बसदेहड़ा में स्थित एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र में औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ भारतीय स्टेट बैंक आरबीओ ऊना के आरएम संजू बंगा, एफआई मैनेजर मनीष कुमार, असिस्टेंट मैनेजर अजय कुमार, बैंक मित्र जरनैल सिंह, जीरो मास हिमाचल प्रदेश के बीसी बलराम राणा, ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक बबीता ठाकुर, संजीव ठाकुर सहित अभय ठाकुर उपस्थित रहे। जनरल मैनेजर अजय कुमार झा ने कहा कि बैंक के ग्राहकों को आजकल के धोखाधड़ी मोबाइल पर आने वाले संदेशों से बचना चाहिए और अपने खातों का किसी को भी ओटीपी शेयर न करें, ऐसी हिदायतें उन्होंने इस मौके पर दीं।

### नंगनोली में फुटबाल प्रतियोगिता दो से

**गगरेट।** नंगनोली में आयोजित होने वाली 36वीं मेजर छज्जू राम मेमोरियल फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन दो जनवरी मंगलवार से होगा, वहीं इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पांच जनवरी को खेला जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष ओंकार नाथ नें जानकारी देते हुए कहा कि मेजर छज्जू राम फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन सभी के सहयोग से किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार लगभग 16 टीमें टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं।

### प्रदेश भाजपा सचिव ने घेरी प्रदेश सरकार

**गगरेट।** प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में लोकतांत्रिक तरीके से गठित संस्थाएं भी सुरक्षित नहीं हैं। मुनाफा कमाने वाली संस्थाओं पर जबरन कब्जा करने के प्रयास किए जा रहे हैं और इसके लिए सरकारी मशीनरी का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जिला ऊना की सबसे बड़ी ट्रांसपोर्ट सोसायटी द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी की प्रबंधन समिति को निलंबित किया गया, उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। ये तो न्यायपालिका ने लोकतंत्र की लाज रखी। अन्यथा सत्तारूढ़ दल मनमर्जी से लोकतांत्रिक संस्थाओं को भी नुमाइश का सामान बना देता।

### बस चालक की पिटाई करने पर मामला दर्ज

**गगरेट।** गगरेट कस्बे के मुख्य बस अड्डे पर निजी बस के मालिक व उसके पुत्र ने बस चालक के साथ निर्ममता से की गई मारपीट के मामले में डाक्टर द्वारा दी गई एमएलसी रिपोर्ट के आधार पर गगरेट पुलिस ने निजी बस के मालिक व उसके पुत्र के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। बीस नवंबर को गगरेट बस अड्डे पर बस चालक सुरेंद्र सिंह के साथ की गई मारपीट के बाद उसने गगरेट पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



बंगाणा में अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते नियमित पाठक। अजय कुमार, राजेश कुमार, अजीत डोगरा, मदन कुमार शर्मा, पांडे सिंह और कार्तिक ठाकुर ने बड़े चाव से अखबार पढ़ा।



ऊना के मुख्य बाजार में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हॉकी कोच दर्शन सिंह।

# अनुसूचित जाति को कांग्रेस ने आज तक केवल वोटबैंक के लिए किया प्रयोग : कंवर

**▶ कुटलैहड़ भाजपा एससी मोर्चा की बैठक में गरजे पूर्व मंत्री ▶ सुक्खू सरकार गारंटियों को पूरा करने की अब दे रही झूठी गारंटी**

अनंत ज्ञान, बंगाणा

**कुटलैहड़** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक भाजपा मंडल अध्यक्ष सोमनाथ दारोच की अध्यक्षता में बल्ह खालसा में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व मंत्री एवं राज्य भाजपा के उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर एवं कुटलैहड़ भाजपा प्रभारी चरुर सिंह एवं कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की।

बैठक में केंद्र सरकार के दस वर्ष के कार्यकाल में चली योजनाओं पर और राज्य सरकार के एक वर्ष की नाकामियों पर चर्चा हुई। वहीं वीरेंद्र कंवर ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने आज तक अनुसूचित जाति मोर्चा के परिवारों को केवल वोटबैंक के लिए इस्तेमाल किया। कंवर ने कहा कि राज्य में सवा वर्ष पूर्व हुए विस चुनावों में जो कांग्रेस ने दस गारंटियों अब सूक्खू सरकार क्यों नहीं एक वर्ष में एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई है।



बैठक में पूर्व मंत्री एवं राज्य भाजपा के उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर एवं कुटलैहड़ भाजपा प्रभारी चरुर सिंह एवं कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की।

इस मौके पर राज्य एससी मोर्चा के सचिब सुरम सिंह,गुरु आद द्वारा बल्ह खालसा के प्रवन्धक बाबा कमल दास जी महाराज,जिला भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष कैप्टन सुभाष चंद, एससी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सोमनाथ, बीडीसी अध्यक्ष देवराज देवू, महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, जगदीश, तरसेम आदि मौजूद रहे।

## पीएम के अलावा विपक्षी नेता की बात नहीं सुनना चाहती जनता

**गगरेट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साल के अंतिम दिन प्रसारित हुए मन की बात कार्यक्रम को उपमंडल गगरेट के कलोह गांव में बड़ी स्क्रीन लगाकर लोगों ने सामूहिक रूप में सुना। इस दौरान भाजपा नेता विश्वजीत सिंह पटियाल भी उपस्थित रहे और बूथ नंबर 71 व 72 के तमाम भाजपा पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। भाजपा नेता विश्वजीत सिंह पटियाल ने कहा कि आज के दौर में देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा किसी विपक्षी नेता की न तो बात पर विश्वास करती है और न ही उनकी बात सुनना चाहती है। जनता को भरोसा है कि प्रधानमंत्री जो कहते हैं उसे पूरा करके भी दिखाते हैं। वह महज राजनीति करने के लिए ही बयानबाजी नहीं करते।

## अयोध्या में 500 साल बाद लिखा जा रहा स्वर्णिम इतिहास

**गगरेट।** चिंतपूर्णी व गगरेट का तीन बार प्रतिनिधित्व कर चुके पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य राकेश कालिया ने कहा कि अयोध्या में 500 साल बाद भव्य श्रीराम मंदिर को लेकर जो स्वर्णिम इतिहास लिखा जा रहा है, उसका साक्षी बनने वाले सौभाग्यशाली हैं। उन्होंने कहा कि बेशक विध्वंसक बाबर ने हिंदू मंदिरों का तहस-नहस किया, लेकिन सनातन धर्म इतना विशाल है कि आज हर हिंदू भगवान श्रीराम की नगर अयोध्या को दोबारा बसता देख उत्साहित है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सिर्फ अयोध्या नगरी ही राममय नहीं होगी, बल्कि पूरा देश उस दिन दीपावली मनाएगा। यहां आयोजित पत्रकारवार्ता में राकेश कालिया ने कहा कि रामायण सिर्फ एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि एक व्यक्ति का आदर्श जीवन कैसा होना चाहिए, ये उसका बोध करवाता है।



मुबारिकपुर। मुबारिकपुर पंचायत घर में रविवार को भारत संकल्प विकसित यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान श्रेष्ठा देवी की अगुआई में सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने रथयात्रा पर पुष्प वर्षा कर प्रधानमंत्री के चित्र को ज्योति प्रज्वलित कर उनकी दीर्घ आयु की कामना की। इस मौके पर मेरी कहानी मेरी जवानी के तहत लाभार्थियों ने सरकार द्वारा मिली योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने केंद्र की चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति अवगत करवाया। इस अवसर पर सांसद मोबाइल वैन के जरिए पहुंची स्वास्थ्य टीम ने लोगों को जांच के बाद निशुल्क दवाइयां वितरित कीं।



बंगाणा। आज रेड रिबन क्लब अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंगाणा के तत्वावधान में मासिक एड्स जागरूकता कार्यक्रम का कैंडल लाइट के साथ समापन किया गया। इस अवसर रेड क्रॉस सोसायटी के नोडल ऑफिसर प्रो. किरण कुमारी ने कहा कि जिला एड्स प्रोग्राम अधिकारी व रेड रिब्बन सोसायटी के निर्देशानुसार पूरे दिसंबर माह में जनमानस को जागरूक करने के लिए विभिन्न तरह कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं, महाविद्यालय अयोजित करवाई गई।

## जिला प्रशासन ऊना -वर्ष 2023 का रिपोर्ट कार्ड

# मुख्य योजनाओं-प्रमुख परियोजनाओं को गति देने का किया प्रयास

अनंत ज्ञान, ऊना।

**उपायुक्त** राघव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 में जिला प्रशासन ऊना द्वारा राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुसार प्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं और जिले के प्रमुख परियोजनाओं को गति देने का प्रयास किया है।

राघव शर्मा ने बताया कि 1,923 करोड़ की लागत से बन रहे हिमाचल प्रदेश के सबसे महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट बल्क ड्रग पाक का कार्य वर्ष 2023 में आरंभ किया गया। उन्होंने बताया कि बल्क ड्रग पार्क हेतू जल आपूर्ति के लिए 31 करोड़ की लागत से बन रही स्कीम का कार्य युद्धस्तर स्तर पर किया जा रहा है। बल्क ड्रग पार्क के लिए 42 करोड़ से बन रही सड़क के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू किया गया है और 10 एमवीए लोड के लिए बिजली आपूर्ति की स्कीम का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बल्क ड्रग पार्क प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन से जिला और प्रदेश के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 20 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इस दिशा में वर्ष 2023 मील का पत्थर साबित होगा।

## चिंतपूर्णी मंदिर प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल सुविधा देने वाला पहला मंदिर

**उपायुक्त** ने बताया कि वर्ष 2023 में माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर वृद्ध, दिव्यांग, बीमार एवं अन्य श्रद्धालुओं के लिए देश के बड़े मंदिरों की तर्ज पर सुगम दर्शन प्रणाली लागू करने वाला पहला मंदिर बना। इस प्रणाली के माध्यम से 90 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने सुगम रूप से दर्शन किए और मंदिर को 1.25 करोड़ की अतिरिक्त आय हुई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में चिंतपूर्णी मंदिर प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल सुविधा देने वाला पहला मंदिर बना है। राघव शर्मा ने बताया कि ऑगमेंटेड रियलिटी और वर्चुअल रियलिटी टेक्नोलॉजी पर आधारित हिमाचल प्रदेश के पहले आधुनिक म्यूजियम 'माता श्री चिंतपूर्णी म्यूजियम' का खाका वर्ष 2023 में तैयार किया गया और इसका कार्य प्रधानमंत्री संग्रहालय का निर्माण कर चुकी प्रतिष्ठित कंपनी पवेलियन एवं इंटीरियर्स को आवंटित किया गया है। यह म्यूजियम वर्ष 2024 के अंत तक बनकर तैयार होगा।

## आने वाले वर्ष में ऊना राज्य का अग्रिम हरित जिला बन कर उभरेगा

**वर्ष** 2023 में हिमाचल को हरित राज्य बनाने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम ऊना में उठाए हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ऊना द्वारा रिकॉर्ड समय में 163.49 हेक्टेयर भूमि सोलर पॉवर प्रोजेक्ट्स के लिए चिन्हित और हस्तांतरित की गई है जिस पर 67 मेगावॉट प्रोजेक्ट्स का कार्य शुरू हो चुका है। वर्ष 2023 में प्रदेश के पहले बड़े सोलर पॉवर प्रोजेक्ट का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने ऊना के पेखुबेला में किया है, जो कि 220 करोड़ की लागत से बन रहा है और 32 मेगावॉट ऊर्जा उत्पन्न करेगा। आने वाले वर्ष में ऊना राज्य का अग्रिम हरित जिला बन कर उभरेगा। राघव शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन ने वर्ष 2023 में राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण दौलतपुर-तलवाडा रेलवे लाइन के 6.135 किलोमीटर के दौलतपुर-मंदवाडा सेक्शन का भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा किया और 283 करोड़ की लागत से रेलवे लाइन का कार्य शुरू किया गया है।

## पीजीआई सेटेलाइट सेंटर का कार्य आरंभ

**उन्होंने** बताया कि 303 करोड़ की लागत से बन रहे पीजीआई सेटेलाइट सेंटर का कार्य वर्ष 2023 में धरातल पर शुरू किया गया। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की राह में आ रहे एनवायर्नमेंटल क्लीयरेंस की बाधा को वर्ष 2023 में दूर किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी डे बोर्डिंग विद्यालय के लिए जिला प्रशासन ने रिकॉर्ड समय में पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 100 कनाल भूमि हस्तांतरित की। गगरेट और हरोली विधानसभा क्षेत्रों के लिए विद्यालय की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। राघव शर्मा ने बताया कि जिला में पहले ट्रैफिक पार्क और आधुनिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक के लिए हरोली विधानसभा क्षेत्र के रोड़ा में भूमि हस्तांतरित की गई और 3 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया।

## 21 हजार युवाओं और 32 हजार घरों तक नशे से बचाव के लिए पहुंचाया संदेश

**वर्ष** 2023 में जिला प्रशासन ऊना ने नशे की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश का पहला और एकमात्र डिमांड रिडक्शन केंद्रित सामुदायिक सहभागिता का अभियान शुरू किया। इस अभियान के अंतर्गत 21 हज़ार युवाओं और 32 हजार घरों तक नशे से बचाव के संदेश को पहुचाया जा चुका है। इस अभियान के क्रियाकलापों के लिए ज़िला ऊना को माननीय मुख्य मंत्री हिमाचल प्रदेश ने जून 2023 में सम्मानित भी किया। राघव शर्मा ने बताया कि पहली बार ज़िले के विभिन्न भागों में सौंदर्यीकरण के प्रोजैक्ट्स का खाका तैयार किया गया। ऊना शहर की ऐतिहासिक 84 पौड़ियों के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया गया। घालुवाल चौक का सौंदर्यीकरण किया गया। ज़िला के महत्त्वपूर्ण हरोली-रामपुर पुल के दोनों छोर पर जन सुविधाओं का निर्माण किया गया। मुबारिकपुर से भरवाई तक लाइटिंग एवं भित्ति-चित्रों के प्रोजेक्ट को स्वीकृत कर टेंडर अवार्ड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ज़िला ऊना में परित्यक्त वृद्धजनों के कल्याण के लिए मॉडल ओल्ड ऐज होम के 2 चरणों का निर्माण पूरा किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में नेशनल हाई-वे 503-ए के मंदली- लठियानी मिसिंग लिंक के 870.95 करोड़ के प्रोजेक्ट को स्वीकृति प्राप्त हुई। इस 8.153 किमी के प्रोजेक्ट में गोबिंदसागर झील के ऊपर एक पुल भी शामिल है। वर्ष 2023 में इस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण और वन विभाग की स्वीकृति का कार्य शुरू हो गया है।

### राजस्व अदालतों का आयोजन कर इंतकाल और तकसीम के लंबित मामल निपटाए

2023 में विशेष राजस्व अदालतों का आयोजन कर इंतकाल और तकसीम के लंबित मामलों का प्राथमिकता पर निपटारा किया गया। उन्होंने बताया कि एक जनवरी, 2022 को लंबित 3,841 तकसीम के मामलों में से 1,658 मामलों का निपटारा किया गया जो कि कुल लंबित मामलों का 43 प्रतिशत था। इसी प्रकार इंतकाल के कुल लंबित 24,767 मामलों में से 23,614 मामलों का निपटारा किया गया

### 392 ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों को 7.89 करोड़ का रियायती ऋण उपलब्ध कराया

2023 में 392 ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों को 7.89 करोड़ का रियायती ऋण उपलब्ध कराया। जिले के ग्रामीण ब्रांड 'सोमभद्रा' को अधिक सशक्त करने के लिए रैंसरी में साझा उत्पादन केंद्र स्थापित किया गया। 2023 में बैम्बू इंडिया और स्वां वीमेन फेडरेशन से घंडावल में निर्मित बैम्बू टूथब्रश मैन्यूफ़ैक्चरिंग प्लांट के संचालन हेतु करार किया गया। यह प्लांट वर्ष 2024 के प्रथम तिमाही में शुरू किया जाएगा।

### हज़ार एक सौ 90 लोगों को 12 लाख 50 हजार 351 रोजगार दिवस का दिया लाभ

**2023** में 31 हजार एक सौ 90 लोगों को 12 लाख 50 हजार 351 रोज़गार दिवस का लाभ दिया। मनरेगा के कार्यों पर 57 करोड़ का खर्च किया। 100 बेड के ईएसआईसी अस्पताल की सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त की और प्रोजेक्ट के लिए गोंदपुर बुल्लां में 1.97 हेक्टेयर भूमि चिन्हित एवं हस्तांतरित की गई। बाबा माई दास सदन, चिंतपूर्णी और नेशनल करियर सर्विस सेंटर, रामपुर में दो नई लाइब्रेरी की शुरुआत की गई है।

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099, ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com, फोन नंबर : 01892-299098, 98168-75517




## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचार पत्र अनंत ज्ञान द्वारा नव वर्ष 2024 के आगमन पर प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा करता हूं भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।



**नूतन प्रकाश ठाकुर**
वरिष्ठ संवाददाता, दैनिक अनंत ज्ञान, उपमंडल बालीचौकी
मोबाइल- 7018652743



























HAPPY NEW YEAR
2024
नववर्ष 2024 के आगमन पर समस्त हिमाचल प्रदेश
एवं सराज जनमानस को हार्दिक शुभकामनाएं
विजयपाल सिंह चौहान
चेयरमैन प्रदेश कांग्रेस विचार विभाग
सुखविंदर सिंह सुक्खू
माननीय मुख्यमंत्री हि.प्र.
HAPPY NEW YEAR
2024
मनीष शर्मा
ए क्लास सरकारी ठेकेदार
2024
HAPPY NEW YEAR
शिवा शर्मा
ए क्लास सरकारी ठेकेदार
राजेंद्र शर्मा
सचिव मंडी जिला कांग्रेस कमेटी
दिवान सिंह
पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत काउ
अमर ठाकुर
वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंडल कांग्रेस सराज
चंद्रमणी ठाकुर
पूर्व कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सराज
तेजा सिंह ठाकुर
महासचिव मंडल कांग्रेस
रोशन ठाकुर
सेवानिवृत्ति बैंक प्रबंधक
मदन लाल ठाकुर
महासचिव कांग्रेस पार्टी
चंद्रमणी ठाकुर
सेवानिवृत्ति प्राध्यापक
विकास दुग्गल
सराज कांग्रेस
मनमोहन (मंजू)
जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस मंडी
पपलेश राणा
महासचिव युवा कांग्रेस सराज
चंद्रेश
सचिव युवा कांग्रेस सराज
HAPPY NEW YEAR
2024
होशियार सिंह ठाकुर
सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य
नूतन प्रकाश ठाकुर
संवाददाता. दैनिक अनंत ज्ञान, उपमंडल बालीचौकी
मोबाइल- 7018652743
आभार
हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा नव वर्ष 2024 के आगमन पर प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा करता हूं भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।
अनिल शर्मा
ब्यूरो चीफ जिला मंडी, मो. 9418980288



# वनडे में साल 2023 टीम इंडिया के लिए बेस्ट, कई रिकॉर्ड ध्वस्त

एजेंसी, नई दिल्ली

**साल** 2023 में भारत ने अपने वनडे इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। टीम इंडिया इस कदर हावी रही कि उसका प्रदर्शन 2000 के दशक वाली ऑस्ट्रेलिया टीम की याद दिला गया। भारत ने इस साल खेले 35 वनडे में से 27 में जीत हासिल की, जो कि इतने ही मुकाबले खेलकर साल 2003 में ऑस्ट्रेलिया (30 जीत) के बाद सबसे ज्यादा है। इससे पहले वनडे में टीम इंडिया का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन साल 1998 में था, जहां उसने 24 वनडे मैच जीते थे। साल 2023 में भारत ने एक कैलेंडर ईयर में जीत का औसत अंतर, सबसे ज्यादा बार 200+ रन से जीत, सबसे बड़े स्कोर, सबसे ज्यादा शतक, सबसे ज्यादा छक्के, सबसे ज्यादा विकेट जैसे रिकॉर्ड्स बना दिए, जिन्हें कम होते वनडे मुकाबलों के बीच तोड़ना बहुत मुश्किल होगा।

### पहले बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 143 रन के औसत अंतर से जीते

- भारत ने साल 2023 में 14 मैच पहले बल्लेबाजी करते हुए जीते। इनमें उसका औसत जीत अंतर 143 रन रहा, जो वनडे इतिहास में सर्वाधिक है। अफ्रीका का जीत का औसत अंतर 137 रन रहा।
- साल 2003 में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 मैच 122 रन के औसत अंतर से जीते थे। 2007 की ऑस्ट्रेलिया टीम ने 12 मैच 105 रन के औसत अंतर से जीते।

### सबसे ज्यादा 350+ स्कोर बनाए, शतकों में अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी

- साल 2023 में 9 बार भारत का स्कोर 350+ के पार पहुंचा। यह किसी टीम के एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा 350+ स्कोर हैं। उसने साल 2019 में इंग्लैंड के 7 बार 350+ रन का रिकॉर्ड तोड़ा।
- टीम इंडिया की ओर से इस साल 19 शतक लगे। साल 2017 के अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी की। कोहली वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक लगाकर दुनिया में 50 वनडे शतक वाले पहले बल्लेबाज बने।

### सर्वाधिक विकेट के अपने रिकॉर्ड तोड़े, सबसे ज्यादा 5 विकेट हॉल

**भारत** ने इस साल 289 विकेट लेकर साल 1998 में 286 विकेट लेने का अपना रिकॉर्ड ही तोड़ दिया। इस साल हर 27.4वीं गेंद पर विकेट चटकाया, जो किसी टीम के लिए एक कैलेंडर ईयर में बेस्ट स्ट्राइक रेट है।
**भारतीय** टीम ने इस साल आठ बार पारी में पांच विकेट भी लिए। इससे पाकिस्तान (1990), ऑस्ट्रेलिया (2004) और श्रीलंका (2008) के 6-6 फाइव विकेट हॉल के पुराने रिकॉर्ड टूट गए।

### पहली बार किसी टीम के 250 छक्के, रोहित शर्मा बने रिकॉर्ड ब्रेकर

- **टीम** इंडिया इस साल वनडे इतिहास के किसी साल में 250 छक्के जमाने वाली पहली टीम बन गई। अफ्रीका ने 225 छक्के लगाकर रिकॉर्ड टैली में दूसरा स्थान हथिया लिया। दोनों टीमों ने विंडीज के साल 2019 में लगे 209 छक्कों का रिकॉर्ड एक साथ तोड़ दिया।
- **भारत** के कप्तान रोहित शर्मा ने इन 250 में से 67 छक्के जड़े। यह किसी बल्लेबाज द्वारा एक कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक है। रोहित ने एबी डिविलियर्स (58 छक्के, साल 2015) का रिकॉर्ड तोड़ा।

## न्यूज ब्रीफ

### न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 17 रन से हराया टी-20 शृंखला एक-एक से बराबर रही

**माउंट मोनगानुई।** मिशेल सैंटनर और जिम्मी नीशाम के बीच 46 रन की साझेदारी से न्यूजीलैंड ने रविवार को तीसरे ट्वेंटी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस पद्धति से 17 रन से हरा दिया। इससे बांग्लादेश की न्यूजीलैंड में पहली शृंखला जीतने की उम्मीद टूट गई और तीन मैचों की शृंखला 1-1 से बराबर रही। बांग्लादेश की पूरी टीम 19.2 ओवर में 110 रन पर सिमट गई थी। कप्तान नजमुल शांटो 17 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। केवल पांच बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए थे। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड का शीर्ष क्रम फिर चरमरा गया और नौवें ओवर में टीम का स्कोर पांच विकेट पर 49 रन था, पर नीशाम (नाबाद 28 रन) और सैंटनर (नाबाद 18 रन) ने मिलकर 15वें ओवर तक न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 95 रन के स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद बारिश आ गई और मैच खत्म हो गया। न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 14.4 ओवर में 79 रन चाहिए थे और टीम इस स्कोर से आगे थी। बांग्लादेश ने पहला मैच पांच विकेट से जीता था, जबकि दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। बांग्लादेश ने भले ही तीन मैचों की वनडे शृंखला गंवा दी और टी-20 शृंखला में बराबरी हासिल की, पर उसने न्यूजीलैंड में दोनों ही प्रारूपों में अपनी पहली जीत हासिल की।



### अनहत ने स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में अंडर-19 बालिका खिताब जीता

**नई दिल्ली।** भारत की प्रतिभाशाली युवा अनहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत एडिनबर्ग में हुए 2023 स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में बालिका अंडर-19 खिताब अपने नाम किया। अनहत ने शनिवार को फाइनल में घरेलू प्रबल दावेदार रोबिन मैकअल्पाइन पर 11-6, 11-1, 11-5 से जीत हासिल की। दिल्ली की इस खिलाड़ी के लिए यह शानदार वर्ष रहा, जिसमें उन्होंने अंडर-19 और सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का दोहरा खिताब जीता तथा एशियाई खेलों और शुरुआती एशियाई मिश्रित युगल चैंपियनशिप दोनों में अभय सिंह के साथ मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीता। भारत के सुभाशीष चौधरी ने लड़कों के अंडर-15 फाइनल में हमवतन शिवेन अग्रवाल को 5-11, 11-4, 6-11, 11-8, 11-5 से मात दी, जबकि श्रेष्ठ अय्यर ने लड़कों के अंडर-13 फाइनल में श्रेयांश जाह को 11-8, 11-8, 3-11, 11-8 से पराजित किया। शीर्ष वरीय भारतीय आद्या बुधिया ने बालिका अंडर-13 फाइनल और शीर्ष वरीय प्रभव बजोरिया ने लड़कों के अंडर-11 फाइनल में जीत हासिल की। दिव्यांशी जैन अंडर-11 वर्ग में उप विजेता रहीं।

# केपटाउन में होगी भारतीय तेज गेंदबाजों की असली परीक्षा

## शुरुआती टेस्ट के दौरान गेंदबाजी पर बोले दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट एले डोनाल्ड

एजेंसी, केपटाउन

**महान** क्रिकेटर एलेन डोनाल्ड का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के दौरान गेंदबाजी के लिए अच्छी पिच पर भारतीय तेज गेंदबाज संयमित नहीं थे और न्यूलैंड्स में बल्लेबाजों के मुफीद पिच पर उन्हें इसकी काफी ज्यादा जरूरत होगी, जिस पर स्पिनरों की भूमिका नहीं के बराबर होगी। भारत को सेंचुरियन की पिच पर पहले टेस्ट में पारी और 32 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिस पर तेज उछाल और काफी 'लेटरल मूवमेंट' था।

अपनी पीढ़ी के खतरनाक तेज गेंदबाजों में शुमार डोनाल्ड ने पीटीआई से कहा कि मैं जानता हूं कि दक्षिण अफ्रीका ने शायद परिस्थितियों को बेहतर तरीके से पढ़ा, इसमें कोई शक नहीं है। उन्होंने गेंद पांच या 5.5 मीटर तक पिच की और पिच को अपना काम करने दिया।

उन्होंने कहा कि लेकिन उन्होंने एक चीज भारत से बेहतर की, वे इस चीज में काफी संयमित रहे और उन्होंने दूसरी पारी में शॉर्ट गेंद का थोड़ा अधिक इस्तेमाल किया।

डोनाल्ड ने महज 72 टेस्ट में 330 विकेट चटकाए हैं और उन्हें लगता है कि भारतीय गेंदबाज



चीजें होने का इंतजार कर रहे थे।


उन्होंने कहा कि भारत के लिए एक खिलाड़ी (प्रसिद्ध कृष्णा) ने पदार्पण किया था। मुझे लगा कि (जसप्रीत) बुमराह, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने काफी ज्यादा चीजें होने दीं। वे काफी जल्दी शॉर्ट गेंद डालने लगे और फिर अपनी लेंथ गंवा बैठे, जिससे दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने फायदा उठाया।

उन्होंने कहा कि केपटाउन में काफी मुश्किल होगी, दोनों टीमें काफी ऊर्जा से भरी होंगी। केपटाउन में दोनों टीमों के आक्रमण की परीक्षा होगी। केपटाउन की पिच सेंचुरियन से ज्यादा मुश्किल कैसे होगी? इस पर उन्होंने कहा कि आपको केपटाउन में ज्यादा रचनात्मक होना होगा, क्योंकि विकेट काफी ज्यादा सपाट है और भागीदारियां बढ़ेंगी, जिससे यह काफी मुश्किल टेस्ट होगा। डोनाल्ड ने कहा कि अगर भारत को बराबरी हासिल करने का मौका तलाशना है, तो उन्हें नई गेंद का समझदारी से इस्तेमाल करना होगा। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा जोर नई गेंद पर होगा, क्योंकि पारंपरिक रूप से अगर न्यूलैंड्स में दक्षिण पश्चिम की हवा बहेगी तो इससे पिच सूख जाएगी। मुझे नहीं लगता कि पिच टर्न होगी।

और यह आकलन भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए अच्छी खबर नहीं है, जिनके बेंच पर रहने की उम्मीद है। डोनाल्ड ने कहा कि हो सकता है बाद में स्पिनरों के लिए पिच थोड़ी मददगार हो जाए, लेकिन ऐसा नहीं होने वाला। भारत स्पिनरों को नहीं उतारेगा, लेकिन पहली पारी की गेंदबाजी से आपको फायदा मिल सकता है। अगर आप नई गेंद को थोड़ा ज्यादा पिच करें और पहले 25 से 30 ओवर तक स्विंग करने की कोशिश करें तो ऐसा हो सकता है।

### टेस्ट क्रिकेट में बहुत आक्रामक खेल रहे हैं गिल : गावस्कर

**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने शुभमन गिल से टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी करते हुए अपनी आक्रामकता पर लगाम लगाने की बात कही। गिल सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे थे, जिसमें भारत को पारी और 32 रन से करारी हार मिली थी। गिल ने सुपरस्पोर्ट पार्क में दो और 26 रन बनाए थे, जिसमें वह पहली पारी में तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर और दूसरी पारी में मार्को यानसेन का शिकार हो गए थे। गावस्कर ने गिल से सफेद गेंद की तुलना में टेस्ट क्रिकेट की जरूरतों को ध्यान में रखने की सलाह दी। गावस्कर ने 'स्टार स्पोर्ट्स' पर कहा कि मुझे लगता है कि वह टेस्ट क्रिकेट में कुछ ज्यादा ही आक्रामकता से खेल रहा है। जब आप टेस्ट क्रिकेट में खेलते हो तो टी-20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे की तुलना में इसमें थोड़ा अंतर होता है। उन्होंने कहा कि लाल गेंद हवा में और पिच के बाहर भी सफेद गेंद की तुलना में कुछ ज्यादा ही घूमती है। यह थोड़ा अधिक उछाल लेती है। उसे यह ध्यान में रखना चाहिए। गिल ने सीमित ओवर के प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन वह 2023 में खेल के पारपंरिक प्रारूप में 10 पारियों में एक ही 50 रन से ज्यादा का स्कोर और मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक शतक ही जड़ पाए हैं। गावस्कर ने उम्मीद जताई कि गिल जल्द ही लय हासिल कर लेंगे।



### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्षेत्ररक्षण काफी खराब था : अमोल मजूमदार

**मुंबई।** भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में क्षेत्ररक्षण काफी लचर रहा और इस विभाग में सुधार के लिए काम जारी है। भारतीय महिला टीम को इससे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार नौवीं शृंखला में हार का सामना करना पड़ा। भारत ने शनिवार को यहां क्षेत्ररक्षण में कई गलतियां की और सात कैच छोड़े। इसके बाद बल्लेबाजों के जूझने से टीम को तीन रन से हारकर शृंखला गंवानी पड़ी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत में कभी भी वनडे शृंखला नहीं गंवाई है। मजूमदार ने वानखेड़े स्टेडियम में मीडिया से कहा कि हम क्षेत्ररक्षण मजबूत करने की प्रक्रिया में हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारा क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं था। उन्होंने कहा कि हमने करीब छह कैच छोड़े। खेल में यह हमेशा होता है, यहां तक कि प्रतिद्वंद्वी टीम ने भी कुछ कैच छोड़े, लेकिन हम अब भी इस पर काम कर रहे हैं। अगर हमें इस शृंखला के बाद समय मिलता है, तो हम क्षेत्ररक्षण और फिटनेस सुधारने में काफी समय देंगे।

### शृंखला जीतने के बावजूद हीली की योजना टर्निंग पिच के लिए तैयारी करने पर

**मुंबई।** भारत ने अपनी स्पिनर दीप्ति शर्मा के 10 ओवर में 38 रन देकर पांच विकेट झटकने के प्रदर्शन से लगाम कसी, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम आठ विकेट पर 258 रन बनाने में सफल रही। अगर घरेलू टीम ने सात कैच नहीं छोड़े होते तो चीजें अलग हो सकती थीं। हीली ने कहा कि अगर तीसरे और अंतिम वनडे में भी टर्निंग पिच होगी तो उन्हें रन बनाने के और विकल्पों पर विचार करना होगा। हीली ने कहा कि हम शायद इसके लिए तैयार नहीं थे कि पिच पर कितना टर्न होगा। उन्होंने कहा कि मैच से पहले हमने इसके बारे में बात की थी कि शायद थोड़ा टर्न होगा, लेकिन अब इसके बारे में बात करने की जरूरत है कि क्या वे तीसरे मैच में भी इसी तरह की पिच तैयार करेंगे। हीली ने कहा कि हमें शायद कुछ और रन बनाने के क्षेत्र देखने होंगे। तीसरा वनडे दो जनवरी को वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

## देश-विदेश

### आतंकवादियों को दी थी शरण, आरोपी का घर और वाहन किए कुर्क

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार को आतंकवादियों की मदद के आरोप में एक आवासीय घर और वाहन को कुर्क कर लिया है। पुलिस ने बारामूला में 25 यूए (पी) अधिनियम की धाराओं के तहत एक आवासीय घर और वाहन (स्विफ्ट कार) को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार, पुलिस स्टेशन क्रेरी में दर्ज मामले में फारुख अहमद भट्ट पुत्र स्वर्गीय गुलाम मोहम्मद निवासी वानिगाम पाईन के एक आवासीय घर को कुर्क कर लिया गया। आरोप है कि यह घर का उपयोग आतंकवादियों को शरण देने के लिए किया गया था।

### प्रशासन की अनदेखी से खंडहर बनी सरकारी रिहायशी कॉलोनी 'उच्चा थड़ा'

**शाहपुरकंडी।** बांध प्रशासन की ओर से करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई रणजीत सागर बांध परियोजना की रिहायशी कॉलोनी 'उच्चा थड़ा' खंडहर बन चुकी है। लोग इन सरकारी मकानों की खिड़कियां दरवाजे तक उखाड़ कर ले जा चुके हैं। बांध प्रशासन ने अब इसे अनसेफ घोषित कर दिया है। तीन राज्यों की सीमा पर सैकड़ों की संख्या में खाली पड़े यह टूटे-फूटे सरकारी मकान सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरनाक हैं। क्योंकि कोई भी देश विरोधी व्यक्ति यहां चोरी छिपके रहकर देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे सकता है। इस संबंध में कॉलोनी निवासी सूर्य प्रताप सिंह, रवि शर्मा, खान मनीष बंटू, वंश तनबाल, डॉक्टर विकी, बानु प्रताप और कालू शर्मा सहित अन्य लोगों ने बांध प्रशासन के खिलाफ रोष किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन या तो इस कॉलोनी को पूरी तरह डिस्मेंटल करके यहां बच्चों को खेलने किए के लिए कोई पार्क या मैदान का निर्माण करवाए या इसी जगह पर नई कॉलोनी बनाकर लोगों को आसान किस्तों पर स्थायी तौर पर पटे पर उपलब्ध करवाए।

### रंजीत सागर डैम के कच्चे कर्मियों ने किया पंजाब सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन




**शाहपुरकंडी।** रंजीत सागर बांध परियोजना के पावर हाउस में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर पंजाब सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। यूनियन के प्रदेश महासचिव हरजीत सिंह ढडवाल ने बताया कि पिछली सरकारों ने कच्चे कर्मचारियों का जमकर शोषण किया था, जिसके फलस्वरूप ही पंजाब के लोगों ने पंजाब में बदलाव के नाम पर आई आम आदमी पार्टी को भारी बहुमत से सता पर बिठाया, लेकिन सरकार हर बार उन्हें पक्का करने का वादा करती है, मगर आज तक पक्का नहीं किया। इस मौके पर भाग सिंह, पंकज कुमार, योगेश कुमार, सुशील, मुनीश, विशाल, राघव सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

# पांच जहाजों के साथ लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8 आई विमान तैनात

एजेंसी, नई दिल्ली

**पिछले** कुछ हफ्तों में लाल सागर, अदन की खाड़ी और मध्य-उत्तरी अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों के साथ हुई घटनाओं को देखते हुए भारतीय नौसेना ने निगरानी बढ़ा दी है। भारतीय नौसेना ने लाल सागर से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा के लिए विभिन्न क्षेत्रों में पांच जहाज तैनात किए हैं। इसके अलावा लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8आई विमानों को नियमित रूप से तैनात किया गया है।

### लाल सागर में 23 दिसंबर को हुआ था हमला



**लाल सागर, उत्तर-मध्य अरब सागर और अदन की खाड़ी में बढ़ाई निगरानी**

लाल सागर में लाइबेरियन फ्लैग केमिकल, ऑयल टैंकर एमवी केम प्लूटो पर 23 दिसंबर को हमला हुआ था, जिसे भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने बचाया। इसके बाद जहाज को आईसीजी के जहाज आईसीजीएस विक्रम की निगरानी में 21 भारतीय और 01 वियतनामी चालक दल के साथ 25 दिसंबर को मुंबई लाया गया। साथ ही क्षेत्र में जागरूकता बनाए रखने के लिए लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8आई विमानों को नियमित रूप से तैनात किया है। पश्चिमी नौसेना कमान का समुद्री संचालन केंद्र तटरक्षक बल और सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर सक्रिय रूप से स्थिति की निगरानी कर रहा है।

# नेपाली लोगों को रूस भेजने पर मानव तस्करी के चीनी गिरोह का पर्दाफाश

एजेंसी, काठमांडू

**नेपाल** सरकार के प्रतिबंध के बावजूद राजधानी काठमांडू में मानव तस्करी के गोरखधंधे का खुलासा हुआ है। यह धंधा कुछ चीनी नागरिकों के जरिए चलाया जा रहा है। नेपाली युवाओं को रूस भेजने के नाम पर बाकायदा उनका फिजिकल टेस्ट लिया जा रहा है।

राजधानी काठमांडू के सिनामंगल क्षेत्र में फिजिकल टेस्ट देने वाले युवाओं की भारी भीड़ देखी जा सकती है। पंक्तिबद्ध होकर करीब पांच हजार युवा अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। यहां 'सिनोपेक इंजीनियरिंग ग्रुप रसिया' लिखा हुआ बैनर टंगा है, लेकिन भीतर परीक्षा लेने वाले पांच चीनी नागरिक हैं। मुख्य द्वार के सुरक्षा गार्ड ने बताया कि रूस की किसी कंपनी के माध्यम से नेपाली युवाओं को सिक्योरिटी गार्ड के रूप में भर्ती किया जा रहा है। हाथ में कुछ कागज, शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पत्र हेल्थ सर्टिफिकेट लेकर पंक्तिबद्ध खड़े युवाओं की उम्र 18 से 30 वर्ष बीच दिख रही थी। इनमें अधिकतर युवा 25 से कम उम्र के थे। इस चीनी कंपनी के नेपाली प्रतिनिधि ने बताया कि तीन सौ कामगारों की आवश्यकता थी, जिसके लिए दस हजार लोगों ने फार्म भरा है।

### हराई से जांच की जाएगी : नेपाल गृह मंत्रालय

इस मामले में नेपाल गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के प्रवक्ताओं ने कहा कि किसी भी कंपनी को रूस में कामगारों को भेजने की अनुमति नहीं दी गई है। विदेश मंत्री के प्रवक्ता अमृत राई ने कहा कि यदि यह अवैध रूप से किया जा रहा है तो यह मानव तस्करी की श्रेणी में आएगा। गृह मंत्रालय से समन्वय कर इस मामले की जांच की जाएगी।

## नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड से दो राज्यों की झांकियां हटाने पर रक्षा मंत्रालय ने दिया स्पष्टीकरण

# पंजाब और पश्चिम बंगाल की झांकियां परेड की थीम अनुसार नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस परेड में शामिल न होने वाली झांकियों को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। वहीं रक्षा मंत्रालय ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि दोनों राज्यों की झांकियों को तय प्रक्रिया के अनुसार ही हटाया गया है। मंत्रालय के नोटिस में कहा गया कि इस बार दोनों की झांकियां परेड की थीम अनुसार नहीं थी।

सूत्रों का कहना है कि रक्षा मंत्रालय ने पंजाब के मुख्यमंत्री के आरोपों का खंडन किया है और बताया कि पंजाब और दिल्ली ने भारत सरकार के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें कहा गया है कि 26 जनवरी, 2024 से शुरू होने वाले तीन सालों में दिल्ली या पंजाब एक आरडीसी में राज्य की झांकी प्रदर्शित करने पर सहमति व्यक्त की है। सूत्रों ने यह भी बताया कि इस साल पंजाब की झांकियों का चयन नहीं किए जाने के आरोप बेबुनियाद हैं। सूत्रों ने बताया कि कुछ सालों के दौरान पंजाब की झांकी को साल 2017 से 2022 (पिछले 8 वर्षों में 6 बार) और पश्चिम बंगाल की झांकी को साल 2016, 2017, 2019, 2021, 2023 के लिए विशेषज्ञ समिति द्वारा इसी प्रक्रिया से झांकी को गणतंत्र दिवस परेड के लिए शॉर्टलिस्ट किया जा चुका है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि विशेषज्ञ समिति की बैठक के पहले तीन दौर में पंजाब की झांकी के प्रस्ताव पर विचार किया गया था। परेड के व्यापक विषयों के अनुरूप न होने के कारण पंजाब की झांकी पर विचार नहीं किया गया। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की झांकी के प्रस्ताव पर विशेषज्ञ समिति ने दो दौर की बैठक में विचार किया गया। यह झांकी भी थीम के अनुरूप नहीं होने के कारण शामिल नहीं की गई।



### पंजाब की झांकी इस कारण नहीं चुनी

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि विशेषज्ञ समिति की बैठक के पहले तीन दौर में पंजाब की झांकी के प्रस्ताव पर विचार किया गया था। तीसरे दौर की बैठक के बाद पंजाब की झांकी पर विचार नहीं हुआ। इसमें कहा गया कि इस बार की परेड के व्यापक विषयों के अनुरूप न होने पर झांकी पर आगे विचार नहीं किया गया।

### पश्चिम बंगाल की झांकी पर इस कारण विचार नहीं

वहीं, पश्चिम बंगाल की झांकी के प्रस्ताव पर विशेषज्ञ समिति की पहले दो दौर की बैठक में विचार किया गया। दूसरे दौर की बैठक के बाद पश्चिम बंगाल की झांकी पर विचार नहीं किया गया। ये भी इस बार के थीम के अनुरूप नहीं पाई गई।

